www.anantgyaan.in

सूर्योदय 6:52 सूर्यास्त 6:16

| आज का तापमान | | |
|---|---|---|
| शिमला | 1.4 न्यू | 12.02 अधि |
| धर्मशाला | 5.02 न्यू | 16.05 अधि |

| बाजार | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73158.24 |
| निफ्टी | 22217.50 |
| सोना 62,730 | चांदी 72,245 |

# अनंत ज्ञान
करे हर सीमा पार

धर्मशाला | शुक्रवार, 23 फरवरी 2024 | 11 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 66 कुल पृष्ठ 14 मूल्य : 5 रुपए



टीम इंडिया की नजरें सीरीज जीतने पर ... पेज 5



अत्यन्त दुःखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारी प्रिय

## प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री
(1968-2024)

अपनी सांसारिक यात्रा पूरी कर दिनांक 09 फरवरी 2024 को पंचतत्व में विलीन हो गई हैं।
दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए

## श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा

दिनांक 24 फरवरी दोपहर 12-00 बजे
नज़दीक राधा स्वामी सतसंग भवन गोंदपुर जयचंद, तहसील हरोली, जिला ऊना

दुःखी हृदय

**मुकेश अग्निहोत्री**
(उप मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश)

**डा. आस्था अग्निहोत्री**
एवं समस्त परिवार

98161-50001

# अनसेफ दुकानों में मासूम जिंदगियों से खिलवाड़, नगर परिषद और प्रशासन नहीं ले रहा सुध

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

सरकाघाट मेन बाजार में दशकों पूर्व नगर परिषद द्वारा बनाई गई दो दर्जन जर्जर असुरक्षित दुकाने कभी भी कई मासूम लोगों की जिंदगियों को लील कर सकती है। बावजूद इसकी प्रशासन न तो आज तक भवन को डिस्मेंटल कर सका और न ही दुकानदारों से दुकानों को खाली करवा सका। असुरक्षित भवनों में दुकानदार कब्जा जमाए बैठे है और कारोबार धड़ल्ले से जारी है।

गौरतलब है नगर परिषद द्वारा बनाए गए दो मंजिला शॉपिंग कांप्लेक्स की 24 दुकानें पूर्णतया जर्जर हो चुकी है, डीसी मंडी की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा इन दुकानों को असुरक्षित घोषित गया है।

नगर परिषद द्वारा पिछले डेढ़ वर्ष से दुकानदारों से किराया भी नहीं लिया गया, इन दुकानों से करीब तीस चालीस हजार रुपए महीने का किराया मिलता था परंतु परिषद द्वारा बाकायदा प्रस्ताव पारित किया है की अगर इन दुकानों में कोई भी हादसा होता है तो इसका जिम्मेदार यह दुकानदार होंगे। इसी कारण किराया लेना बंद किया गया है जिस कारण सरकार व नगर परिषद को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)


जर्जर हुई दुकानों में काम कर रहे व्यापारी

## गिर रहे कभी ईंट तो कभी कंक्रीट के टुकड़े

**इन** दुकानों से कभी ईंटें तो कभी सीमेंट के टुकड़े गिर रहे हैं कई बार लोग इसकी चपेट में आने से भी बचे लेकिन इसकी परवाह किए बगैर यहां कारोबारी डटे हुए हैं।

## जमीन पीडब्ल्यूडी की दुकानें नगर परिषद की

**जिस** जमीन पर यह दुकानें बनाई गई है यह जमीन लोक निर्माण विभाग की है जब इन दुकानों को बनाया गया था तो नगर परिषद द्वारा विभाग से यह जमीन अपने नाम नहीं करवाई गई थी। दुकानें खाली करवाने को लेकर या समस्या भी आड़े आ रही है

## यहां बनना था भव्य शॉपिंग कांप्लेक्स

**दुकानों** को डिस्मेंटल कर शहर के बीचों बीच चार मंजिला भव्य शॉपिंग कांप्लेक्स बनाया जाना है। जिसके धरातल पर पार्किंग के अलावा दो मंजिला दुकानें और चौथी मंजिल में नगर परिषद कार्यालय सहित दो कॉन्फ्रेंस हॉल की सुविधा उपलब्ध होनी थी इसके लिए बाकायदा नगर परिषद ने डीपीआर और ड्राइंग पास करवा ली हैं।

जमीन नगर परिषद के नाम करने को लेकर प्रधान सचिव लोक निर्माण विभाग से अनुमति मांगी गई है अनुमति मिलते ही तमाम दुकानें डिस्मेंटल कर दी जाएगी।
**-स्वाति डोगरा, नगर परिषद कार्यकारी ईओ और एसडीएम सरकाघाट।**

**जिलाधीश** के निरीक्षण के बाद इस भवन को असुरक्षित घोषित किया गया है। इसकी तमाम डिटेल रिपोर्ट सचिव लोक निर्माण विभाग और अर्बन डेवलपमेंट विभाग को भेज दी गई है भवन जर्जर हो चुका है कभी भी हादसा हो सकता है मंजूरी मिलते हैं इसे गिरा दिया जाएगा।
**-चुन्नीलाल शर्मा,लोक निर्माण विभाग सरकाघाट अधिशाषी अभियंता।**

इन सभी दुकानदारों को दो-दो बार नोटिस दिए जा चुके हैं अब जल्द ही इन्हे तीसरा नोटिस दिया जाएगा और इनसे इन दुकानों को जल्द खाली करवाया जाएगा और इस जमीन को नगर परिषद के नाम करने के लिए लोक निर्माण विभाग के साथ पत्राचार चला हुआ है भूमि नगर परिषद के नाम होते ही यहां पर बहुमंजिला शॉपिंग कांप्लेक्स बनाया जाएगा। **-कश्मीर सिंह,अध्यक्ष, नगर परिषद।**

## न्यूज ब्रीफ

### पड्डल में शिवरात्रि फुटबॉल प्रतियोगिता 25 से

**मंडी।** ऐतिहासिक पड्डल मैदान में 25 से 27 फरवरी तक शिवरात्रि फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष लीला विलास ने बताया कि प्रतियोगिता में महिला फुटबॉल का एक मैच भी होगा। खेलो इंडिया के कोच कमल किशोर ने बताया कि 25 बेटियां इस खेल में उतर चुकी है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने की इच्छुक टीमें फुटबॉल संघ के अधिकारी जगदीश राजा वह प्रवीण शर्मा से संपर्क कर सकते हैं।

### युवक ने बनाया एचआरटीसी बस का मॉडल



**करसोग।** सुंदरनगर में एक निजी आई टीआई से इलेक्ट्रिक ट्रेड में पढ़ाई कर रहे है करसोग के पांगना जाच्छ के छात्र मुकेश चौहान ने एचआरटीसी बस का एक मॉडल एक महीने के समय में बनाया है। यह बस करसोग डिपो की एचपी 30 5146 भूपू वर्मा चालक से प्रेरित होकर इन्होंने इसका डिजाइन तैयार किया है।

### शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के चुनाव 25 को

**सरकाघाट।** राजकीय शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ हिमाचल प्रदेश के महासचिव वीर सिंह ठाकुर ने चुनाव की अधिसूचना जारी की। राजकीय शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ हिमाचल प्रदेश का चुनाव 25 फरवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कंदरौर जिला बिलासपुर में होना निश्चित हुआ है। चुनावी प्रक्रिया सहायक निदेशक खेल प्रारंभिक शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश ललिता नेगी की अध्यक्षता में होगी।

### सात वर्षीय छात्रा स्कूल से लापता, केस दर्ज

**करसोग।** थाना प्रभारी करसोग मोहन जोशी ने बताया है कि छात्रा दूसरी कक्षा में प्राथमिक पाठशाला मांजु में पड़ती है। छात्रा की माता मीनाक्षी देवी ने बताया कि कुछ समय पहले ज्योत्सना ठाकुर के स्कूल से लापता होने की सूचना स्कूल के अधयापक से मिली, जिसकी प्राथमिकी थाना करसोग दर्ज करवा दी गई है। थाना प्रभारी मोहन जोशी ने बताया कि छात्रा के बारे में कोई भी जानकारी मिलती है तो पुलिस थाना करसोग पर सम्पर्क कर जानकारी दें।

### बिल न भरने पर उपभोक्ताओं को नोटिस जारी

**करसोग।** विद्युत बोर्ड करसोग ने उपभोक्ताओं को बिल जमा करवाने के लिए अंतिम नोटिस जारी कर दिए हैं। यदि उपभोक्ता इन बिलों को बोर्ड की ओर से निर्धारित अंतिम तिथि को जमा नहीं करवाते हैं तो बोर्ड ने कह दिया है कि उनके कनेक्शन काट दिए जाएंगे। विद्युत उपमंडल करसोग के तहत 689 उपभोक्ताओं ने बिजली बिलों का भुगतान नहीं किया है, जिनमें लाखों के बिल उपभोक्ताओं द्वारा जमा नहीं किए गए है। विभाग का कहना है कि यदि यह उपभोक्ता 25 फरवरी तक बिल जमा नहीं करवाते हैं तो उनके कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

### पीथ्रीवाई करें और समस्याओं को दूर भगाएं

**मंडी।** मंडी में परमजी.पप्र. परमयोग का एक दिवसीय शिविर 25 फरवरी को लगाया जा रहा है, इसमें सभी लोग भाग ले सकते हैं। कार्यक्रम आयोजक उमा अरोड़ा व अशोक अरोड़ा ने बताया कि परमयोग करने से अधिकतम मानसिक शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि पीथ्रीवाई विधि सीखो तथा अपने जीवन में प्रयोग करो। शिवर दोपहर 12 बजे गांधी भवन हॉल मंडी में आयोजित किया जा रहा है।

### रिवालसर के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ने ली शपथ



**टेकचंद, कलखर।** नगर पंचायत रिवालसर के सभागार में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। एसडीएम बल्ह विशाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस विशेष बैठक में नगर पंचायत रिवालसर के सभी पार्षदों, नगर पंचायत स्टाफ तथा क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। एसडीएम बल्ह विशाल शर्मा ने नगर पंचायत की नव निर्वाचित अध्यक्ष सुनीता गुप्ता व उपाध्यक्ष कश्मीर सिंह यादव को पद तथा संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई।

### अधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण

**सुंदरनगर।** कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर मंडी में परियोजना निदेशक जाइका हमीरपुर फेस. 2 के सौजन्य से 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पंपिंग मशीनरी का डिजाइन के विषय पर करवाया गया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. शंकर दास ने बताया कि कृषि विभाग के 16 कनिष्ठ अभियंता, प्रारूपकार व सर्वेक्षकों ने भाग लिया।



# मेला ग्राउंड में खाद्य सामग्री के हर दिन एकत्रित किए जाएंगे सैंपल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नगर निगम मंडी द्वारा महाशिवरात्रि को लेकर स्वच्छता कमेटी की बैठक वीरवार को आयोजित की गई। बैठक में मेले के दौरान सफाई व्यवस्था को लेकर चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मेला स्थल पर लगभग 100 से अधिक स्वच्छता प्रहरियों को तैनात किया जाएगा जो शिवरात्रि महोत्सव में स्वच्छता का जिम्मा उठाएंगे। नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट शर्मा ने बताया कि मेला स्थल और देवी-देवताओं के बैठने के स्थान पर गीले व सूखे कूड़े के लिए अलग-अलग दो कूड़ेदान की व्यवस्था की जाएगी।

**स्वच्छता को लेकर नगर निगम मंडी में हुई बैठक**

यह सुनिश्चित किया जाएगा कि व्यापारी अथवा दुकानदार अपनी दुकान का कूड़ा इन कूड़ेदानों में ही डालें। बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि अवैध रूप से लगाए गए स्टॉल्स और दुकानों को मेला स्थल पर नहीं लगने दिया जाएगा। यदि कोई भी व्यापारी या दुकानदार नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है तो तुरंत प्रभाव से मौके पर ही इन व्यापारियों के चालान काटे जाएंगे।

वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने बताया की दुकानों के बाहर और देवताओं के बैठने के स्थल पर रखें इन कूड़ेदानों को तीन बार निगम द्वारा साफ किया जाएगा ताकि मेला स्थल पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि मेला स्थल पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच के लिए विभाग द्वारा शिविर स्थापित किया जाएगा।


नगर निगम मंडी में बैठक के दौरान मौजूद गणमान्य।

## 24 घंटे रहेगी एंबुलेंस की सुविधा

वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने बताया कि 24 घंटे एंबुलेंस की सुविधा भी मेला स्थल पर मौजूद रहेगी। अग्निशमन विभाग द्वारा भी सेवाएं मेला स्थल पर प्रदान की जाएगी और अग्निशमन वाहन भी मौजूद रहेगा। मेले के दौरान खाद्य पदार्थों और सामान के सैंपल स्वस्थ्य विभाग द्वारा समय समय पर लिए जाएंगे और जांच की जाएगी। मिठाई और खाद्य सामग्री विक्रेताओं का सामान ढका हुआ होना चाहिए। वंही नगर निगम क्षेत्र में जो नालिया पिछले लंबे समय से दबी हुई है उन्हें जल शक्ति विभाग द्वारा और अग्निशमन विभाग द्वारा पानी के प्रेशर से साफ किया जाएगा।

## इंदिरा मार्केट में काटे 15 चालान

लोगों की मिल रही शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम मंडी की टीम ने इंदिरा मार्केट का औचक निरीक्षण कर 15 दुकानदारों के चालान काटे गए। नगर निगम की टीम ने दुकानदारों को हिदायत देते हुए कहा कि यदि येलो लाइन के बाहर सामान लटकाया तो आगे कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

स्थानीय लोगों में भगत, हेमराज, रूपेश, संदीप, संजू आदि ने कहा कि शहरभर में राहगीरों की परेशानियों को देखते हुए बाबा भूतनाथ गली में भी चालान काटे जाएं, क्योंकि यहां भीड़ बहुत होती है। लोगों ने नगर निगम से मांग की है कि शहर की गलियों की भी सुध ली जाए। वहीं इस बारे में नगर निगम के सफाई निरीक्षक सतीश ने कहा कि मामला ध्यान में आया है प्रशासन को अवगत करवा कर कार्रवाई की जाएगी।


चालान काटते हुए नगर निगम की टीम।

# शास्त्रीय व साहित्यिक आयोजन 5 मार्च से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव 2024 के दौरान भाषा एवं संस्कृति विभाग के माध्यम से आयोजित होने वाले अनेक शास्त्रीय, सांस्कृतिक व साहित्यिक कार्यक्रम तय कर लिए गए हैं।

शिवरात्रि मेला कमेटी ने निर्णय लिया है कि रंगमंच, शास्त्रीय संगीत व साहित्यिक संबंधी कार्यक्रम 5 मार्च से ही आरंभ कर दिए जाएंगे। अधिकतर कार्यक्रम संस्कृति सदन कांगणीधार मोतीपुर में आयोजित होंगे। इस महोत्सव में 9,12 व 15 मार्च को आयोजित होने वाले उपायुक्त कार्यालय से पड्डल मैदान तक जलेब के आयोजन के दौरान टमक, डंठणू, मुखौटा, फागली, चरकटी, व कुल्लवी नृत्य मुख्य आकर्षण रहेंगे। संस्कृति सदन में 5 व 6 मार्च को प्रातः 10.00 बजे साहित्य उत्सव व शाम को 4.00 बजे तीन नाटकों का मंचन किया जाएगा। 7 मार्च को प्रातः 10.00 बजे साहित्य उत्सव और शाम को 4.00 बजे शास्त्रीय संगीत व भजन संध्या आयोजित होगी। 10 मार्च को 11.00 बजे कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

देवलू प्रतियोगिता के लिए 10 मार्च को कॉलेज ग्राउंड में देवलु टीमों का पंजीकरण किया जाएगा, जबकि देवलूओं की नाटी प्रतियोगिता का आयोजन 11,13 व 14 मार्च को 11.00 बजे कॉलेज ग्राउंड में किया जाएगा।

# बच्चों का रखें ध्यान : मनीष

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



जोगिंद्रनगर उपमंडल के एसडीएम मनीष चौधरी ने बताया कि जोगिंद्रनगर में आए दिन नशे के मामले सामने आ रहे हैं और उन्होंने बताया कि आजकल माता-पिता के पास अपने बच्चों के लिए समय नहीं है। मैं उन अभिभावकों से गुजारिश करता हूं कि आपका बच्चा क्या कर रहा हैं और किसके साथ जा रहा है और व्यवहार में परिवर्तन लग रहा हो तो इसके बारे में जानकारी होनी चाहिए।

यदि आपको लगता है कि आपके गांव में या पंचायत में कहीं नशा बिक रहा हो या नशा कर रहा हो तो तुरंत अपने नजदीकी पुलिस चौकी या पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाएं।

इसके अलावा ऑनलाइन फ्रॉड पर लोगों से अपील की है आपको यदि अनजान नंबर से कॉल आती है और आपसे बैंक अकाउंट नंबर, आधार नंबर, ओटीपी मांगता है तो कभी न दें।

# योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : विजयपाल


बैठक के उपरांत मुख्यातिथि व कांग्रेस कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी**

सराज कांग्रेस जोन थुनाग की बैठक लंबाथाच में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस विचार विभाग के चेयरमैन विजयपाल सिंह मुख्यातिथि के रूप शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह जिस तरह से समाज के गरीब वर्ग के लिए जन कल्याणकारी योजनाएं बना रहे हैं, वे न केवल अभूतपूर्व हैं बल्कि आम जनता के जीवन स्तर को बेहतर करने में काफी प्रभावशाली हैं।

**समाज के गरीब वर्ग के लिए बनाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाएं**

विजय पाल सिंह ने सराज कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि सरकार की सभी जन कल्याणकारी नीतियों को आमजन तक न केवल प्रचारित करें, बल्कि जनता को उन योजनाओं का लाभ दिलवाने में भी सहयोग करें।

इस अवसर पर प्रधान लंबाथाच संतोष कुमार, उप प्रधान भूपेंद्र कुमार, बूथ प्रधान राजेंद्र, रूप सिंह, लाल सिंह, कृपाल सिंह, कश्मीर सिंह, दामोदर, डिंपल कुमार, नेतर सिंह, मोहनी देवी के अलावा पपलेष सिंह, सचिव युवा कांग्रेस, ग्राम पंचायत काउ के पूर्व प्रधान दिवान सिंह, राजेंद्र शर्मा सचिव, मंडी जिला कांग्रेस कमेटी व सराज कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अमर ठाकुर भी उपस्थित रहे।

## निजी बस ऑपरेटर ने रोकी एचआरटीसी की बस, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी वीरवार सुबह के समय प्राइवेट बस चालक ने रिवालसर से आ रही बस के आगे बस खड़ी कर दी।

एचआरटीसी केलांग डिपो में कार्यरत परिचालक अश्विनी कुमार ने बताया कि रिवालसर से बस मंडी बस स्टैंड में लगाई और उसके बाद जब सवा सात बस के चलने का समय हुआ तो निजी बस के मालिक और चालक ने बस खड़ी कर दी। बस में मंडी से छह महिला सवारी के तौर पर बैठी थी जिनके टिकट भी काटे गए थे उनको भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि यह मामला क्षेत्रीय प्रबंधक नरेंद्र शर्मा के ध्यान में लाया है।

क्षेत्रीय प्रबंधक एचआरटीसी मंडी नरेंद्र शर्मा ने बताया कि बस का अस्थाई परमिट है जिसे हर तीन महिने बाद नवीनीकृत किया जाता है। उन्होंने बताया की बस रोकने पर एफआईआर दर्ज करवा दी गई है।

# डॉक्टरों की पेन डाउन स्ट्राइक जारी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर में एनपीए सहित अन्य मांगों को लेकर डॉक्टरों की हड़ताल जारी है, वहीं हड़ताल का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है, पहले मरीज पर्ची के लिए लाइन में लगते हैं फिर उन्हें ओपीडी में डॉक्टर नहीं मिल पाए।

वहीं डॉक्टर पेनडाउन स्ट्राइक के चलते 12 बजे तक प्रदर्शन पर बैठे रहे।

डॉक्टर अभिनव चौहान का कहना है कि सरकार के समक्ष पहले भी कई बार डॉक्टरों ने अपनी मांगों को रखा, लेकिन सरकार द्वारा उसका हल नहीं निकाला गया। अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो प्रदर्शन को तेज किया जाएगा।

# मेजिशियन एफसी ने जीती ट्राईअम्फ महिला फुटबाल प्रतियोगिता


डीसी मंडी को सम्मानित करते हुए राजा सिंह मल्होत्रा व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

ट्राईअम्फ यूथ क्लब मंडी के सौजन्य से करवाई पहली ट्राईअम्फ महिला फुटबाल प्रतियोगिता का समापन उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने किया। क्लब के प्रधान सुशांत शर्मा ने बताया कि लीग के 6 मैच 2 सेमी फाइनल और फाइनल मैच खेले गए। मैच में चेतना ने गोल करके बढ़त दिला दी जो अंत तक कायम रही। मेजिशियन एफसी ने 1-0 प्रतियोगिता अपने नाम की। विजेता को 8000 रुपए व ट्राफी तथा उपविजेता 5000 रुपए व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। बेस्ट प्लेयर चेतना मेजिशियन एफसी इमरजिंग प्लेयर तनवी शर्मा रही।

# पुरानी रंजिश के कारण दो गुटों में हिंसक झड़प

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर की दुल पंचायत के मेहना गांव में एक सामाजिक समारोह के दौरान दो गुटों के बीच हिंसक झड़प में दो युवकों को गंभीर चोटें आई है। एक गंभीर घायल को टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार मेहरना गांव में राजेंद्र सिंह के समारोह में शामिल हुए रवि कुमार, प्यार चंद निवासी गांव बनाड तथा धर्मेंद्र चंद निवासी मिहाड़ा के बीच हुई कहासुनी के बाद धमेंद्र ने तेजधार हथियार से रवि कुमार पर प्रहार कर दिया, बीच बचाव में आए प्यार चंद पर भी धमेंद्र ने हमला कर दिया।

दोनों घायलों को अस्पताल लाया गया, जहां रवि कुमार की गंभीर हालात को देखते हुए उसे टांडा रेफर कर दिया गया। पुलिस ने धर्मेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। डीएसपी पधर दिनेश कुमार ने मामले की पुष्टि की है और आरोपी धर्मेंद्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**प्लानिंग** | महाशिवरात्रि की तैयारियां तेज, मैदान में उतरी एसपी मंडी

# दो तरीके का होगा ट्रैफिक प्लान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां मंडी जिला प्रशासन द्वारा तेज कर दी गई है। वहीं शिवरात्रि के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रूप से कैसे चलाना है जिला पुलिस का इसमें अहम भूमिका रहती है। वीरवार को एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने यातायात व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया जिसमें शिवरात्रि महोत्सव के दौरान राहगीरों और लोगों को यातायात संबंधी सुविधा में कोई कमी न आए।

एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया की सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन सेरी मंच पर किया जाएगा, जिसे पिछले वर्ष भी किया गया था। उन्होंने बताया की उसी ट्रैफिक प्लान में कुछ सुधार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस बार ट्रैफिक प्लान दो तरह का है जिसमें जब जलेब निकलेगी उस दौरान ट्रैफिक को सैपरेल लेयर द्वारा निकाला जाएगा।


ट्रैफिक प्लान का निरीक्षण करते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा।

**सुरक्षा के लिए बढ़ाई जाएगी पुलिस बल संख्या**

वहीं बाकी दिनों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक प्लान तैयार किया जाएगा जिसें प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सुरक्षा का आंकलन किया जा रहा है जिसको बनाकर पुलिस हेडक्वार्टर भेज दिया जाएगा और जिला की पुलिस को भी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात किया जाएगा।

## एकादश रुद्र घाट पर ब्यास आरती आज

**मंडी।** एकादश रूद्र घाट पर माघ पूर्णिमा के उपलक्ष्य में शुक्रवार सायं ब्यास आरती का आयोजन किया जाएगा। एकादश रूद्र मंदिर के पुजारी सत सुंदरम ने बताया कि शुक्रवार सायं भव्य ब्यास आरती का आयोजन किया जाएगा, इस दिन सत्यनारायण का व्रत भी होगा।

## आज बिजली बंद रहेगी

**मंडी।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल साईगलू ई. चिंतन प्रकाश ने बताया कि विद्युत उप केंद्र बिजनी में मुरम्मत के कारण विद्युत उपमंडल साईगलू के अंतर्गत अनुभाग साईगलू, गोखड़ा, बीर, कोटली, भरगांव तथा कड़कोह के अधीन आने वाले क्षेत्र साईगलू, कसाण, सदयाणा, साई, पपराहल, धडयाना, बग्गी, गोखडा, बटाहर, सेहली, लोट, तल्याहड़, रन्धाडा, पधियूं, तांदी, पतरोण, बीर, लाग, सदोह, तरनोह, ढढाल, सुरारी, सैण, भरगांव व खलाणू व साथ लगते क्षेत्रों में 23 फरवरी को विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक तक बाधित रहेगी।



www.anantgyaan.in

सूर्योदय 6:52 सूर्यास्त 6:16

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 1.4 न्यू | 12.02 अधि |
| धर्मशाला | 5.02 न्यू | 16.05 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73158.24 |
| निफ्टी | 22217.50 |
| सोना 62,730 | चांदी 72,245 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | शुक्रवार, 23 फरवरी 2024 | 11 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 66 कुल पृष्ठ 14 मूल्य : 5 रुपए |

टीम इंडिया की नजरें सीरीज जीतने पर ... पेज 5



## नेपाल के आकाश भैरव बन गए बाबा भूतनाथ



**मंडी।** अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के कारज शुरू हुए 14वें दिन स्वयंभू शिवलिंग बाबा भूतनाथ में नेपाल काठमांडू के आकाश भैरव का स्वरूप धृत श्रृंगार में उकेरा गया। मान्यता है कि राजा परीक्षित काल के बाद से यह मंदिर है। महाभारत युद्ध में भाग लेने वाले किरात वंश के राजा यलम्बर को ही भैरव के रूप में पूजा जाता है। वर्तमान नेपाल राज्य रामायण काल से भी संबंधित है। यहां के राजा धर्म परायण और सनातन धर्म का अनुयायी रहे हैं।

### संयुक्त किसान मोर्चा ने चंडीगढ़ में बैठक कर बनाई रणनीति, केंद्रीय मंत्रियों का फूंकेंगे पुतला

# किसान आज मनाएंगे ब्लैक–डे 26 को निकालेंगे ट्रैक्टर मार्च

**एजेंसी, चंडीगढ़**

**पंजाब** और हरियाणा की सीमा के बीच में स्थित खनौरी बॉर्डर पर युवक किसान की मौत के बाद दिल्ली मार्च फिलहाल रोक दिया है। संयुक्त किसान मोर्चा ने वीरवार को चंडीगढ़ में बैठक की। बैठक में किसान संगठनों में युवा किसान की मौत पर सरकार के प्रति भारी रोष जताया है।

**छह सदस्यीय को-ऑर्डिनेटिंग कमेटी का गठन**

वहीं, संयुक्त किसान मोर्चा ने 23 फरवरी को ब्लैक–डे मनाने का फैसला लिया। किसान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और गृह मंत्री अनिल विज के पुतले फूंकेंगे। इसके लिए संयुक्त किसान मोर्चा ने छह सदस्यीय को–ऑर्डिनेटिंग कमेटी का गठन किया है। बैठक में 14 मार्च को किसान दिल्ली के रामलीला मैदान में महापंचायत और 26 फरवरी को देशभर में ट्रैक्टर मार्च करने का भी निर्णय लिया है। किसान नेता जोगिंदर सिंह उग्रराहां ने बताया कि खनौरी बॉर्डर पर जान गंवाने वाले युवा किसान शुभकरण सिंह की मौत पर किसान नेताओं ने दु:ख जताया है।



चंडीगढ़ में बैठक कर रणनीति बनाता किसान मोर्चा।

### पुलिस के खिलाफ हो हत्या का मामला दर्ज : पंधेर

**किसान** मजदूर मोर्चा कोऑर्डिनेटर सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि दो दिन हम रणनीति बनाएंगे। सरवण पंधेर ने एक तस्वीर जारी की, जिसमें पुलिस फायरिंग करती नजर आ रही है। पंजाब सरकार को हमला करने वाले पुलिस कर्मियों पर हत्या का केस दर्ज किया जाए। किसान नेता बलदेव सिंह ने कहा कि पुलिस ने हमारे कैंपों और ट्रैक्टरों पर हमला किया।

### 'एक्स' ने किसान प्रदर्शन से जुड़े खाते, पोस्ट 'ब्लॉक' करने पर असहमति जताई

**नई दिल्ली।** 'एक्स' ने किसानों के विरोध प्रदर्शन से जुड़े खाते और पोस्ट 'ब्लॉक' करने के भारत सरकार के आदेश पर असहमति जताई और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का आह्वान किया। सूत्रों ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने गृह मंत्रालय के अनुरोध पर किसानों के विरोध-प्रदर्शन से जुड़े 177 सोशल मीडिया खातों और वेब लिंक को अस्थायी रूप से 'ब्लॉक' करने का आदेश दिया था।

### अनुराग ने किसानों से की शांति बनाए रखने की अपील

**शिमला। केंद्रीय** मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रदर्शन कर रहे किसानों से अपील है कि हिंसा का रास्ता न अपनाएं, किसान नेताओं से बातचीत के लिए सरकार सदैव तैयार थी और आज भी तैयार है, जो भी किसान संगठन बातचीत करना चाहते हैं। किसान को समृद्ध, सशक्त व उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए मोदी सरकार ने हर जरूरी कदम उठाए हैं, आगे भी निर्णय किसानों के हित में ही लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वार्ता के जरिए ही किसानों की समस्या का समाधान हो सकता है।

## सीएम सुक्खू ने दिए सुधीर को मंत्री बनाने के संकेत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पूर्व शहरी विकास मंत्री सुधीर शर्मा को दोबारा मंत्री बनाने की संकेत दिए। विधानसभा में प्रश्न संख्या 1452 में पर्यटन से जुड़े एक सवाल के जवाब के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सुधीर शर्मा मंत्री बनेंगे। सुधीर वरिष्ठ मंत्री रहे हैं। भविष्य के गर्भ में क्या छिपा है, किसी को नहीं पता। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद एक बार फिर सुधीर शर्मा के मंत्री बनने की चर्चा तेज हो गई हैं। फिलहाल सुक्खू मंत्रिमंडल में 11 सदस्य हैं।

**सुधीर ने मंत्री बनने से किया इनकार**

**बोले- विधायक के तौर पर ही करते रहेंगे काम**

विधानसभा में मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद विधायक सुधीर शर्मा ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अब सरकार को 14 महीने का वक्त पूरा हो गया है। सुधीर शर्मा ने कहा कि जब व्यक्ति को भूख लगी होती है, तभी उसे खाना देना जरूरी होता है। मार्च के पहले हफ्ते में आचार संहिता लग जाएगी और लोकसभा चुनाव आ जाएंगे। लोकसभा चुनाव के बाद ही मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यह भविष्य ही बताएगा कि क्या स्थिति बनेगी। सुधीर शर्मा ने मंत्री बनने से भी साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को किसी और को मंत्रिमंडल में एडजस्ट करना चाहिए। सुधीर ने कहा कि वह विधायक हैं और विधायक के तौर पर ही काम करते हैं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### जम्मू में ड्रोन से गिराया आईईडी बरामद, सर्च अभियान जारी

**जम्मू।** जम्मू के कठुआ स्थित हीरानगर इलाके के मनिहारी में बुधवार की देर रात को ड्रोन की गतिविधि देखी गई। बीएसएफ के जवानों की गोलीबारी के बाद ड्रोन वापस लौट गया। इसके बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया गया और ड्रोन से गिराए आईईडी को बरामद किया गया। घटना के बाद बीएसएफ के जवान हाई अलर्ट पर हैं और सर्च अभियान जारी है।

### ईडी ने अरविंद केजरीवाल को भेजा सातवां समन



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सातवां समन जारी किया है। केजरीवाल को 26 फरवरी को वित्तीय जांच एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा है। इससे पहले सोमवार को केजरीवाल कथित आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में ईडी के छठे समन पर भी उपस्थित नहीं हुए हैं।

### मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 12 मार्च तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली शराब नीति और धनशोधन घोटाला मामले में आरोपी मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 12 मार्च तक बढ़ा दी है। सीबीआई ने इस मामले में सीलबंद लिफाफे में जांच संबंधी स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की। कोर्ट ने कहा कि स्टेटस रिपोर्ट गोपनीय है और इसके परीक्षण की अनुमति नहीं दी जा सकती।

### हिमाचल में सात एचपीएस अधिकारी बने पुलिस अधीक्षक

**शिमला।** प्रदेश सरकार ने स्क्रीनिंग कमेटी की सिफारिशों पर सात पुलिस अधिकारियों को पुलिस अधीक्षक बनाया है। इस संबंध में मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद पर तैनात एचपीएस अधिकारी सुशील कुमार, निश्चिंत सिंह नेगी, पंकज शर्मा, विनोद कुमार, विजय कुमार, कुलभूषण वर्मा और भूपिंदर सिंह नेगी को पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया है।

## टॉप स्टोरीज

2027 तक जापान-जर्मनी को पीछे छोड़ देगा भारत ...पेज 5

हाथों में तख्तियां लेकर भाजपा ने लगाए कांग्रेस हटाओ-उद्योग बचाओ के नारे ...पेज 12

भाजपा पंचायतीराज प्रकोष्ठ ने घोषित की प्रदेश की टीम ...पेज 12

### रामपुर में ट्रक चालक ने किया नाबालिग से दुष्कर्म, गर्भवती

**रामपुर।** शिमला जिले के रामपुर थाना के तहत एक ट्रक चालक ने नाबालिग से दो बार दुष्कर्म किया, जिससे पीड़िता गर्भवती हो गई है। पुलिस ने डॉक्टर की जांच के बाद ट्रक चालक के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। 21 फरवरी पीड़िता की मां ने शिकायत दर्ज करवाई है। पीड़िता की मां ने बताया कि बिलासपुर जिले के ट्रक चालक ने पहले रामपुर के खोपड़ी और दूसरी बार रचोली नामक स्थान में ट्रक में ही दुष्कर्म किया।

**बिलासपुर का रहने वाला है आरोपी मामला दर्ज**

नाबालिग अपनी मां के साथ रामपुर आई थी, तो अचानक पेट में दर्द हुआ। मां के पूछने पर बेटी ने बताया कि बिलासपुर का रहने वाला विशाल नाम का लड़का अगस्त, 2023 में रामपुर आया और उससे मिला था। विशाल ने पहली बार खोपड़ी नामक स्थान में और दूसरी बार रचोली में फिर से दुष्कर्म किया। डीएसपी रामपुर नरेश शर्मा ने बताया कि मामले की जांच के लिए पुलिस टीम गठित कर दी है। जल्द आरोपी चालक को गिरफ्तार किया जाएगा।

## सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों का बढ़ेगा सात हजार रुपए मानदेय

### मल्टी टास्क वर्कर्स के मानदेय में भी 500 रुपए का इजाफा, मुख्यमंत्री के जवाब से विपक्ष असंतुष्ट, वॉकआउट किया

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को बजट की चर्चा के जवाब में सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों का मानदेय बढ़ाने की घोषणा की है। सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों के मानदेय में सात हजार रुपए की बढ़ोतरी की है।

इससे पहले डॉक्टरों को 33 हजार रुपए मानदेय मिलता था, लेकिन मुख्यमंत्री ने अब इसे बढ़ाकर 40 हजार रुपए किया है। वहीं, मल्टी टास्क वर्कर्स के मानदेय में भी 500 रुपए की बढ़ोतरी की है। जब मुख्यमंत्री ने बजट पेश किया था, उसमें रेजिडेंट डॉक्टर व मल्टी टास्क वर्कर्स छूट गए थे।

मुख्यमंत्री ने चर्चा में बजट को लेकर जवाब दिया, लेकिन मुख्यमंत्री के जवाब से विपक्ष संतुष्ट नहीं हुआ। ऐसे में विपक्ष ने वॉकआउट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 17 फरवरी को इस सदन में प्रस्तुत बजट प्रस्तावों पर सदस्य ने भाग लिया। चर्चा के दौरान बजट के लगभग सभी पहलुओं के अतिरिक्त जो विषय बजट में नहीं थे, उनकी भी विपक्ष ने आलोचना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदस्यों की ओर से उठाई गई सभी बातों पर विचार किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### जनता से किए वादे होंगे पूरे : सुक्खू

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि सदन के माध्यम से सभी सदस्यों को पूर्ण विश्वास के साथ कहना चाहता हूं कि सरकार की ओर जनता से किए वादे पूरे किए जाएंगे और जहां आवश्यक होगा, वहां धनराशी का प्रावधान किया जाएगा।



### तीन साल में 'लाडा' के तहत जमा करवाए 30 करोड़ रुपए

**विधायक** केवल सिंह पठानिया के सवाल पर सीएम ने कहा कि प्रदेश में 174 जल विद्युत परियोजनाएं चल रही हैं। यदि बिजली परियोजना निर्माता की ओर से लाडा की राशि जमा नहीं करवाई जाती है तो देय राशि का भुगतान परियोजना से उत्पादित बिजली के रूप में 12 समान किस्तों में वसूल किया जाएगा। शानन जल विद्युत परियोजना की लीज की अवधि दो मार्च को समाप्त होने जा रही है। तीन साल में 15 जनवरी 2024 तक निर्मित परियोजनाओं ने लोकल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (लाडा) के तहत कुल 30 करोड़ जमा करवाए हैं।

### सीएम बोले– ऊहल परियोजना में शुरू होगा बिजली उत्पादन

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि ऊहल-तीन बिजली परियोजना में इसी साल बिजली उत्पादन शुरू होगा। यह परियोजना पेन स्टॉक में आई खराबी के कारण बंद है और इसे ठीक करने का कार्य जारी है। सीएम ने विधायक डॉ. हंसराज के मूल और सुखराम चौधरी के अनुपूरक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि सरकार पनबिजली परियोजनाओं में स्थानीय लोगों को रोजगार में तरजीह देने का प्रयास करेगी। प्रदेश में 20982 मेगावॉट की 992 परियोजनाएं स्वीकृत की हैं। इनमें से 11209 मेगावॉट की 174 परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। 2879 मेगावॉट क्षमता की 58 परियोजनाओं का निर्माण कार्य चल रहा है, जबकि 6893 मेगावॉट की 720 परियोजनाएं स्वीकृति के विभिन्न चरणों में हैं। विधायक चैतन्य शर्मा, सुधीर शर्मा और लोकेंद्र कुमार के सवाल पर कहा कि हिमाचल के सभी जिलों को इस वर्ष हेलिपोर्ट से जोड़ा जाएगा।

## जितनी गाली देंगे, उतना मजबूत होगा 400 पार का संकल्प : मोदी

### प्रधानमंत्री ने कांग्रेस नेताओं पर साधा निशाना

**एजेंसी, नवसारी (गुजरात)**

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लोग मोदी की जाति को गाली देते हैं, लेकिन कांग्रेस वाले भूल जाते हैं कि जितनी भी वे गाली देंगे, 400 पार का संकल्प उतना ही मजबूत होगा। कांग्रेसी नेता जितना कीचड़ फेंकेंगे, कमल उतने ही शान से खिलेंगे।



कांग्रेस के पास मोदी को गाली देने के अलावा विकास का कोई एजेंडा नहीं है। यह बात पीएम मोदी ने गुजरात में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने लंबे समय तक देश में और गुजरात में सरकार चलाई, लेकिन कभी आदिवासी क्षेत्रों, समंदर के तट पर बस गांवों की सुध नहीं ली। भाजपा ने गुजरात में उमरग्राम से लेकर अंबाजी तक पूरे आदिवासी पट्टे तक मूल सुविधाएं पहुंचाने के लिए अविरत काम किया है।

उन्होंने कहा कि 21वीं सदी के भारत में बिजली पैदा करने में हमारे परमाणु बिजली घरों की भूमिका और बढ़ने जा रही है। आज तापी के काकरापार परमाणु ऊर्जा प्लांट में दो नए रिएक्टर राष्ट्र को समर्पित किए गए हैं और ये दोनों रिएक्टर 'मेड इन इंडिया' टेक्नोलॉजी से तैयार किए हैं। ये दिखाता है कि आज भारत कैसे हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहा है।

## मणिपुर हाई कोर्ट ने पलटा अपना पुराना आदेश, मैतेई समुदाय एसटी से बाहर

**इंफाल।** मणिपुर हाई कोर्ट ने मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने के अपने ही आदेश को पलट दिया है। कोर्ट ने उस पूरे पैराग्राफ को हटाने का आदेश दिया है, जिसमें मैतेई समुदाय को एसटी सूची में शामिल करने पर विचार करने का आग्रह किया था। हाई कोर्ट का मानना है कि यह पैराग्राफ सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के रुख के विपरीत है। माना जा रहा है कि मणिपुर में जो हिंसा हुई उसका बड़ा कारण यह आदेश ही था।

27 मार्च 2023 के इसी आदेश के बाद मणिपुर में जातीय हिंसा भड़क उठी, जिसमें अब तक 200 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। हाई कोर्ट में इस फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका लगाई गई थी कि अदालत को अपने आदेश के पैराग्राफ 17(3) में संशोधन करना चाहिए। इसी याचिका पर सुनवाई करते हुए वीरवार को न्यायमूर्ति गोलमेई गैफुलशिलु की एकल न्यायाधीश पीठ ने हाई कोर्ट के पुराने आदेश को रद्द कर दिया। मणिपुर हाई कोर्ट की ओर से पिछले साल मार्च में जारी आदेश में कहा था कि राज्य सरकार मैतेई समुदाय को एससीएसटी दर्जा देने पर विचार करे। इस पर आपत्ति जताई गई थी। इसके बाद विरोध–प्रदर्शन हुए थे। मई में यह प्रदर्शन हिंसा में बदल गए थे।

## जेएंडके के पूर्व गवर्नर मलिक के घर समेत 30 ठिकानों पर रेड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सीबीआई ने वीरवार को पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक के घर सहित 30 ठिकानों पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई कीरू हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट में क्रप्शन को लेकर की गई। सत्यपाल मलिक ने जम्मू–कश्मीर के गवर्नर रहने के दौरान दावा किया था कि हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट की दो फाइलें क्लीयर करने के लिए उन्हें 300 करोड़ की रिश्वत की पेशकश की गई थी।

इससे पहले कीरू हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट को लेकर छह जुलाई 2022 में भी देशभर में 16 जगहों पर छापेमारी की गई थी।

### मलिक बोले– किसान का बेटा हूं, डरने वाला नहीं हूं



सत्यपाल मलिक ने 'एक्स' पर कहा कि किसान का बेटा हूं, छापों से नहीं डरूंगा। पिछले कुछ दिनों से मैं बीमार हूं और अस्पताल में भर्ती हूं। ऐसे में मेरे घर में सरकारी एजेंसियों से छापे डलवाए जा रहे हैं। मेरे ड्राइवर, सहायक के ऊपर भी छापेमारी करवाकर उनको बेवजह परेशान किया जा रहा है। मलिक ने कहा कि मैंने भ्रष्टाचार में शामिल जिन व्यक्तियों की शिकायत की थी, उन व्यक्तियों की जांच न करके मेरे आवास पर सीबीआई की ओर से छापेमारी की गई है। सरकारी एजेंसियों का गलत दुरुपयोग करके मुझे डराने की कोशिश की जा रही है।

### सच बोलने पर घर भेजी जाती है सीबीआई : राहुल



**राहुल** गांधी ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के घर पर सीबीआई छापेमारी करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि किसान एमएसपी मांगें, तो उन्हें गोली मारो। क्या यह है मदर ऑफ डेमोक्रेसी? पूर्व गवर्नर सच बोलें, तो उनके घर सीबीआई भेज दो। उन्होंने कहा कि मोदी जी, जनता जानती है कि आपने लोकतंत्र की हत्या की है और जनता जवाब देगी।

**ताकत** भारतीय वायुसेना को मिली पहली खेप, चीन और पाकिस्तान की हालत होगी खराब

## अस्त्र मिसाइल करेगी लोकेशन बदल रहे दुश्मनों का खात्मा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** वायुसेना को भारत डायनेमिक्स लिमिटेड कंपनी ने अस्त्र बीवीआर मिसाइल की पहली खेप सौंप दी है। इस मिसाइल की स्पीड और निशाना इतना सटीक है कि लोकेशन बदल रहे दुश्मन भी नहीं बच पाएंगे। हवा से हवा में मार करने वाली इस मिसाइल से चीन और पाकिस्तान की अब खैर नहीं है।

भारत डायनेमिक्स लिमिटेड ने अस्त्र मिसाइल की पहली खेप सौंप दी है। अस्त्र मिसाइल बेयॉन्ड विजुअल रेंज एयर–टू–एयर मिसाइल है यानी जहां किसी फाइटर जेट या अटैक हेलिकॉप्टर का पायलट नहीं देख सकता, वहां भी यह मिसाइल एकदम सटीक हमला करती है। हाल ही में तेजस फाइटर जेट से इसकी फायरिंग की गई थी।



वजन 154 किलोग्राम | 66 हजार ऊंचाई तक जाने में समक्ष | लंबाई फुट 12.6

रफ्तार 5556.6 किलोमीटर/घंटा | रेंज 160 किलोमीटर

### यह है खासियत

**मिसाइल** की विशेष खासियत यह है कि टारगेट की ओर छोड़ने के बाद बीच हवा में इसकी दिशा को बदला जा सकता है, क्योंकि यह फाइबर ऑप्टिक गाइरो बेस्ट इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम पर चलती है। भविष्य में इस मिसाइल को तेजस एमके-2, एएमसीए, टेडबीएफ फाइटर जेट्स में भी लगाया जाएगा। भारतीय वायुसेना पुरानी माइका मिसाइल की जगह स्वदेशी अस्त्र पर भरोसा जता चुकी है। अस्त्र मिसाइल को डीआरडीओ ने डिजाइन किया है।

### टारगेट पर सटीकता और घातक स्पीड

**अस्त्र** मिसाइल में हाई-एक्सप्लोसिव या प्री-फ्रैगमेंटेड एचएमएक्स हथियार लगा सकते हैं। मिसाइल अपने साथ 15 किलोग्राम का हथियार ले जा सकती है। इसकी रेंज 160 किलोमीटर है व 66 हजार फुट की ऊंचाई तक जा सकती है। मिसाइल 5556.6 किलोमीटर/घंटा की रफ्तार से दुश्मन की ओर जाती है।

### 200 ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने को मंजूरी

**नई दिल्ली।** सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने भारतीय नौसेना के लिए 19 हजार करोड़ रुपए की 200 विस्तारित रेंज वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल के अधिग्रहण के लिए बड़े सौदे को मंजूरी दी है। नौसेना और ब्रह्मोस एयरोस्पेस के बीच अनुबंध पर मार्च, 2024 के पहले सप्ताह में हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस मिसाइल की रेंज 450-600 किलोमीटर है। भारतीय नौसेना ने स्वदेशी बूस्टर के साथ ब्रह्मोस मिसाइल के एंटी-शिप वर्जन का सफल परीक्षण किया है, जो भारत की आत्मनिर्भरता के प्रति नौसेना की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

## केंद्रीय मंत्री अनुराग ने चार पोर्टल का किया शुभारंभ

### कहा- व्यापार करने में होगी आसानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सूचना** एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को सीबीसी, आरएनआई, न्यू मीडिया विंग और डिजिटल एड्रेसेबल सिस्टम के ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया। उन्होंने इन चार पोर्टल की शुरुआत होने पर टीम को बधाई दी। अनुराग ठाकुर ने कहा कि व्यापार करने में आसानी हो, इसके तहत ये पोर्टल बनाए गए हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने इस दौरान कहा कि भारत स्टार्टअप में इस वक्त दुनिया में तीसरे स्थान पर है। देश में 107 यूनिकॉन हैं। उन्होंने कहा कि पहले बिजनेस स्टार्ट करने के लिए 14 कॉलम भरने पड़ते थे, जबकि अब महज तीन कॉलम हैं।



अनुराग ठाकुर ने रामायण में रामसेतु बनाने के समय का जिक्र करते हुए गिलहरी का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि गिलहरी अपने शरीर पर रेत लगती थी, और सेतु पर जाकर छिड़कती थी। राम की कृपा से गिलहरी ने ये किया और उसे आज भी याद किया जाता है।

### वेनेजुएला में अवैध सोने की खदान ढही 15 लोगों की मौत

**कराकस।** वेनेजुएला के बोलिवर राज्य के ला परागुआ में सोने की अवैध खदान के ढहने से 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई मजदूर घायल हुए हैं। मृतकों की संख्या अभी बढ़ सकती है। घटनास्थल पर राहत और बचाव का कार्य जारी है। अभी कुछ लोग फंसे हो सकते हैं। बोलिवर राज्य के गवर्नर एंजेल मार्कानो ने बताया कि अभी तक 15 लोगों के शव निकाले जा चुके हैं। 11 लोग घायल हो गए हैं। यह दुर्घटना अंगोस्टुरा नगर पालिका में हुई। जब बुल्ला लोका नाम की एक खदान में एक दीवार गिर गई। इसके बाद यह हादसा हुआ।



## न्यूज ब्रीफ

### बर्फ में फंसा कर्नाटक का सैलानी किया रेस्क्यू

**मैक्लोडगंज।** जिला के मैकलोडगंज थाना के तहत कर्नाटक से आया एक सैलानी बर्फ में फंस गया। उसे एसडीआरएफ तथा पुलिस की टीम ने रेस्क्यू किया। जानकारी के अनुसार कर्नाटक से आया तथा पेशे से डॉक्टर ऋषभ पवन सालीकर गलू के रास्ते ट्रेकिंग को अकेला निकला था। इस दौरान उक्त सैलानी रेहड़ीधार में बर्फ में फंस गया। इसके बाद उसने फोन कर मैक्लोडगंज पुलिस को इसकी सूचना देकर मदद मांगी। सूचना मिलने के बाद पुलिस तथा एसडीआरएफ की टीम रवाना हुई तथा सैलानी को रेस्क्यू कर सुरक्षित पहुंचाया। उधर, एएसपी वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### 25 व 26 को यहां-यहां बंद रहेगी बिजली

**पंचरुखी।** बिजली बोर्ड द्वारा 132/33 केवी सब-स्टेशन देहन को 220/ 132 केवी सब-स्टेशन पट्टी के साथ जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इसके कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल चढियार ओम प्रकाश राणा ने बताया कि इस जरूरी मरम्मत कार्य के चलते विद्युत उपकेंद्र लडभड़ोल से विद्युत उपमंडल चढियार को सप्लाई नहीं मिल पाएगी। इसलिए 25 व 26 फरवरी को सुबह 9 बजे से कार्य समाप्ति तक चढियार के अंतर्गत सभी अनुभागों सन्साई, सरी, दगोह, व भुआणा के तहत पड़ने वाले गांव भुलाना, तिनबढ, मुगल, मैला, मोलग, आशापुरी, मकोल, मझेड़ा आदि गांव मे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### बांध परियोजना के विरोध में प्रदर्शन आज

**मैक्लोडगंज।** चीन द्वारा द्रिचू नदी पर बनाए जा रहे बांध परियोजना का विरोध हो रहा है। तिब्बत में रह रहे तिब्बती भी इसका विरोध कर रहे हैं। वहीं, मैक्लोडगंज में रह रहे निर्वासित तिब्बतियों ने बांध परियोजना के विरोध व तिब्बत में रह रहे तिब्बतियों के समर्थन में 23 फरवरी को मैक्लोडगंज प्रदर्शन का ऐलान किया है। इस प्रदर्शन का आयोजन टीडब्ल्यूए, एनडीपीटी, एसएफटी-इंडिया, आरटीवाईसी, आरटीडब्ल्यूए द्वारा किया जाएगा। इस दौरान बांध परियोजना की खिलाफत के साथ तिब्बतियों को न्याय दिलाने की आवाज बुलंद की जाएगी।

### मैच के सफल आयोजन की तैयारियां जोरों पर

**धर्मशाला।** एचपीसीए धर्मशाला में सात मार्च को भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट मैच के सफल आयोजन के लिए एचपीसीए पदाधिकारी 25 फरवरी को बारिश के देवता इंद्रु नाग के दरबार माथा टेकेंगे। एचपीसीए सचिव अविनाश परमार ने बताया कि सुबह दस बजे हवन एवं पूजा का आयोजन किया जाएगा और उसके बाद भंडारे का आयोजना होगा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में एचपीसीए के पदाधिकारी एवं धर्मशाला के विभिन्न गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के लिए जिलाधीश कांगड़ा, पुलिस अधीक्षक कांगड़ा व स्थानीय विधायक सहित विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों को निमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं।

### डॉ. कात्यायिनी पीजीआई में देंगी सेवाएं

**पालमपुर।** उपमंडल पालमपुर के भोडा गांव की रहने वाली डॉ. कात्यायिनी का चयन पीजीआई चंडीगढ़ में गुर्दे के रोगों के विभाग लिए सुपर स्पेशलिस्ट ( डीएम) के लिए हुआ है। उनके पिता डॉ. अनिल दत्त आयुर्वेदिक कॉलेज पपरोला में शल्य तंत्र विभाग में विभागाध्यक्ष हैं। जबकि माता सीमा शुक्ला इसी कॉलेज के प्रस्तुति तंत्र विभाग की विभागाध्यक्ष हैं। इनके भाई टांडा मेडिकल से ही ऑर्थोपेडिक्स में एमएस कर रहे हैं। कात्यायिनि की प्रारंभिक शिक्षा माउंट कार्मल स्कूल बैजनाथ में हुई तथा जमा दो डीएवी पालमपुर से की है। टांडा मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करने के बाद इसी कॉलेज के मेडिसिन विभाग में सीनियर रेजिडेंट कार्यरत थी।

### जमा राशि प्राप्त करने को 31 मार्च तक करें दावा पेश

**जयसिंहपुर।** दी लंबागांव मंडल एचपीएसईबी कर्मचारी वेतन भोगी वचत एवं ऋण सह सभा को लंबे समय से कार्य न करने के कारण विघटन में डाला गया है। सभा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वह 31 मार्च से पहले सभा में जमा अपनी राशि को प्राप्त करने हेतु दावा पेश कर सकते है। वहीं, अगर 31 मार्च के बाद अगर कोई दावा पेश करता है तो वह मान्य नहीं होगा।

### राज्य सूचना आयुक्त ने जागरूक किए अधिकारी

**पालमपुर।** राज्य सूचना आयुक्त, एसएस गुलेरिया ने गुरुवार को संयुक्त कार्यालय परिसर पालमपुर में उपमंडल के जन सूचना अधिकारियों के साथ बैठक में सूचना के अधिकार अधिनियम और इसके प्रावधानों के बारे जागरूक किया। बैठक में एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती, डीएसपी लोकेंद्र नेगी, तहसीलदार साजन बग्गा सहित विभिन्न विभागों से जन सूचना अधिकारी उपस्थित रहे।राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि सूचना का अधिकार सरकार की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिये महत्वपूर्ण अधिनियम है। उन्होंने कहा कि सभी को सूचना के अधिकार अधिनियम की संपूर्ण जानकारी होना जरूरी है।

### नारा लेखन प्रतियोगिता में अनामिका शर्मा फर्स्ट

**नूरपुर।** राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर में 'हाइजीन व सेनिटेशन' के अंतर्गत प्रोफेसर रीमा कुमारी व प्रोफेसर अल्का ने नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने नारा लेखन के माध्यम से साफ-सफाई को अपनाने के प्रति जागरूक किया। इस प्रतियोगिता में अनामिका शर्मा बीए द्वितीय ने प्रथम, मृदुल रापोत्रा बीए द्वितीय ने दूसरा व दामिनी डोगरा बीए द्वितीय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ठाकुर ने विद्यार्थियों को इस प्रकार की प्रतियोगिताओ में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इसमें प्रोफेसर शशि बाला, प्रोफेसर सुरेश चौधरी और प्रोफेसर भारती भागसेन ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

### चुनावों में सेवाएं देंगे रिटायर्ड पुलिस कर्मी

**धर्मशाला।** पुलिस मुख्यालय हिमाचल प्रदेश, शिमला के आदेशानुसार जिला कांगड़ा में गत दो वर्षों में आरक्षी से सहायक उपनिरिक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए केंद्रीय पुलिस बलों व हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग के कर्मचारियों से लोक सभा चुनाव-2024 के दौरान सेवानिवृत्तों से विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में चुनाव ड्यूटी करने का आह्वान किया है। इच्छुक सेवानिवृत्त कर्मचारी अपनी सहमति के संदर्भ में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के नियंत्रण कक्ष के दुरभाष नंबर 01892-224905 व 224106 पर संपर्क कर सकते हैं, इच्छुक सेवानिवृत्त व्यक्ति के पास वर्दी की उपलब्धता होनी चाहिए। चुनाव ड्यूटी गृह निर्वाचन क्षेत्र से बाहर होगी तथा टीए/डीए व सम्मान सरकार के आदेशानुसार देय होगें।

### नौ मार्च को आयोजित होगी लोक अदालत

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला के सभी न्यायलयों में नौ मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा । यह जानकारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांगड़ा अजय मेहता ने दी। उन्होंने बताया की लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौतों के आधार पर किया जाएगा । इस दौरान आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, चेक बाउंस मामले, मोटर व्हीकल चालान के मामलों आदि पर सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा । इसके अतिरिक्त लोक अदालत में सड़क दुर्घटना में क्लेम, घरेलू हिंसा विवाद व वैवाहिक विवाद आदि के मामलों का भी निपटारा किया जाएगा ।

## निचला करियाड़ा गांव में पागल गीदड़ ने छह लोगों को काट खाया

**शुभम शर्मा, देहरा**

गांव निचला करियाड़ा में पागल गीदड़ ने आतंक मचा रखा है। आलम ऐसा है कि किसी भी ग्रामीण पर यह पागल गीदड़ अचानक हमला बोल रही है। गुरुवार सुबह सैर पर निकले 85 वर्षीय बुजुर्ग देशराज ठाकुर पुत्र कौर चंद के आलावा अपने घर के आंगन व खेतों में काम करने पर जुटे छह लोगों को एक साथ गीदड़ ने निशाना बनाकर उन्हें लहूलुहान कर डाला। इससे अब गांव भर में दहशत का महौल पैदा हो गया है। उन्हे उपचार हेतु सिविल अस्पताल देहरा पहुंचाया गया है।

बुजुर्ग देशराज ठाकुर ने बताया कि वह सैर करने के लिए अपने खेतों की ओर निकले थे कि वहां पीछे से उपरोक्त गीदड़ ने अचानक हमला बोल कर टांगों पर दांत लगा दिए। वहीं, इस दौरान साथ लगते गांव में टेबल पर बैठे राम चंद की टांग को उपरोक्त गीदड़ ने बुरी तरह काट खाया। इस हादसे में राम चंद की टांग से ज्यादा खून बहते देख उसे भी तुरंत उपचार हेतु स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। इसी तरह उपरोक्त पागल गीदड़ ने एक के बाद छह लोगों को अपना निशाना बनाया है। सभी घायल अस्पताल में अपना इलाज करवा रहे है। वहीं, करियाड़ा के नाग मंदिर प्रबंधक कुलदीप सिंह गुलेरिया व स्थानीय लोगों ने बताया कि इससे पहले भी यह पागल गीदड़ आधा दर्जन लोगों को अपना निशाना बना चुकी है। उन्होंने प्रशासन से तुरंत गीदड़ को पिजरा लगाकर पकड़ने की मांग उठाई है। (अनंत ज्ञान)

### इकलौती बहन ने दी अपने लाड़ले भाई को मुखाग्नि, मृतक देह घर में पहुंचने पर बेहोश हो गई मां, माहौल गमगीन

# शहीद हैप्पी चौधरी का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

नगरोटा बगवां उपमंडल के लिल्ली गांव के जांबाज सिपाही हैप्पी चौधरी का वीरवार को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया।

हैप्पी चौधरी पिछले दिनों लेह के ग्लेशियर में अपनी तैनाती के दौरान तबीयत खराब होने के कारण सैनिक अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल थे जहां उन्होंने शहादत पाई थी। मौसम खराबी के कारण तीन दिन बाद पार्थिव देह योल में बुधवार शाम पहुंची थी। पार्थिव देह वीरवार को पूरे सैन्य




सम्मान के साथ सेना की गाड़ी में योल से उसके पैतृक गांव लिल्ली लाई गई। अपने लाडले की मृतक देह के पहुंचने पर मां बेहोश हो गई। वहीं, गांव भारत माता की जय से गूंजा उठा। हजारों लोगों ने अंतिम संस्कार में भाग लिया। माहौल हुआ गमगीन।


शहीद को देखने के लिए उमड़ी भीड़।




शहीद हैप्पी चौधरी।

### अंतिम सलामी देकर दी विदाई

**हजारों** की संख्या में लोगों ने बड़ोह रोड चौक से लेकर लिल्ली गांव तक अंतिम यात्रा में हिस्सा लिया। इस अवसर पर डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा, नगरोटा बगवां के एसडीएम मनीष शर्मा, थाना प्रभारी नगरोटा बगवां रमेश ठाकुर व सेना छावनी योल से कर्नल शिव कुमार व हिमांशु राणा ने सैन्य सम्मान के साथ अंतिम सलामी देकर अंतिम विदाई दी।

### पिता बबलू बोले- मुझे मेरे बेटे पर गर्व है

**हैप्पी** चौधरी की 20 वर्षीय छोटी इकलौती बहन ने चिता को जब मुखाग्नि दी तो सैकड़ों लोगों की आंखें नम हो गई । इस अवसर पर शहीद के पिता बबलू कुमार ने कहा कि मुझे गर्व है कि मेरा बेटा देश के काम आया। बताते चलें कि शहीद हैप्पी चौधरी चार वर्ष पहले सेना की पंजाब रेजिमेंट में भर्ती हुआ था।

## सोनाली शर्मा को एक्टर गुलशन ग्रोवर के हाथों मिला हिमालयन श्री अवॉर्ड

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

सोनाली शर्मा एक्टर और मॉडल जो कि बैजनाथ नागटा की रहने वाली है और हिमाचल प्रदेश का नाम मॉडलिंग और एक्टिंग के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा चुकी हैं। उनकी इन उपलब्धियां को देखकर बॉलीवुड स्टार गुलशन ग्रोवर के हाथों हिमालय श्री अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया।

इस बारे में जब मॉडल सोनाली शर्मा से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि यह सफलता उनको करियर की शुरुआत से अभी तक जितनी मेहनत की है यह उसी का नतीजा है जो इस मुकाम तक पहुंची हैं और लगातार पांच से छह वर्षों से मॉडलिंग और एंकरिंग के क्षेत्र में कार्य कर रही है। उनकी इन्हीं गतिविधियों को देखते हुए बॉलीवुड सैर गुलशन ग्रोवर के हाथों उन्हें सम्मानित किया गया है। मॉडल सोनाली शर्मा ने बताया कि इसका श्रेय वह समस्त हिमाचल प्रदेश की जनता को देती है जो हमेशा समय-समय पर मुझे सपोर्ट करते रहते हैं। इसके लिए कितनी कड़ी मेहनत करनी पड़ी और माता-पिता का साथ कैसा रहा। इस प्रश्न का उत्तर देते हुए मॉडल सोनाली शर्मा ने बताया कि हिमाचल बासियों और खासकर माता रजनी शर्मा और पिताजी तिलक शर्मा के आशीर्वाद के बिना कुछ भी संभव नहीं था और उन्होंने लगातार अपना सहयोग दिया। (अनंत ज्ञान)


सोनाली शर्मा।

### अक्षिता जसवाल ने किया देश का नाम रोशन

**गरली।** जिला कांगडा स्थित जसवां परागपुर के गांव सरड़ दाई (गरली) की 16 वर्षीय अक्षिता जसवाल को आशा किरण संस्थान बिलासपुर घुमारवीं द्वारा आयोजित हुए अवॉर्ड शौ में एक बार फिर हिमाचल की सबसे कम आयु की एंकर मॉडल के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए बॉलीवुड-पॉलीबुड फेम अरविंद्र भट्टी व गुलशन ग्रोवर बॉलीवुड एक्टर के हाथों सम्मानित किया गया। वहीं, इससे पहले की बात करे तो अक्षिता बहुत सारे और नेशनल लेवल की अवॉर्ड और कई खिताब अपने नाम कर चुकी है। छोटी सी उम्र में ही मिस ग्लैमरस ऑफ इंडिया का खिताब अपने नाम किया है। वहीं, बेस्ट यंगेस्ट हिमाचल का अवार्ड ग्रेट खली से और मोस्ट पॉपुलर चाइल्ड आर्टिस्ट अवार्ड हिमाचल के एजुकेशन मिनिस्टर से हासिल कर चुकी है। अक्षिता ने छोटी उम्र में ही बहुत सारे राज्य स्तरीय मिले जैसे लोरी मेला, राज्य स्तरीय परागपुर बैसाखी मेला, राज्य स्तरीय कालेश्वर राज्य स्तरीय होली मेला आदि में अपना लोहा मनवा चुकी है।



डरोह। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल खैरा में कक्षा बारहवीं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया और विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। जमा दो के छात्र कर्ण कंठपाल को मिस्टर फेयरवेल व देवांशी को मिस फेयरवेल चुना गया, जबकि अर्पित पटियाल को मिस्टर जीनियस व शिल्पा को मिस जीनियस चुना गया।

## जेई मेन्स परीक्षा में चमके डीएवी स्कूल तियारा के छात्र

**अनंत ज्ञान, गगल**

डी ए वी पब्लिक स्कूल तियारा की दो छात्राओं अदिति और सरु का जेई मेन्स में चयन हुआ है। प्रधानाचार्या एकता अत्तरी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल की होनहार छात्राओं में से यह दो हैं।

अदिति के पिता एक व्यापारी हैं और माता अध्यापिका हैं। सरु के पिता डीएवी स्कूल तियारा में स्कूल बस चालक हैं और माता गृहणी हैं। प्रधानाचार्या ने बताया कि यह दोनों ही स्कूल की होनहार छात्राएं हैं और पढ़ाई के साथ खेलों में और स्कूल की अन्य गतिविधियों में भी हमेशा आगे रहती हैं। स्कूल के चेयरमैन जस्टिस प्रीतम पाल, क्षेत्रीय अधिकारी बिक्रम सिंह और मैनेजर रश्मि जम्वाल ने छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।


चयन हुई छात्रों के साथ प्रधानाचार्या एकता अत्री।

### यूपी पुलिस के हवाले किया बच्चा

**धर्मशाला।** उत्थान संस्था द्वारा उत्तर प्रदेश से लापता बच्चे को जिला बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार पुलिस के हवाले कर दिया है। बच्चा जनवरी महीने से उत्थान संस्था द्वारा संचालित खुला आश्रय में रह रहा था। बच्चे द्वारा बताए गए पते के अनुसार जब उत्थान संस्था द्वारा अपने स्तर पर जांच पड़ताल की गई तो जिला सीतापुर, उत्तर प्रदेश की जिला बाल कल्याण समिति से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह बच्चा यहीं का है तथा संस्था द्वारा जब बच्चे के दस्तावेज मंगवाए गए तो बच्चे की उम्र 19 वर्ष पाई गई। नियमानुसार खुला आश्रय में 18 वर्ष तक के बच्चों को रखने का प्रावधान है। इसलिए बच्चे की उम्र 18 से अपर होने के कारण बच्चे को यहां नहीं रखा जा सकता है। बालक को दिनांक 22 फरवरी को जिला बाल कल्याण समिति कांगड़ा के अनुसार आज बच्चे को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया जो कि आज बच्चे को उत्तर प्रदेश के जिला सीतापुर में छोड़ने के लिए रवाना हुए। उत्थान संस्था के निर्देशक स्वास्तिक मस्ताना ने बताया कि आगे भी इस प्रकार के बच्चों के लिए इसी प्रकार से कार्य किया जाएगा तथा बच्चों के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## कांग्रेस ने न गारंटियां पूरी की और न ही कोई विकास करवाया: उमेश दत्त

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उमेश दत्त ने वर्तमान कांग्रेस सरकार को पूर्णरूपेण असफल व चारों खाने चित सरकार बताया है। उमेश दत्त ने कहा की सुक्खू सरकार जन भावनाओं के अनुकूल कार्य नहीं रही है।



चुनावों मे दस गारंटियों का झांसा देकर प्रदेश में 2022 में कांग्रेस सत्तासीन हुई थी जो आज पूर्ण रूप से विफल साबित हुई है। आज न तो दस गारंटियां पूरी हुई है और न ही विकास कहीं दिखाई दे रहा है। इस बर्ष के बजट में युवा, महिला, किसान, बागवान, कर्मचारी व आम जनता अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही है। आज सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार हर महीने 1000 करोड़ का कर्ज लेकर 15,000 करोड़ से ज्यादा का कर्ज ले चुकी है। लेकिन सीपीएस की नियुक्तियां हो या अन्य फिजूल खर्ची कर प्रदेश के साधनों का दुरुपयोग किया जा रहा है। आज कर्मचारी वर्ग जहां अपनी सैलरी को लेकर परेशान है। वहीं, पेंशनर्स को पेंशन मिलन दुर्भर हो गई है। सैकड़ों आउटसोर्स कर्मचारी को जिन्होंने कोरोना जैसी महामारी के दौरान अपनी सेवाएं प्रदेश की जनता के लिए समर्पित की उनको बाहर का रास्ता दिखाकर चौराहे पर खड़ा कर दिया है। वहीं, सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार केंद्र से लगातार मिल रही आर्थिक सहायता व विकास में भागीदारी पर प्रश्न चिन्ह खड़े कर रही है।

## एक करोड़ के पार पहुंचा राजेश का कारोबार

### पहले करते थे नौकरी; अब 15 परिवारों को दे रहे आर्थिक संबल, युवाओं के लिए बने मिसाल

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

कई साल तक वेल्डिंग का काम करने के बाद गगल क्षेत्र के वैदी निवासी सोमनाथ ने बीमार होने के कारण 2006 में काम करना बंद कर दिया। उन्हें भी शायद यहीं लगता था कि पढ़ लिख रहा बेटा कहां यह काम करेगा। बेटे ने जमा दो करने के बाद होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई की और तीन साल तक करनाल में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी शुरू कर दी। जब सैलरी उम्मीद से कम मिली तो बिजनेस करने का आइडिया मन में आया।

बिजनेस के पर प्रति रुझान तो पहले ही था, लेकिन प्राइवेट कंपनी में सैलरी कम मिलने लगी तो इस दिशा में सोचने पर मजबूर कर दिया। जब पिता का कारोबार बंद हुआ तो घर में भी आर्थिक तंगी होने लगी। राजेश अपनी नौकरी से उतना नहीं बचा पाते कि संतोषजनक जिंदगी गुजर सके। इसी सोच के साथ साल 2013 में राजेश ने पिता के पुश्तैनी वेल्डिंग के काम को पुनर्जिवित किया। सीमित संसाधनों और शुरुआती दिक्कतों के बावजूद राजेश ने मेहनत जारी रखी।



साल 2019 में उन्होंने स्टील यूनिट शुरू कर दी और दो कर्मचारी तैनात कर दिए। हालांकि उसके बाद ऐसा दौर आया जब कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन राजेश ने मेहनत जारी रखी। 2019 में सालाना टर्न ओवर 12 लाख का था और दो कर्मचारी काम करते थे। 2023 में उनकी दो यूनिटों में उनके पास 15 कर्मचारी काम कर रहे हैं और फर्म का टर्न ओवर एक करोड़ से ऊपर पहुंच चुका है। गग्गल के बाद उन्होंने दूसरी यूनिट 45 मील नामक स्थान पर शुरू की है। राजेश बताते हैं कि कांगड़ा जिला में उनकी ऐसी दूसरी यूनिट 2019 में शुरू हुई थी। (अनंत ज्ञान)

### अब दूसरों को दे रहे रोजगार

**33** वर्षीय उद्यमी राजेश बताते हैं कि अगर नौकरी छोड़ अपना कारोबार नहीं कर रहे होते तो मुश्किल ही अपना परिवार पाल पाते। अब वह 15 परिवारों के पालन पोषण का माध्यम भी बने हुए हैं।

### युवा बन सकते हैं सफल उद्यमी

**राजेश** कुमार के अनुसार सरकार की कई योजनाओं का लाभ लेकर युवा सफल उद्यमी बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिला उद्योग केंद्र धर्मशाला के तहत स्वावलंबन योजना के तहत उन्होंने आर्थिक मदद पाकर व्यवसाय का विस्तार किया। उन्होंनें कहा कि उद्योग विभाग के धर्मशाला स्थित महाप्रबंधक राजेश खरवाल ने भी उन्हें न सिर्फ प्रेरित किया, बल्कि उनकी पीठ भी थपथपाई।

### विप्लव ठाकुर ने मंजूर करवाए तीन लाख

**देहरा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनखंडी में पिछले लगभग छह साल से दो भवन का निर्माण कार्य बंद था। इसके लिए स्थानीय लोगों सहित एसएमसी एवं प्राचार्य ने उक्त भवन का निर्माण कार्य शुरू करने की मांग पूर्व राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ नेत्री विप्लव ठाकुर से की। इसपर उन्होंने मामला सरकार से उठाने का वादा किया। विप्लव ठाकुर के प्रयासों से डीसी के माध्यम से उक्त भवन के निर्माण कार्य का बचा हुआ कार्य शुरू करने के लिए डीसी के माध्यम से तीन लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।



### 43 छात्रों ने नेट की परीक्षा की उत्तीर्ण

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में दिसंबर 2023 माह में ली गई यूजीसी-सीएसआईआर की ओर से आयोजित नेट एवं जेआरएफ की परीक्षा में इस बार 43 विद्यार्थियों ने नेट की परीक्षा पास की है। इसमें जेआरएफ की परीक्षा पास करने में 12 विद्यार्थी सफल रहे हैं। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल, अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. सुनील कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त की है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। छात्रों ने अलग- अलग विषयों में यह परीक्षा पास की है।

## तिब्बतियों को जबरन बेघर करने के खिलाफ चीन का किया विरोध


चीन के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करते तिब्बती समुदाय के लोग।

**सीमा शर्मा, मैक्लोडगंज**

द्रिचू नदी पर बनाए जा रहे बांध की वजह से चीन वहां आसपास रह रहे तिब्बतियों को जबरन उठाकर दूसरी जगह भेज रहा है। इसके विरोध में वीरवार शाम मैक्लोडगंज के मुख्य चौक पर निर्वासित तिब्बतियों के विभिन्न संगठनों ने एकजुट होकर तिब्बत में रह रहे तिब्बतियों के समर्थन और चीन के विरोध में आवाज बुलंद की।

रिजनल तिब्बतियन यूथ कांग्रेस के सचिव तेन्जिन लोबसंग ने कहा कि चीन द्वारा तिब्बतियों के रहन-सहन और जीने के तरीके को तहस-नहस किया जा रहा है। तिब्बतियों के विभिन्न चार संगठनों के सौ से अधिक लोगों व पदाधिकारियों ने चीन द्वारा तिब्बतियों के शोषण रोकने के प्रति आगाह किया। उन्होंने कहा कि पहले चीन ने तिब्बत पर कब्जा किया और अब वहां के लोगों को बेवजह परेशान किया जा रहा है। नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ तिब्बत के अध्यक्ष तशी ने कहा कि तिब्बत अभी चीन के कब्जे में है। तिब्बत के ईस्टर्न एरिया में तिब्बतियों के दो गांवों के तिब्बतियों को उजाड़ा जा रहा है। गांव के साथ नदी है, वहां पर चीन बांध बनाने जा रहा है। बांध बनाने के चलते वहां पर स्थित बौद्ध मठों को भी तोड़ने की योजना चीन बना रहा है। उन्होंने कहा कि रैली व प्रदर्शन के माध्यम से हम चीन को संदेश देना चाहते हैं कि विश्व भर में रह रहे तिब्बती बांध का विरोध करते हैं। (अनंत ज्ञान)

**आरोप** प्रधान की माता का नाम भी सूची में शामिल, कार्रवाई की उठाई मांग

## न बाढ़ आई; न मकान गिरा, फिर पीएम आवास योजना में कैसे स्वीकृत हो गए 25 मकान

**अनिल छांगू, जवाली**

अनंत ज्ञान स्पैशल

जवाली विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भरमाड़ में आपदा के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची आते ही बबाल मच गया है तथा लोगों ने पंचायत को आड़े हाथों लिया है। ग्राम पंचायत भरमाड़ में आपदा के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना में 25 मकान स्वीकृत हुए हैं तथा इनको लेकर पंचायत वासियों ने सवालिया निशान लगाया है।

ग्राम पंचायत भरमाड़ के वार्ड नंबर-दस के निवासी विद्या सागर व अरुण कुमार ने बताया कि भरमाड़ पंचायत में जो आपदा के तहत 25 मकानों की सूची आई है। उसमें ज्यादातर मकान पहले ही पक्के हैं। पहले भी सरकार की ओर से मकान की सुविधा ले चुके लोगों के नाम दोबारा सूची में डाल दिए हैं । उन्होंने इसकी लिखित शिकायत बीडीओ फतेहपुर में लगभग एक महीने पहले की थी और शिकायत के बाद फतेहपुर कार्यालय से कुछ कर्मचारियों ने भरमाड़ पंचायत में आकर जांच की थी लेकिन अभी तक कोई भी जवाब नहीं मिला। उनका कहना है कि भरमाड़ पंचायत में इस बरसात के मौसम में कोई भी मकान नहीं गिरा और न ही भरमाड़ पंचायत में कहीं बाढ़ आई। पंचायत में सिर्फ दो मकान गिरने के कगार पर थे लेकिन उन्हें सूची से बाहर रखा गया था। एक को सूची में डाल दिया गया है और दूसरे को सूची से बाहर रखा गया है। आरोप लगाया कि इस सूची में प्रधान की माता का नाम भी शामिल है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध ठाकुर व खंड विकास अधिकारी फतेहपुर से मांग की है कि इसकी जांच होनी चाहिए। वहीं, इस बारे खंड विकास अधिकारी फतेहपुर सुरेन्द्र जेतली ने कहा कि भरमाड़ पंचायत के लोगों ने शिकायत कि थी जिसकी जांच जारी है। वहीं, पंचायत प्रधान सुशील कुमार बताया कि मेरी पंचायत में भारी बरसात के कारण कई लोगों के घरों में पानी घुस गया था और मकान रहने लायक नहीं रहे थे और मैं मौके पर जाकर गिरे हुए मकान की सूची तैयार की थी और अब 25 मकानों की सूची स्वीकृत होकर आ गई है। वहीं, उन्होंने कहा कि मेरी माता का मकान भी गिर गया था इसलिएमेरी माता मेरे बड़े भाई के साथ रहती है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### गार्बेज बिल एकत्रीकरण पर की चर्चा

**सुन्नी।** सुन्नी में वीरवार को नगर पंचायत सुन्नी की मासिक बैठक अध्यक्ष प्रदीप शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नगर पंचायत सुन्नी के अहम मुद्दों पर चर्चा की गई । विशेष कर गार्बेज बिल और गृह कर एकत्रीकरण पर चर्चा की गई। अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में गार्बेज बिल एकत्रीकरण के लिए स्वयं सहायता समूह की कार्यकर्ताओं की सेवाएं ली जाएगी तथा यह कार्यकर्ता सुन्नी के समस्त वार्डों से गार्बेज बिल एकत्रीकरण का कार्य करेंगी। बैठक के दौरान वार्डों की नालियों की दशा सुधारने के लिए भी कार्य आरंभ किया जाएगा।

### चार लाख गबन करने का लगाया आरोप

**रोहड़ू।** लोकेंद्र सिंह पुत्र किताब सिंह निवासी गांव शलान पोस्ट ऑफिस पुजारली नंबर-दो के आवेदन पर सरकारी डिग्री कॉलेज सीमा रोहड़ू ने व्यक्ति पर चार लाख रुपए गबन करने का आरोप लगाया है, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सरकारी डिग्री कॉलेज सीमा ने नीतीश शर्मा निवासी मंडी को सीमा कॉलेज में शूटिंग रेंज स्थापित करने के लिए चार लाख की अग्रिम राशि दी थी, लेकिन नीतीश शर्मा द्वारा न तो शूटिंग रेंज को शुरू किया गया और न ही रेंज में ट्रेनिंग शुरू की गई है। न ही धोखाधड़ी के इरादे से ट्रस्ट में पैसा जमा करवाया गया है। इस मामले की पुष्टि डीएसपी रोहड़ू रविंद्र नेगी ने की है।

### स्टूडेंट्स को स्काउट फाउंडर-डे के बारे में बताया

**कुमारसैन।** वीरवार को राजकीय डिग्री कॉलेज कुमारसैन में रोवर रेंजर्स यूनिट द्वारा स्काउट फाउंडर-डे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डिग्री कालेज के प्रिंसिपल डॉ. राजेश ढोरटा ने किया। इस दौरान कॉलेज की रेंजर्स इशिता व मीनाक्षी ने कॉलेज के विद्यार्थियों को फाउंडर-डे के विषय में विस्तार से जानकारी दी। यूनिट के बच्चों ने कॉलेज के निकट स्थित मंदिर परिसर की साफ-सफाई की साथ ही विद्यार्थियों ने गेम्स खेल कर स्काउटिंग स्पिरिट को बढ़ावा दिया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिपोर्ट प्रस्तुत की

**रिकांगपिओ।** ठाकुर सेन नेगी राजकीय महाविद्यालय रिकांगपिओ में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन और रोवर एंड रेंजर्स यूनिट का फाउंडेशन-डे मनाया गया। दोनों इकाइओं का एक संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. पूनम मेहता ने इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। कॉलेज के प्राध्यापकों और स्वयंसेवियों ने मुख्यातिथि महोदय का भव्य स्वागत किया। एनएसएस स्वयंसेवी गीतिका ने सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान स्वयंसेवियों द्वारा किए कए कार्यों, जागरूकता रैली, सामाजिक गतिविधियों, योगा एवं ध्यान, इंटरएक्टिव सत्रों, तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### गांधी पार्क पर स्थित शनि मंदिर गिरकर ध्वस्त

**रामपुर बुशहर।** शिमला जिले के रामपुर गांधी पार्क के समीप ऐतिहासिक शनि मंदिर बीती रात गिर कर ध्वस्त हो गया। गनीमत रही की घटना के समय कोई व्यक्ति मंदिर परिसर में नहीं था, जिससे बड़ा हादसा होने से टला। मंदिर परिसर को बचाने के लिए जल शक्ति विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से सुरक्षा दीवार लगाई जा रही थी, लेकिन बीती रात तेज तूफान के दौरान शनि मंदिर अचानक पीपल के बड़े पेड़ समेत गिरकर सतलुज नदी में समा गया। अगर दिन में यह हादसा हुआ होता, तो कई जाने जा सकती थी। मंदिर सुरक्षा कार्यों में जुटे ठेकेदार हरीश कुमार ने बताया कि उनके मंदिर में कार्य चला हुआ था। मंदिर पुजारी महंत अजय गिरी ने बताया कि गांधी पार्क के साथ लक्ष्मी नारायण एवं शनि मंदिर साथ-साथ बने हैं, लेकिन बीती रात ऐतिहासिक एवं प्राचीन शनि मंदिर गिर गया है।

### नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक

**शिमला।** आरकेएमवी में वीरवार को एनएसएस शिविर का समापन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें डॉ. एचएल शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। स्वयंसेवी वर्णिका गुप्ता ने सात दिवसीय अनुपम साझा किए। इसमें अनुशासन, आत्म निर्भर तथा समाज सेता के प्रति तत्पर रहने की सीख ली। संस्कृति को नृत्य के माध्यम से दिखाया तथा नुक्कड़ नाटक के जरिए स्वयंसेवियों ने सभी को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। उसके बाद स्वयंसेवियों द्वारा जो-जो गतिविधियां इन सात दिवसीय शिविर में करवाई गई, उनको पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया। महाविद्यालय की प्राचार्य ने समाज सेवा के प्रति सदैव तत्पर रहने के लिए स्वयंसेवियों को प्रेरित किया।

### 28 को नगर निगम की होगी मासिक बैठक

**शिमला।** शिमला नगर निगम की मासिक बैठक 28 फरवरी को होने वाली है। विभिन्न मुद्दों पर इस बार सदन तपने वाला है। वार्ड में सफाई कर्मचारी की भर्ती से लेकर स्ट्रीट लाइट के मुद्दे उठने वाले हैं। 150 सफाई कर्मचारी की भर्ती नहीं की गई है और शहर में इनकी बहुत ज्यादा आवश्यकता है। शहर में 700 नई स्ट्रीट लाइटें लगनी हैं, लेकिन अभी तक इनका कार्य शुरू नहीं हो पाया है। बीते माह निगम हाउस में स्ट्रीट लाइटों को लगाने पर चर्चा हुई थी। निगम का कहना था कि अगले माह होने वाली बैठक से पहले ही शहर में स्ट्रीट लाइटों को लगाने का काम शुरू हो जाएगा। शहर के वार्डों में सफाई कर्मचारियों की कमी को लेकर भी चर्चा हो सकती है। इससे पहले नगर निगम हाउस में पार्षद आशा शर्मा ने सफाई कर्मचारियों की कमी को लेकर सवाल उठाए थे।

### बनोग का शांद महायज्ञ पहली व दो मार्च को

**जुन्गा।** देवता जुन्गा के प्राचीन एवं मूल मंदिर बनोग ठूंड में आगामी एक और दो मार्च को शांद महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देवता घनेणा जुन्गा, देवता धनचंद ठूंड के अतिरिक्त तत्कालीन क्योंथल रियासत के चौथे ईष्ट एवं राजा खुश विक्रम सिंह सेन और राजमाता विजय ज्योति सेन के सहित 24 देवठियों के कारदार सहित हजारों लोग भाग लेंगे। मंदिर समिति के भंडारी इंद्र सिंह ठाकुर और कारदार रंजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि करीब दो शताब्दी पुराने देवता जुन्गा मंदिर बनोग का जीर्णोद्धार किया गया है और अब इस मंदिर की शुद्धि और देवता के पुर्नस्थापन के लिए आगामी एक और दो मार्च को शांद महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। पहली मार्च की सायं को कुरुड़ स्थापित किया जाएगा, जो कि मंदिर की शांद महायज्ञ का प्रमुख हिस्सा होने के साथ-साथ लोगों के आकर्षण का केंद्र होता है।

### 25 फरवरी को सवैतनिक अवकाश घोषित

**शिमला।** पंचायतीराज संस्थाओं के रिक्त पदों पर उपचुनाव (मतदान होने की स्थिति में) के दृष्टिगत 25 फरवरी को सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश सभी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को तथा नेगोशिएबल इंस्ट्रमेंट एक्ट-1881 की धारा 25 के अंतर्गत देय होगा। इस बारे में जारी अधिसूचना के अनुसार उपचुनाव से संबंधित क्षेत्रों में इस दिन सरकारी कार्यालय, बोर्ड व निगमों के कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान, बैंक, डाकघर सहित सभी दुकानें तथा औद्योगिक प्रतिष्ठान इत्यादि बंद रहेंगे। अधिसूचना के अनुसार जो कर्मचारी प्रदेश के अन्यंत्र स्थानों में कार्यरत हैं और उनका मताधिकार उपचुनाव वाले निर्धारित क्षेत्रों में है, उन्हें मतदान के लिए विशेष आकस्मिक अवकाश भी देय होगा। इसके लिए उन्हें पीठासीन अधिकारी की ओर से मतदान की पुष्टि से संबंधित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

### सरकार ने नहीं बनाया विवेक को ब्रांड एंबेसडर

**शिमला।** राज्य सरकार के एक अधिकारिक प्रवक्ता ने स्पष्ट किया है कि निर्माता निर्देशक विवेक अग्निहोत्री को एक निजी संस्था ने अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है, जो सोलन के कोठो गांव में एक अस्पताल संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें ब्रांड एंबेसडर नियुक्त नहीं किया गया है, जैसा कि प्रसारित किया जा रहा है।

### ज्ञान की भूमिका पर दिया व्याख्यान

**शिमला।** राजधानी शिमला के संजौली कॉलेज में वीरवार को डीबीटी स्टार कॉलेज योजना के तहत गौरवशाली विज्ञान सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जीसी कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर भारती भागड़ा ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में डॉ. मनीषा कोहली, डॉ. वनीत जिस्टू मौजूद रहे। डॉ. पीके अहलूवालिया ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से सतत प्रगति की ओर मार्च पर व्याख्यान दिया और डॉ वनीत जिस्टू ने पौधों के संरक्षण के लिए हमारी पारंपरिक सांस्कृतिक प्रथाओं और ज्ञान की भूमिका पर भी व्याख्यान दिया।

### पौधरोपण कार्यक्रम का किया आयोजन

**रोहड़ू।** राजकीय स्नानतकोत्तर महाविद्यालय सीमा की रोवर-रेंजर्स इकाई की ओर से हमारी दुनिया हमारा समृद्ध भविष्य विषय पर आधारित विश्व चिंतन दिवस और विश्व स्काऊट दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज की रोवर-रेंजर्स इकाई की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण से किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.भूपेंद्र ठाकुर व डॉ. ललिता रावत बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहीं। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम में रोवर लीडर अश्वनी कुमार शर्मा व रेंजर लीडर डॉ. रवि कीरण शर्मा भी मौजूद रहे।

# जलरक्षकों ने स्थायी नीति के लिए खोला मार्चा

## सवर्ण आयोग एक्ट को विधानसभा में पारित करने को लेकर विधानसभा पहुंचे लोग, 10-10 घंटे कर रहे कार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सरकार की ओर से मांगें पूरी न करने को लेकर प्रदेश के जलरक्षक वीरवार को विधानसभा के बाहर पहुंच गए। इस दौरान जलरक्षकों ने सरकार के खिलाफ अपना मोर्चा खोला और प्रदर्शन किया।

संघ के अध्यक्ष रवि ठाकुर व महासचिव बबलू वर्मा ने कहा कि स्थायी नीति की उनकी प्रमुख मांग है। आज तक कांग्रेस सरकार ने ध्यान में रखते हुए उनके पक्ष में निर्णय लिए हैं, चाहे वह 2006 में प्रथम बार नियुक्ति की हो, चाहे 2017 में आर एंड पी रूल्ज की हो। वह सरकार से आग्रह करते हैं कि प्रदेश में कार्यरत करीब 6000 जलरक्षकों के हितों का ध्यान रखते हुए उचित निर्णय लें। जलरक्षक 10-10 घंटे कार्य कर रहे हैं और चाहे आपदा की स्थिति हो या फिर धूप छांव व बर्फबारी हो, लेकिन जलरक्षक अपनी सेवाओं से पीछे नहीं हटे हैं और इस कार्य को करते हुए उनके कई साथी भगवान को प्यारे हो गए हैं। इसलिए वह सरकार से मांग करते हैं कि उनके लिए स्थायी नीति बनाई जाए। वहीं, सवर्ण आयोग एक्ट को विधानसभा में पारित करने की प्रमुख मांग को लेकर प्रदेश के सभी सवर्ण संगठन व समस्त सभाओं को लोग विधानसभा पहुंचे और यहां पर मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और सरकार से उनकी मांगों को जल्द पूरा करने की पूरजोर ढंग से आवाज उठाई।


शिमला के चौड़ा मैदान में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते प्रदेश भर से आए जल रक्षक।

### सवर्णों के अधिकारों के लिए कर रहे प्रयास

अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र राजपूत ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से सवर्णों के अधिकारों के लिए वह निरंतर प्रयास कर रहे हैं। 76 वर्षों में किसी भी सरकार द्वारा सवर्ण समाज का उत्थान नहीं किया गया है, लेकिन सरकारों से आश्वासन ही मिले हैं। उन्हें मुख्यमंत्री से आशा है कि वह सवर्णों के अधिकारों से उन्हें वंचित नहीं रखेंगे। सभी संगठन भी सरकार से पूर्ण सहयोग होने पर तन-मन-धन से सरकार के साथ निस्वार्थ भाव से खड़े रहेंगे।

## डॉ. अजय कायथ बने एचजीसीटीए के अध्यक्ष

**शिमला।** राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी में हिमाचल गवर्नमेंट कॉलेज टीचर एसोसिएसन (एचजीसीटीए) स्थानीय कार्यकारिणी का डॉ. सुभाष कापटा की अध्यक्षता में गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से डॉ. अजय कायथ को अध्यक्ष, प्रो. हरिंदर ठाकुर को उपाध्यक्ष, डॉ. अमृत मेहता को सचिव, प्रो. इंदर नेगी को कोषाध्यक्ष, डॉ. सुशील मेहता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रो. बोबिजा को सह सचिव चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. कायथ की अध्यक्षता में बैठक की गई, जिसमें आगामी 25 को होने वाले जनरल हाउस में शिक्षकों से जुड़ों विभिन्न मुद्दों को उठाने के बारे में चर्चा की गई, जिसमें मुख्यत अध्यापकों के मुद्दों में वरीयता सूची पर गहनता से चर्चा हुई।

## विस अध्यक्ष से मिला जिला परिषद कर्मचारी महासंघ का प्रतिनिधिमंडल


विधानसभा अध्यक्ष से मिलता जिला परिषद कर्मचारी महासंघ का प्रतिनिधिमंडल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिला परिषद कर्मचारी महासंघ पंचायतीराज विभाग हि.प्र. का एक प्रतिनिधमंडल अपनी मांगों को लेकर विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से उनके कार्यालय कक्ष में मिला।

अपनी मांगों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष को अवगत करवाते हुए प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि वे अभी जिला परिषद पंचायतीराज विभाग के अधीन हैं तथा उनकी पूरजोर मांग है कि उनकी सेवाओं को ग्रामीण विकास विभाग में समायोजित किया जाए। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि वे इस कार्य के लिए पिछले कई वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं तथा उनका कार्य अब अंतिम चरण पर है। उन्हें अभी तक छठे वेतन आयोग का लाभ भी नहीं दिया गया है, जबकि वित्त विभाग पहले ही इसकी मंजूरी दे चुका है। ग्रामीण विकास मंत्री हि.प्र.अनिरुद्ध सिंह ने भी इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है, लेकिन अभी तक इसे लागू नहीं किया गया है।

## सीएम ने लैंड कोड के नवीन संस्करण का किया अनावरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश लैंड कोड के नवीन संस्करण का अनावरण किया। इसमें राजस्व एवं अन्य विभागों के भूमि से संबंधित मामलों के कानूनों का संकलन किया गया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश लैंड कोड का प्रथम संस्करण 192 में प्रकाशित किया गया था तथा 12 के बाद से इसे संशोधित नहीं किया गया था। इससे पूर्व भी भूमि से संबंधित अनेक कानूनों को संशोधित कर कई दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस लैंड कोड में राजस्व एवं अन्य विभागों से संबंधित 64 अधिनियम, पांच नियम तथा लगभग 340 अधिसूचनाएं एवं दिशा-निर्देशों को संकलित किया गया है। प्रत्येक उपायुक्त, एसडीएम व तहसील कार्यालयों में यह लैंड कोड उपलब्ध करवाया जाएगा, ताकि विभागीय अधिकारियों को विभिन्न अधिनयम, नियम, अधिसूचनाओं व दिशा-निर्देशों की अद्यतन जानकारी सुगमता से मिल सके। इस कोड से उन्हें राजस्व से संबधित मामलों के निपटारे को दक्षता से सुलझाने में मदद मिलेगी तथा भूमि से संबंधित शिकायतों का निवारण जल्द होने से लोगों को भी राहत मिलेगी। अक्तूबर, 2023 से अब तक राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से रिकॉर्ड 8091 इंतकाल और 602 तकसीम के लंबित मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया है। इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, विधायक रवि ठाकुर, हरीश जनारथा एवं अजय सोलंकी, प्रधान सलाहकार (सूचना प्रौद्योगिकी एवं नवाचार) गोकुल बुटेल, अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद शर्मा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।


लैंड कोड के नवीन संस्करण का अनावरण करते मुख्यमंत्री सुक्खू, साथ हैं अन्य।

## पूर्व अर्धसैनिक बलों की बैठक में होंगे शामिल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य पूर्व अर्धसैनिक बल कल्याण संघ का एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व हिमाचल प्रदेश राज्य और अखिल भारतीय अध्यक्ष, डीआइजीपी सेवानिवृत्त वीके शर्मा, सेवारत और पूर्व अर्धसैनिक बलों के सदस्यों के साथ, नंद लाल नेहर्टू, वीरसिंह, चेतराम और इंद्रसिंह, केशव राम और लोगों ने बैठक की बात कही है। इसमे मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। वीरवार को विधानसभा परिसर में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात की और बलकर्मियों की वास्तविक मांगों पर विचार करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। सभी सरकारी कल्याणकारी योजनाएं उन्हें लागू करने के लिए उचित तंत्र के अभाव में ज्यादातर कागजों पर ही रह जाती हैं।

## राजनीति का शिकार खल्टू बाजार

**दशमी रावत, रोहड़ू**

उबादेश क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खल्टू बाजार में पिछले वर्ष जुलाई में आई बरसात के कारण हुए नुकसान की भरपाई करने में आज दिन तक प्रदेश कांग्रेस सरकार विफल रही है, जबकि आपदा के समय शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने स्वयं इस स्थान में हुए नुकसान का जायजा लिया था।

वहीं दोनों मंत्रियों ने शीघ्र ही परिस्थितियों को दुरुस्त करने का वादा भी किया था। आठ महीने बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। समस्या पर आवाज उठाते हुए स्थानीय लोग अशोक जस्टा, राजपाल, सुनील चौहान, विनीत घासटा, पंकज औक्टा, प्रदीप भोल्टा, विजय भारद्वाज, सतीश हिमटा, राकेश शर्मा, रितेश चौहान, घनश्याम, अशोक, बानू लाल, राजीव डोटका, जय सिंह व राकेश लाइक ने कहा कि आज हालात यह है कि लोक निर्माण विभाग के द्वारा सड़क को सुरक्षित करने के लिए ढंगे लगाने की मुहिम अधर में लटकी हुई है, जिसके चलते आए दिन यहां लंबा जाम लगा रहता है। सड़क से उठ रही धूल के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ने के साथ घरों और बगीचों को भी धूल से नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों ने शिक्षा मंत्री पर क्षेत्र के साथ अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री रोहित क्षेत्र की ओर पीठ पलटाए हुए हैं। बीते सेब सीजन को मध्य नजर रखते हुए स्वयं ग्रामीणों ने कड़ी मशक्त कर उक्त सड़क को ठीक करवाया था। स्थानीय लोगों ने सरकार व प्रशासन से शीघ्र सड़क को सुरक्षित व खुला करने के लिए खल्टू नाला के साथ ढंगा लगाने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)


खल्टू बाजार।

## अंगदान के प्रति तीमारदारों को किया जागरूक

**शिमला।** शिमला के आईजीएमसी में स्टेट ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोटो ) हिमाचल प्रदेश की ओर से अंगदान व नेत्रदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। न्यू ओपीडी ब्लॉक और आई ओपीडी के बाहर मरीज के तीमारदारों को अंगदान में नेत्रदान की महत्वता के बारे में जानकारी दी गई। इसमें नेत्र रोग विभाग की ग्रीफ काउंसलर डॉ. सारिका व सोटो की टीम ने जानकारी देते हुए कहा कि नेत्रदान कोई भी व्यक्ति कर सकता है चाहे वह किसी भी जाति, धर्म, समुदाय और लिंग का हो। नेत्रदान करने और उसके बाद प्रत्यारोपण करने की प्रक्रिया में किसी प्रकार की फीस नहीं ली जाती।

## उपमंडल डोडरा क्वार में तीन दिन बाद बिजली बहाल

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

चांशल घाटी पर हिमपात होने के कारण उपमंडल डोडरा क्वार में पिछले तीन दिन से बिजली आपूर्ति बाधित चल रही थी। उल्लेखनीय है कि दुर्गम क्षेत्र डोडरा क्वार उपमंडल में पांच पंचायतें शामिल हैं।

पांच पंचायतों में दस गांव शामिल है, जिनमें सैकड़ों लोग रह रहे हैं और अपनी आजीविका चला रहे हैं। कई दिन बिजली आपूर्ति सुचारु रूप में न चलने के कारण वहां के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर थे। आजकल चांशल घाटी पर लगभग पांच फीट हिमपात जमा हुआ है। हिमपात के बीच चांशल घाटी पर लाइनमैन जचपान की अगुआई में बिजली विभाग के कर्मचारी जान जोखिम में डालकर डोडरा क्वार के लिए बिजली आपूर्ति बहाल करने में डटे हुए हैं। बिजली विभाग के कर्मचारियों की कड़ी मेहनत की बदौलत डोडरा क्वार के कुछ गांव में बुधवार को और बचे हुए अन्य गांव में वीरवार को बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल कर दी गई है।

> सब डिवीजन डोडरा क्वार के अधिशाषी अभियंता नरेंद्र नायक ने बताया कि चांशल घाटी पर सड़क मार्ग खोलने के लिए वीरवार से लोक निर्माण विभाग ने मशीनें लगा दी हैं। मौसम की स्थिति को देखते हुए अगले 15-20 दिन में सड़क मार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया जाएगा।

## आईएसबीटी बस अड्डे पर चालक परिचालकों को मिलेंगे नए 20 बेड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

अंतरराज्यीय बस अड्डा शिमला के आईएसबीटी में बस चालक और परिचालकों की सुविधा के लिए बीस नए बेड दिए जाएंगे। निगम प्रबंधन की ओर से यह नए बेड पूरी तरह से तैयार कर लिए हैं।

इस बस अड्डे पर रोजाना यहां से बसों का संचालन हिमाचल सहित अन्य बाहरी राज्यों के लिए किया जाता है। रात्री ठहराव सहित दिन में आराम करने के लिए निगम के चालक-परिचालकों के लिए यह बेड तैयार किए गए हैं, जिन्हें जल्द ही निगम के चालक-परिचालकों को दिया जाएगा। इस बस अड्डे पर रोजाना करीब 200 चालक-परिचालकों का आवागमन होता रहता है, ऐसे में डिपो के अनुसार चालक-परिचालकों को अलग से बेड प्रदान किए जाते हैं। बाहरी राज्यों व हिमाचल के दूरदराज क्षेत्रों से आने के बाद चालक-परिचालकों को आराम करने के लिए रेस्ट रूम प्रदान किए गए हैं, जिसमें उन्हें खाने की सुविधा के साथ ही साफ वाशरूम और आराम करने के लिए बेड प्रदान किए जाते हैं।



चालक-परिचालकों की मांग को देखते हुए यह अतिरिक्त बेड अब बनकर तैयार हो चुके हैं, जिन्हें जल्द ही निगम के चालक-परिचालकों को आबंटित किया जाएगा।

## विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में कार्यकारी परिषद की बैठक हुई। बैठक से पहले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्वविद्यालय इकाई द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

विद्यार्थी परिषद इकाई मंत्री अविनाश शर्मा ने कहा कि यूजी के विद्यार्थियों को परीक्षा में बैठने का एक और अतिरिक्त मौका दिया जाए। इसमें ऐसे विद्यार्थी हैं, जिन्होंने अपने परीक्षा देने के मौके रेवालुएशन परिणामों के देर से आने की वजह से खो दिया है। उन विद्यार्थियों को एक अतिरिक्त मौका परीक्षा में बैठने का दिया जाए। इसके अलावा विश्वविद्यालय की पेपर चेकिंग प्रक्रिया में सुधार किया जाए।

## आईजीएमसी में चार घंटे तक हड़ताल पर रहे आरकेएस कर्मी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश के सबसे बड़ा अस्पताल इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में वीरवार को भी आरकेएस कर्मचारी चार घंटे की हड़ताल पर रहे।

इसमे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आरकेएस कर्मचारियों के हड़ताल के कारण हाथों से पर्ची बनाकर दी जा रही थी। अस्पताल में मरीजों की लंबी कतारें देखने को मिली। हड़ताल खत्म होने के बाद ही अस्पताल में मरीज पैसे जमा करवा पा रहे हैं, मरीजों को पैसे जमा करवाने के लिए 12 बजे का इंतजार करना पड़ रहा है। 12 बजे के बाद यहां पर मरीजों की बहुत ज्यादा भीड़ हो जाती है। क्रस्ना लैब में टेस्ट तो किए जा रहे हैं, लेकिन टेस्ट करवाने के लिए मरीजों को इंतजार करना पड़ रहा है। आरकेएस के कर्मचारी हड़ताल पर होने के कारण सुबह ही लैब में टेस्ट करवाएं जा रहे हैं। इस कारण लैब में मरीजों की बहुत ज्यादा लंबी लाइन लग रही है। मरीजों को टेस्ट की रिपोर्ट भी देरी से मिल रही है। आरकेएस यूनियन के महासचिव विनोद कुमार ने बताया कि आइजीएमसी के 55 आरकेएस कर्मचारी हैं, जो लंबे समय से नियमित पे स्केल की मांग कर रहे हैं।

### हड़ताल के दौरान ओपीडी में नहीं दी कोई सुविधा

ओपीडी में किसी भी प्रकार की कोई भी सेवाएं प्रदान नहीं की गई, जब तक मांगों को नहीं माना जाता है, इसी प्रकार से डॉक्टरों की हड़ताल रहेगी। ओपीडी में किसी भी मरीज को 12 बजे तक चैक नहीं किया गया। 12 बजे के बाद ओपीडी में मरीजों को देखा गया।

> वीरवार को भी डॉक्टर हड़ताल पर हैं। ओपीडी में किसी भी प्रकार की कोई भी सेवाएं प्रदान नहीं की गई हैं, जब तक मांगों को नहीं माना जाता है। इसी प्रकार से डॉक्टरों की हड़ताल रहेगी।
>
> **राजेश राणा, एचएमओए के अध्यक्ष।**

**मुसीबत** आपदा में बेघर हुए लोगों को एमसी ने 29 फरवरी तक दिए थे ठहरने के लिए आवास

# छह महीने मिला प्रशासन का सहारा, अब फिर होंगे बेसहारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला शहर में बेघर हुए लोगों को राजीव आवास में ठहराया गया है। अब इनका समय समाप्त होने वाला है।

सितंबर माह से बेघर लोगों को राजीव आवास योजना के तहत रहने के लिए जगह दी गई थी। अब लोगों को अपना ठिकाना स्वयं ढूंढना होगा। बीते वर्ष भारी बारिश से आपदा आने के कारण निगम को करोड़ों का नुकसान हुआ था। इतना ही नहीं कई लोगों के घर भी नष्ट हो गए थे। कृष्णानगर मे 15 अगस्त को सलौटर हाउस जमींदोज हो गया। इससे आस पास की जगह भी खतरे की जद में आ गई।

कृष्णानगर को हमीरपुर एनआईटी द्वारा कॉन्टेनमेंट जोन में रखा गया। यह स्लम एरिया है, जिस कारण वहां और ऐसे हादसे होने का भय बना हुआ था। इसको देखते हुए निगम द्वारा फैसला लिया गया कि लोगों को उस जगह से शिफ्ट कर राजीव गांधी आवास योजना के तहत लोगों को उसमें ठहराया गया।

### लोगों को स्वयं ढूंढना होगा ठिकाना

जितने भी लोगों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है, उन्हें पहले ही इस बात से अवगत करवाया गया कि मार्च में इन आवासों को खाली करना होगा। लोगों को बीच में जितना समय मिला उसमें उन्हें अपने लिए आवास ढूंढना था।

### इस योजना का उद्देश्य

राजीव गांधी आवास योजना का उद्देश्य एक ऐसे भारत का निर्माण करना है, जहां समावेशी एवं सामयिक शहरों के साथ-साथ एक भी गंदी बस्ती न हो। जहां सभी नागरिकों को आधारभूत सुविधाएं, सामाजिक सुविधाएं और रहने के लिए समुचित व साफ-सुथरा आवास मिल सके।

> राजीव आवास में रहने वाले लोगों को नगर निगम द्वारा पहले ही बताया गया था कि वह अपना ठिकाना ढूंढ लें। अब इसका समय समाप्त हो गया है।
>
> **उमा कौशल, उपमहापौर नगर निगम शिमला।**

### महीने से ज्यादा रहने के लिए मिला राजीव आवास

राजीव आवास योजना के तहत बेसहारा, बेघर लोगों को एक महीने के लिए भवन में ठहराया जाता है। निगम शिमला द्वारा पांच से छह महीने तक इसमें लोगों को ठहरने की जगह दी, अब इसका समय समाप्त हो चुका है।

## गणेश व पंचमुखी हनुमान मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा 24 को

**सुन्नी।** सुन्नी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में गणेश एवं पंचमुखी हनुमान मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान 24 फरवरी से आरंभ होगी। आयोजकों के अनुसार 24 से आरंभ होने वाली मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का समापन 28 को होगा। इस अनुष्ठान में गुरू देव महंत प्रेम गिरी महराज, अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष पंचदशनाम जूना, अखाड़ा के कृपा पात्र, शिष्य थानापति महंत, दीपेश्वर गिरी तथा पंचदशनाम जूना अखाड़ा के सानिध्य में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न करवाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सिंगापुर जाएंगे शारीरिक शिक्षक धर्मेंद्र चौधरी



**पावंटा साहिब।** पावंटा साहिब स्थित शहीद कमल कांत स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटड़ी ब्यास ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। अब स्कूल के शारीरिक शिक्षक धर्मेंद्र चौधरी एक्सपोजर विजिट के लिए शिक्षा विभाग द्वारा राज्य परियोजना कार्यालय एसएसए के सहयोग से एक्सपोजर विजिट के लिए सिंगापुर के लिए चयनित हुए हैं। यह शिक्षा संबंधी यात्रा एक सप्ताह के लिए है, जो 22 से लेकर 29 फरवरी तक सिंगापुर में एक्सपोजर टूर में भाग लेंगे। इसमें वह शिक्षा व शारीरिक शिक्षा से संबंधित ट्रैनिंग ग्रहण करेंगे।

### उच्चतम न्यायालय का निर्णय ऐतिहासिक: आप



सोलन में पत्रकार वार्ता करते आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व अन्य।

**सोलन।** आम आदमी पार्टी ने उच्चतम न्यायालय द्वारा चंडीगढ़ के मेयर चुनाव पर जो निर्णय लिया है, हम इसका स्वागत करते हैं। प्रदेश प्रवक्ता राजीव शर्मा ने पत्रकार वार्ता में कहा कि यह निर्णय लोकतंत्र के प्रति हमारे अटूट समर्थन को दर्शाता है। भारतीय न्यायपालिका पूर्ण रूप से लोकतंत्र को सुनिश्चित करने में सक्षम है। इस निर्णय के माध्यम से लोकतांत्रिक संस्थाओं को बढ़ावा मिलेगा और भविष्य में सरकारी नीतियों को अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। जनता का विश्वास भारतीय न्यायपालिका में गहरा है और यह निर्णय इसे साबित करता है। उच्चतम न्यायालय का यह ऐतिहासिक निर्णय लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। हम उसे समर्थन करते हैं और इसका स्वागत करते हैं। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता राजीव शर्मा, जिला प्रधान भारत ठाकुर, संगठन मंत्री जतिन मुसाफिर, लोकसभा मीडिया इंचार्ज सुशील पंवर, जिला महामंत्री रीता ठाकुर, जिला प्रवक्ता प्रदीप एंग्रैवर, पर्वेश भट्टी, संदीप रघुवंशी, रणबीर मंडोतरा व अन्य उपस्थित रहे।

### एनसीसी कैडेट अशमी शर्मा का किया अभिनंदन



एनसीसी कैडेट अशमी शर्मा को सम्मानित करते सीओ कर्नल संजय शांडिल।

**सोलन।** गणतंत्र दिवस शिविर-2024 में भागीदारी के दौरान अनुकरणीय उपलब्धियों के लिए कैडेट अशमी शर्मा को सम्मानित किया गया। सोलन में वीरवार को एक एचपी गर्ल्स बटालियन सोलन ने एक समारोह का आयोजन किया। एक एचपी गर्ल्स बटालियन सोलन के सीओ कर्नल संजय शांडिल ने बताया कि कैडेट अशमी शर्मा के सराहनीय प्रदर्शन और एनआईएपी, बैले और ग्रुप डांस जैसी विभिन्न गतिविधियों में अपनी योग्यता का प्रदर्शन किया। उनकी अटूट प्रतिबद्धता को नई दिल्ली में 'डीजी प्रशस्ति कार्ड' से स्वीकार किया गया है। वर्तमान में वह जेपी यूनिवर्सिटी वाकनाघाट से कंप्यूटर साइंस में बीटेक कर रही हैं। कर्नल संजय शांडिल ने कैडेट अशमी शर्मा के उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशंसा की और बटालियन के भीतर उत्कृष्टता और समर्पण का एक चमकदार उदाहरण के रूप में उनकी सराहना की। उन्होंने अशमी को एक मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कैडेट्स को बटालियन के भीतर और बाहर दोनों जगह अपने प्रयासों में उत्कृष्टता प्राप्त कर रहे हैं।

### दीपक-योगेश करेंगे प्रदेश का प्रतिनिधित्व



धर्मशाला में आयोजित हिमाचल प्रदेश राज्य स्तरीय मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप में रनरअप रहे सोलन के दीपक दत्ता को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

**सोलन।** इंडोर स्टेडियम धर्मशाला में आयोजित हिमाचल प्रदेश राज्य स्तरीय मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप में सोलन जिले के योगेश चौहान ने 35+ मिक्स डबल्स में कुल्लू जिला की डिंपल के साथ पहला स्थान प्राप्त किया और 35+ मेंस डबल्स में जिला कांगड़ा के गौरव कपूर के साथ उपविजेता रहे। 40+ मेंस सिंगल वर्ग में सोलन जिले के योगेश चौहान उपविजेता रहे। 50+ मेंस सिंगल वर्ग में सोलन जिले के दीपक दत्ता ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया। सोलन बैडमिंटन संघ के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। सोलन बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष विजय काचरू और सभी संघ के सदस्यों ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी। जिला सोलन बैडमिंटन संघ सचिव यादवंदर ने बताया कि सोलन जिले के योगेश और दीपक दत्ता अगले माह मार्च में हरियाणा में होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### पांवटा कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा शिविर का समापन



राष्ट्रीय सेवा शिविर में प्रतिभागियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

**पावंटा साहिब।** श्री गुरु गोबिंद सिंह राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कई स्वयंसेवियों ने भाग लिया। इस समापन समारोह में नगर परिषद अध्यक्षा निर्मल कौर मुख्यातिथि रहीं, साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य विभव कुमार शुक्ला, डॉ. विवेक नेगी, डॉ. डीएस तोमर एसोसिएट प्रोफेसर, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जयचंद शर्मा और प्रो. नंदिनी कंवर और दीपा चौहान आदि विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जय चंद शर्मा ने सात दिन में की गई गतिविधियों का ब्योरा रखा। उन्होंने कहा कि यह शिविर 16 से 22 फरवरी तक चला। स्वयंसेवियों ने विभिन्न विषयों पर लोगों को जागरूक किया। स्लम एरिया में जाकर सफाई की, लोगों से बातचीत की तथा उनके बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवी साक्षी ठाकुर ने मंच संचालन किया। प्राचार्य विभव कुमार शुक्ला ने प्रोग्राम ऑफिसर और एनएसएस स्वयंसेवियों को बधाई दी।

### भाजयुमो ने सरकार की नाकामियां की उजागर

**सोलन।** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जिला मुख्यालय सोलन में स्थित भाजपा कार्यालय में भाजयुमो की एक बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता शिमला लोकसभा प्रभारी सुशील कडशोली ने की और उनके साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष रतन पाल, युवा मोर्चा प्रदेश सचिव नरेंद्र ठाकुर, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीपक शर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर, जिला महामंत्री सर्वजीत, जिला उपाध्यक्ष राहुल शर्मा, जिला सचिव संदीप और कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सुशील कंदोशी ने कहा कि भाजयुमो साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है और इसको लेकर बूथ स्तर पर कार्य किया जा रहा है। वहीं इस दौरान लोगों को केंद्र सरकार की योजना के बारे में और प्रदेश सरकार की नाकामियों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

### कांगड़ा में एलआईसी अभिकर्ताओं की आम सभा कल

**नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन में लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया शिमला मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष यशपाल ठाकुर ने बताया कि 24 फरवरी को कांगड़ा में एलआईसी अभिकर्ताओं की आमसभा होनी सुनिश्चित हुई है। उन्होंने बताया कि बीते तीन वर्षों से लीफी की आम सभा नहीं हो पाई थी जिस पर चर्चा की जाएगी।। इसके साथ साथ एलआईसी के मुख्य प्रबंधक और क्षेत्रीय प्रबंधक क्लब मेंबर्स की सदस्यता को लेकर भी विचार-विमर्श किया जाना है। उन्होंने बताया कि आमसभा के दौरान एलआईएएफआई (लीफी) शिमला मंडल कार्यकारिणी के चुनाव भी किए जाएंगे।

## पानी लिफ्ट नहीं होने से नगर निगम सोलन ने शुरू की पानी की राशनिंग

# शहर में पांच दिन बाद बुझी लोगों की प्यास

आर मोहन चौहान, सोलन

जल शक्ति विभाग और बिजली बोर्ड की खींचतान के कारण सोलन वासियों को सर्द मौसम में पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह है कि लोगों को पांच से छह दिन बाद पानी की सप्लाई की जा रही है, वह भी मांग से कम। पानी की कमी को देखते हुए नगर निगम ने भी पानी की राशनिंग शुरू कर दी है। वार्डों के अनुसार निगम द्वारा पानी लोगों को वितरित किया जा रहा है।

जल शक्ति विभाग के पदाधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार गिरि पेयजल योजना में बीते दिनों से वोल्टेज समस्या और तकनीकी खराबी आने के चलते पेयजल की समस्या पेश आई है। गौड़ा में स्थित गिरि पेयजल योजना को बिजली आपूर्ति देने वाले ट्रांसफार्मर में खराबी आने के चलते पानी को लिफ्ट करने में परेशानी आ रही है। हालांकि अश्विनी पेयजल योजना से पानी की लिफ्टिंग हो रही है।



नगर निगम सोलन के वाटर टैंक, जहां से शहर को पानी सप्लाई किया जाता है।

**आज वार्ड नंबर दो, तीन चार, छह, सात, नौ और दस में मिलेगा पानी**

वहीं, बिजली बोर्ड ट्रांसफार्मर में आई तकनीकी खराबी को ठीक करने में लगा हुआ है। गौर हो कि सोलन शहर के 17 वार्डों में रोजाना करीब 80 से 90 लाख लीटर पानी की आवश्यकता होती है, जिसे गिरि और अश्विनी दोनों पेयजल योजनाओं के माध्यम से पूरा किया जाता है, ऐसे में एक पेयजल योजना से लिस्टिंग बंद हो जाने के बाद शहर में पानी की कमी हो जाती है।

### सोलन में पानी को लेकर हाहाकार, विधायक बेखबर : शैलेंद्र

भाजपा प्रवक्ता शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि 2021 में नगर निगम चुनावों के घोषणापत्र में हर दिन पीने का मुफ्त पानी और वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने के वायदे पर कांग्रेस खरी नहीं उतरी है। चुनाव जीतने के बाद गारंटियों की तरह कांग्रेस नगर निगम के चुनावों में किए गए वायदों को भी भूल गई है। गुप् ता ने कहा कि सोलन में पांच दिन से पानी के लिए हाहाकार मचा है, लेकिन विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल बेखबर हैं। सरकार की ढीली पकड़ के कारण नगर निगम और जल शक्ति विभाग में सामंजस्य नहीं दिख रहा है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में 14 करोड़ से बनी गिरी पेयजल विस्तारीकरण योजना कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बेकार साबित हो रही है।

"गिरी पेयजल योजना में तकनीकी खराबी आने के चलते पानी की लिफ्टिंग नहीं पा रही। इसके चलते निगम को कम मात्रा में पानी दिया जा रहा है। बुधवार शाम तक निगम को 72 लाख लीटर पानी दिया गया है।
-सुमित सूद, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग।

"शहर में पेयजल की कमी को देखते हुए निगम वार्डों के अनुसार पानी लोगों को दे रहा है। आज वार्ड नंबर दो मॉल रोड क्षेत्र, वार्ड नंबर तीन, चार, सात, छह, नौ और दस नंबर वार्ड में पानी की सप्लाई दी जाएगी। लोगों से अपील है कि पानी का सदुपयोग करें।
-उषा शर्मा, मेयर नगर निगम सोलन।

जल शक्ति विभाग का दावा है कि बुधवार को निगम को 72 लाख लीटर पानी दिया गया है। इसके बाद निगम ने शहर के कुछ वार्डों में वीरवार को पानी की सप्लाई दी है।

शेष वार्डों में शुक्रवार को सप्लाई दी जानी है। नगर निगम ने लोगों से पानी का सदुपयोग करने की अपील की है। नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार शहर में पेयजल किल्लत को देखते हुए पानी की राशनिंग शुरू की गई है। वीरवार को नगर निगम के वार्ड नंबर दो, आठ, 11, 12 और 14 में पानी की सप्लाई दी गई। वहीं, शुक्रवार को वार्ड नंबर दो मॉल रोड क्षेत्र, वार्ड नंबर तीन, चार, सात, छह, नौ और दस नंबर वार्ड में पानी की सप्लाई दी जाएगी। पानी की लिफ्टिंग कम होने के चलते निगम के स्टोरेज टैंकों में भंडारण लेबल भी कम हो गया है। इसके चलते आगामी दिनों में वार्डों के अनुसार ही निगम पानी की आपूर्ति करेगा। (अनंत ज्ञान)

## शूलिनी विश्वविद्यालय और जैल शैक्षणिक साझेदारी से छात्रों को एसीसीए का लाभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

शूलिनी यूनिवर्सिटी और जैल एजुकेशन ने विश्वविद्यालय में बीकॉम प्रोग्राम करने वाले छात्रों को एसोसिएशन ऑफ चार्टर्ड सर्टिफाइड अकाउंटेंट्स (एसीसीए) प्रमाणन प्रदान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। जैल एजुकेशन भारत का अग्रणी वित्त और अकाउंट्स एड-टेक प्लेटफॉर्म है। शूलिनी विश्वविद्यालय में प्रबंधन विज्ञान संकाय के अध्यक्ष और डीन, प्रोफेसर मुनीश सहरावत और जैल एजुकेशन के सह-संस्थापक और निदेशक अनंत बेंगानी द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

इस साझेदारी के तहत जैल एजुकेशन उच्च मान्यता प्राप्त एसीसीए प्रमाणन प्राप्त करने में रुचि रखने वाले छात्रों को उनकी डिग्री पूरी करने तक सहायता करेगा। यह एकीकृत दृष्टिकोण छात्रों को नौ छूटें प्रदान करेगा। अध्ययन के दो वर्षों के समय की बचत करेगा और विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रमाणन के साथ-साथ खातों और वित्त क्षेत्र में विश्व स्तरीय शिक्षा तक पहुंच प्रदान करेगा।

प्रो. मुनीश सहरावत ने कहा कि हम अपने छात्रों को शीर्ष स्तर की शिक्षा और करियर के अवसर प्रदान करने में गर्व महसूस करते हैं। जैल एजुकेशन के साथ साझेदारी करके हम छात्रों को स्नातक अध्ययन के साथ-साथ प्रतिष्ठित एसीसीए प्रमाणन अर्जित करने का मार्ग प्रदान कर रहे हैं। जैल एजुकेशन के सह-संस्थापक और निदेशक अनंत बेंगानी ने कहा, हम विश्व स्तरीय शिक्षा तक आसान पहुंच बनाने में दृढ़ता से विश्वास करते हैं, जो छात्रों को उनके महत्वाकांक्षी करियर में मदद कर सकती है। यह सहयोग विशेष रूप से शूलिनी विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए उद्योग-मान्यता प्राप्त प्रमाणन के साथ अपनी डिग्री को अपग्रेड करने के अवसर की एक ओर एक बड़ा कदम है।

## विवि में चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन



शूलिनी विवि में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में स्मारिका का अनावरण करते अतिथि।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

जूलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया (जेडएसआई) और इंडियन साइंस कांग्रेस एसोसिएशन चंडीगढ़ चैप्टर के सहयोग से शूलिनी विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बायोलॉजिकल एंड एनवायर्नमेंटल साइंसेज, विज्ञान संकाय द्वारा 'सतत विकास के लिए तकनीकी प्रगति जैव विविधता संरक्षण की ओर' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है।

यह सम्मेलन जैव विविधता संरक्षण और सतत विकास की चुनौतियों से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति को चिह्नित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है।

सम्मेलन का उद्घाटन प्रो. आरसी द्वारा किया गया। प्रो. सोबती के साथ चांसलर प्रो. पीके खोसला, प्रो. चांसलर विशाल आनंद, निदेशक योजना शूलिनी विश्वविद्यालय प्रो. जेएम जुल्का, रजिस्ट्रार शूलिनी विश्वविद्यालय प्रो. सुनील पुरी और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। अपने उद्घाटन भाषण में प्रो. आरसी सोबती पंजाब विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति ने जैव विविधता संरक्षण और स्थिरता की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया।

## एकता काप्टा ने संभाला निगम आयुक्त का पदभार

**सोलन।** नगर निगम सोलन में वीरवार को एचएएस अधिकारी एकता काप्टा ने आयुक्त पद का कार्यभार संभाला। निगम में नया आयुक्त मिलने के बाद से अब विकास कार्य में तेजी आएगी। जानकारी के अनुसार एकता काप्टा वर्ष 2011 बैच की एचएएस अधिकारी है। इससे पूर्व भी वह सोलन में प्रशासनिक पदों पर सेवाएं दे चुकी हैं। निगम कार्यालय पहुंचने पर स्टाफ सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद निगम की नवनियुक्त आयुक्त एकता काप्टा ने कहा कि वह सोलन शहर की समस्याओं से भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने कहा कि सोलन को प्रदेश का एक ऐसा शहर बनाना है, जिसमें यहां रहने वाले लोगों को हर मूलभूत सुविधाएं मिलें।

## लोस चुनाव पर होने वाले व्यय की करें निगरानी



संयुक्त प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता करते जिला निर्वाचन अधिकारी सुमित खिमटा।

**नाहन।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिरमौर सुमित खिमटा ने लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन व्यय की निगरानी के संबंध में जारी दिशा-निर्देश और नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश सभी व्यय निगरानी समितियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और स्वंत्रत रूप से संपन्न करने के लिए सभी अधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेवारी को निष्ठापूर्वक गंभीरता से निभाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी वीरवार को नाहन में निर्वाचन व्यय निगरानी (इलैक्शन एक्पेंडिचर मॉनिटरिंग) हेतु नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों के संयुक्त प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे थे।

## कला केंद्र में 'सुने री चिड़िया' नाटक का मंचन



आसरा संस्था के कलाकार लोकनाट्य का मंचन करते हुए।

**सोलन।** आसरा संस्था ने हाब्बी मान सिंह कला केंद्र जालग में 'सुने री चिड़िया' लोकनाट्य का मंचन किया। इस लोकनाट्य का प्रदर्शन संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार भारत रंग महोत्सव की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष पर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्ली के जन भारत रंग के अंतर्गत किया गया। यह जानकारी आसरा संस्था के प्रभारी जोगेंद्र हाब्बी ने दी। यह लोकनाट्य विशेष रूप से विकसित भारत, वसुधैव कुटुंबकम् और पंचप्रण पर आधारित रहा। लोकनाट्य में यह दर्शाने का प्रयास किया गया कि एकता के अभाव में और समाज में फैली बुराइयों के कारण भारत ने सोने की चिड़िया की स्थिति को खोया है। लोकनाट्यों के माध्यम से समाज में फैली बुराइयों के प्रति जन मानस में जागरूकता लाई जा सकती है। सूने री चिड़िया लोकनाट्य का प्रदर्शन गुरु पद्मश्री विद्यानंद सरैक के मार्गदर्शन में तथा वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवा चुके सुविख्यात लोक कलाकार जोगेंद्र हाब्बी के निर्देशन में किया गया। लोकनाट्य के पात्रों में मुख्य भूमिका गोपाल हाब्बी व रामलाल वर्मा ने निभाई। इसके अलावा सरोज, चमन, मनमोहन, अमी चंद, सुनील, अनु, हेमलता, आरती, संदीप, देवी राम आदि कलाकारों ने भी अपने अपने किरदार को बखूबी निभाया।

## स्वच्छ जल स्वच्छ मन कार्यक्रम 25 को

**नाहन।** संत निरंकारी मिशन के सेवादल इंचार्ज विकास अग्रवाल ने बताया कि 25 फरवरी को अमृत परियोजना के तहत स्वच्छ जल स्वच्छ मन कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत शिमला रोड स्थित बावड़ी और अन्य जल स्रोतों की मिशन से जुड़े लोगों द्वारा सफाई की जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण तथा इसके बचाव हेतु अपनायी जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाना एवं उन्हें क्रियान्वित रूप देना है।

## नप नाहन को कांग्रेस रख रही दबाव में : बिंदल

**नाहन।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से मानसिक दिवालियेपन पर आ गई है। नगर परिषद नाहन की घटना का विषय रखते हुए डॉ. बिन्दल ने कहा कि नगर परिषद शुद्ध रूप से स्वतंत्र काम करने वाली लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत चुनी हुई परिषद है, जो नगर पालिका के कार्यों का संचालन करती है और अपने निर्णय लेने में स्वतंत्र है, परंतु नाहन की कांग्रेस पार्टी ने नाहन नगर परिषद को सत्ता में आने के बाद से लगातार दबाव में रखा है, जिसके कारण शहर के विकास कार्य लगातार बाधित हो रहे हैं।

कांग्रेस के सत्ता में आते ही स्थानीय विधायक के निर्देश पर परिषद को मिलने वाली ग्रांट कम कर दी गई और जो राशि प्रदेश सरकार से मिली थी उसकी आधी राशि वापस ले ली है। कांग्रेस के नेता अधिकारियों, कर्मचारियों को केवल भाई-भतीजावाद के लिए प्रोमोट कर रहे हैं।

## टोल टैक्स बैरियर की नीलामी 43.07 करोड़ में

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

प्रदेश राजस्व कर एवं आबकारी विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए राजस्व जिला बद्दी के विभिन्न टोल टैक्स बैरियर की नीलामी 43.07 करोड़ रुपए में की गई है। नीलामी एवं निविदा प्रक्रिया गत देर सायं संपन्न हुई। यह जानकारी आज राज्य कर एवं आबकारी विभाग के राजस्व जिला बद्दी के उपआयुक्त सोमदत्त शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने नीलामी प्रक्रिया की अध्यक्षता की। जिला आवंटन समिति में दक्षिण जोन के जोनल समाहर्ता विवेक चौहान, राज्य कर एवं आबकारी विभाग के संयुक्त आयुक्त उज्ज्वल सिंह राणा तथा वह स्वयं उपस्थित रहे।

सोमदत्त शर्मा ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राजस्व जिला बद्दी के विभिन्न टोल टैक्स बैरियर की नीलामी से वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 8.63 करोड़ रुपए अधिक प्राप्त हुए हैं। उपआयुक्त ने कहा कि वर्ष 2024-25 के लिए बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ के 12 टोल टैक्स बैरियर, नीलामीकर्ता

**राजस्व जिला बद्दी के विभिन्न टोल टैक्स बैरियर की नीलामी की अध्यक्षता डीसी सोलन ने की**

जतिंद्रा एसोसिएट्स को प्राप्त हुए। नीलामी प्रक्रिया में तीन नीलामीकर्ताओं ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि नीलामी प्रक्रिया में राजस्व जिला बद्दी के बद्दी एवं बरोटीवाला तथा ढेरोवाल इकाइयों की नीलामी हुई।

ढेरोवाल इकाई के छह टोल टैक्स बैरियर की नीलामी से वर्ष 2024-25 में कुल 17.75 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। यह गत वर्ष की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक है। सोमदत्त शर्मा ने कहा कि वर्ष 2024-25 के लिए बद्दी एवं बरोटीवाला टोल टैक्स बैरियर इकाई की नीलामी से 25.32 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। यह गत वर्ष की नीलामी से 16 प्रतिशत अधिक है। उपआयुक्त ने कहा कि बद्दी एवं बरोटीवाला टोल टैक्स बैरियर इकाई के तहत बद्दी, झाड़माजरी रोड वाया सन सिटी, बरोटीवाला, गोरखनाथ मंदिर (गोरखनाथ-शाहपुर रोड़), कालुझंडा तथा रामपुर जग्गी (ट्रक यूनियन बरोटीवाला) सम्मिलित हैं। उन्होंने कहा कि बद्दी एवं बरोटीवाला टोल टैक्स बैरियर इकाई की वर्ष 2024-25 की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य 23 करोड़ 89 लाख 20 हजार 10 रुपए निर्धारित किया गया था।

उन्होंने कहा कि ढेरोवाल टोल टैक्स बैरियर इकाई के तहत गुल्लरवाला, नवगांव, बघेरी, ढेरोवाल, दभोटा तथा रतयोड़ सम्मिलित हैं। उन्होंने कहा कि ढेरोवाल टोल टैक्स बैरियर इकाई की वर्ष 2024-25 की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य 13 करोड़ 99 लाख 20 हजार रुपए निर्धारित किया गया था। सोमदत्त शर्मा ने कहा कि राजस्व जिला बद्दी के दोनों टोल टैक्स बैरियर इकाई के लिए वर्ष 2024-25 में नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य 37.88 करोड़ रुपए निर्धारित किया गया था। उन्होंने कहा कि यह टोल टैक्सी बैरियर प्रथम अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक की समय सीमा के लिए नीलाम किए गए हैं।

**लूट-खसोट** बद्दी के शीतलपुर में करोड़ों का खनिज हो चुका चोरी, कार्रवाई को नहीं कोई तैयार

# सरकारी भूमि पर सरेआम हो रहा अवैध खनन

अनंत ज्ञान, बीबीएन

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के साथ लगती पंचायत हरिपुर, संडोली व मलपुर में काफी समय से अवैध खनन का सिलसिला जारी है। यह अवैध खनन शीतलपुर-दासोमाजरा मार्ग के किनारे हो रहा है, अगर नहीं रुका तो बद्दी से ही सीधा पंजाब नजर आने लगेगा। खनन माफिया ने बड़े स्तर पर अवैध खनन करते हुए पहाड़ों के पहाड़ खत्म कर दिए हैं। रोजाना रात को कई जेसीबी व पोकलेन मशीनें की ओर से पहाड़ों का सीना छलनी किया जा रहा है। रोजाना लाखों की वन संपदा को खनन माफिया चोरी कर रहा है। ऐसे में वन विभाग और खनन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।

पहाड़ों को अवैज्ञानिक तरीके से करीब कई फुट तक काट दिया गया है तो अब जानलेवा साबित हो सकती है। जानकारी के अनुसार वन



हरिपुर, संडोली व मलपुर में अवैध खनन का सिलसिला लगातार जारी है।

मंडल नालागढ़ की मलकूमाजरा बीट के अधीन यह क्षेत्र आता है। इस बारे में ग्रामीण भी कई बार आवाज उठा चुके हैं, लेकिन कोई इस दिशा में ध्यान नहीं दे रहा है। मलपुर पंचायत के प्रधान सरोज देवी का कहना है कि दासोमाजरा शीतलपुर मार्ग पर बड़े स्तर पर अवैध खनन हो रहा है।

इस बारे में विभाग को भी सूचित किया गया था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो पाई है। इसके चलते अब हमने इसकी शिकायत करना छोड़ दिया है। वन रेंज अधिकारी बद्दी करतार सिंह का कहना है कि उनके ध्यान में ऐसी शिकायत नहीं आई है। ऐसा है तो व ब्लॉक आफिसर को मौके पर रिपोर्ट के लिए भेजेंगे और अगर यहां किसी तरह का अवैध कटिंग या खनन का कार्य पाया जाता है तो उसकी जांच करवाई जाएगी।

इन दिनों औद्योगिक क्षेत्र बद्दी व नालागढ़ के बीच फोरलेन व रेललाइन निर्माण का कार्य भी चल रहा है। दोनों ही परियोजनाओं के लिए कई तरह के मैटीरियल की काफी अधिक जरूरत होती है और अवैध खनन माफिया सीधा पहाड़ों को चीर कर यह सामग्री निकालकर फोरलेन व रेलवे के ठेकेदारों को बेचने का काम कर रहे हैं। हैरानी की बात तो यह हैकि क्षेत्र के अधिकारी इन सभी देखते हुए भी अनदेखा करते जा रहे हैं, जिससे बरसातों के समय फिर क्षेत्र के लोगों को प्रलय देखने को मिलेगा।

### दून में अवैध खनन के रिकॉर्ड टूटे : पूर्व विधायक

दून पूर्व विधायक परमजीत सिंह का कहना है कि बद्दी क्षेत्र में अवैध खननके इस बार सारे रिकॉर्ड टूट गए हैं। बिना रोकटोक अवैध खनन के कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। क्षेत्र के नेताओं की शह पर इस तरह के कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है, जिसके दुष्परिणाम अब क्षेत्र के लोगों को बरसातों में भुगतने पड़ेंगे। क्षेत्र के अधिकारियों को चाहिए कि वे ईमानदारी से इस तरह के कार्यों पर लगाम लगाएं और अवैध खनन को रोका जाए।

## रणजी खिलाड़ी गुरविंद्र सिंह टोली ने अनुराग ठाकुर का जताया आभार

प्रीति चौहान, पांवटा साहिब

क्रिकेट के क्षेत्र में लंबा सफर तय करने के बाद हिमाचल प्रदेश के रणजी खिलाड़ी गुरविंद्र सिंह टोली ने क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। ऑफ स्पिनर टोली ने अपने रणजी करियर में हिमाचल के लिए 40 मैच खेले हैं। इन मैचों में टोली ने 141 विकेट झटके। बता दें कि गुरविंद्र सिंह का वर्ष 2010 में रणजी करियर में डेब्यू हुआ। उन्होंने पहले मैच में चार विकेट झटके थे। तीन दिन पुड्डुचेरी के साथ हुए अपने आखिरी मैच में टोली ने विरोधी टीम के छह खिलाड़ियों को पवेलियन भेजा। इसमें पुड्डुचेरी को हराकर हिमाचल ने पहली जीत दर्ज की थी। इसमें पहली पारी में टोली ने चार और दूसरी में दो विकेट लिए।

पांवटा साहिब निवासी टोली क्रिकेट में विश्व के खतरनाक बल्लेबाज युवराज सिंह और विरेंद्र सहवाग को आउट करना और

**सन्यास के बाद बोले- युवराज और सहवाग को आउट करना रहे मुख्य पल**

हिमाचल को विजय हजारे ट्रॉफी में जीत दिलाने को अपना सबसे यादगार पल मानते हैं।



बता दें कि गुरविंद्र टोली ने 1998 में लगभग 17 साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया और क्रिकेट की बारीकियां सीखीं। उन्होंने कहा कि उनके पास खेलने के लिए जूते भी नहीं होते थे। अब 41 साल की उम्र में उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी है। इसके बाद उन्होंने केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और बीसीसीआई के पूर्व कोषाध्यक्ष अरुण धूमल का आभार जताया। वहीं, संन्यास लेने के बाद पांवटा पहुंचने पर शिवाजी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा गुरविंद्र सिंह टोली का जोरदार स्वागत किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### आईपीएल का पहला मैच 22 को चेन्नई का सामना बेंगलुरु से

**नई दिल्ली।** गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स 22 मार्च को आईपीएल-2024 सत्र के शुरुआती मैच में चेन्नई में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सामने होगी।



बीसीसीआई ने गुरुवार को इस लोकप्रिय टी-20 लीग के पहले 17 दिन के कार्यक्रम की घोषणा की।आईपीएल के बचे हुए मुकाबलों के कार्यक्रम का ऐलान अगले महीने के शुरू में आगामी लोकसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद किया जाएगा। टूर्नामेंट के पहले 17 दिन 21 मैच खेले जाएंगे। प्रारूप के अनुसार 10 टीम को पांच-पांच के दो ग्रुप में विभाजित किया गया है। ग्रुप चरण में प्रत्येक टीम 14 मैच खेलेगी। हर टीम अपने ग्रुप में अन्य चार टीम से दो बार घरेलू और प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान पर खेलेगी। वह दूसरे ग्रुप में चार टीम से एक एक बार भिड़ेगी जबकि बची हुई दो टीम दो बार एक-दूसरे के आमने सामने होगी।

### शमी आईपीएल से बाहर

**मुंबई।** गुजरात टाइटंस को झटका लगा जब उसके तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी आईपीएल-2024 से बाहर हो गए हैं। बताया जा रहा है कि मोहम्मद शमी बाएं टखने की चोट के कारण आईपीएल से बाहर हो गए, जिसके लिए ब्रिटेन में सर्जरी की आवश्यकता होगी।

### श्रेयस अय्यर ने आईपीएल के लिए रणजी मैच छोड़ा

**मुंबई।** श्रेयस अय्यर ने बुधवार को बताया था कि वह अनफिट होने के कारण रणजी ट्रॉफी नहीं खेल सकेंगे। अब गुरुवार को एनसीए के स्पोर्ट्स साइंस एंड मेडिसिन हेड नितिन पटेल ने खुलासा किया कि श्रेयस फिट हैं। उन्होंने सिलेक्टर्स को ई-मेल कर बताया कि श्रेयस अय्यर को कोई इंजरी नहीं है। दूसरी ओर, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारी ने बताया कि श्रेयस आईपीएल की तैयारियों में लगे हैं। वह टूर्नामेंट से पहले इंजर्ड नहीं होना चाहते, इसलिए घरेलू क्रिकेट से दूर हैं।

### पालमपुर के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रजत कपूर को मिला 'हिमालयन श्री' अवार्ड

**पालमपुर।** अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रजत कपूर (पावरलिफ्टर) अपनी प्रतिभा का लोहा पूरी दुनिया में मनवा चुके हैं। रजत जिला कांगड़ा के पालमपुर विधानसभा के चंदपुर पंचायत के एक छोटे से गांव से निकल कर अपने खेल का प्रदर्शन दुनिया को दिखा चुके हैं। रजत कपूर ने दुबई में हुई वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बॉलीवुड एक्टर गुलशन ग्रोवर ने उन्हें 'हिमालयन श्री' अवार्ड पुरस्कार दिया।



रांची टेस्ट

### इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज का चौथा टेस्ट आज सुबह 9:30 बजे से

# टीम इंडिया की नजरें सीरीज जीतने पर

**एजेंसी, रांची**

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति के बावजूद भारत शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले चौथे टेस्ट क्रिकेट मैच में भी इंग्लैंड की बैजबॉल शैली को धत्ता बताकर पांच मैच की सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा। भारत अभी सीरीज में 2-1 से आगे चल रहा है और उसकी निगाह घरेलू मैदान पर लगातार 17वीं सीरीज जीतने पर लगी हैं।

2012 में एलिस्टेयर कुक की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम से हारने के बाद भारतीय टीम अपनी धरती पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करती रही है। उसके बाद उसने जो 47 टेस्ट मैच के लिए उनमें से 38 में जीत दर्ज की है। इस बीच उसे ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से ही हार का सामना करना पड़ा। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम की तरफ से युवा बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। फिर चाहे वह यशस्वी जायसवाल हो या सरफराज खान।

जायसवाल ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। सीरीज में अभी तक सर्वाधिक 17 विकेट लेने वाले बुमराह को विश्राम दिया गया है। धर्मशाला में पांचवें टेस्ट मैच में तेज गेंदबाजों को मदद मिल सकती है और तब बुमराह भारतीय तेज गेंदबाजी की कमान संभालेंगे लेकिन अभी टीम में मोहम्मद सिराज सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज है। सिराज के साथ बंगाल के मुकेश कुमार और आकाशदीप में से किसी एक को चुना जा सकता है। पूरी संभावना है कि भारत दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनरों के साथ उतरेगा।



अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय खिलाड़ी।

### इस तरह की पिच पहले कभी नहीं देखी : स्टोक्स

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने चौथे टेस्ट क्रिकेट मैच के लिए तैयार की गई पिच को लेकर कहा कि उन्होंने पहले कभी इस तरह की पिच नहीं देखी। स्टोक्स ने कहा, ''यह देखने में दिलचस्प लग रही है। मैं इस तरह की पिच के बारे में नहीं जानता इसलिए अधिक कुछ नहीं कह सकता हूं। मैंने इससे पहले कभी इस तरह की पिच नहीं देखी इसलिए मुझे किसी तरह का अंदाजा नहीं है।''



### भारत की संभावित टीम

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रु व जुरेल (विकेटकीपर), कोना भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाशदीप।

### रांची टेस्ट खेलेंगे रॉबिन्सन

इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग-11 घोषित कर दी है। तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन को मार्क वुड की जगह शामिल किया गया। लेग स्पिनर रेहान अहमद भी बाहर हुए, उनकी जगह शोएब बशीर चौथा टेस्ट खेलेंगे।

**इंग्लैंड की टीम :** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फोक्स , टॉम हार्टले, ओली रॉबिन्सन, जेम्स एंडरसन और शोएब बशीर।

### टीम में दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर रखना सही होगा

**अगर** आंकड़ों पर गौर करें तो यहां की पिच की प्रकृति को देखते हुए टीम में दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर रखना सही होता है।

### डब्ल्यूपीएल में मुंबई और दिल्ली होंगे आमने-सामने

**बेंगलुरु।** मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस और पिछली बार के उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स के बीच शुक्रवार को होने वाले मैच से दूसरे महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का आगाज होगा जिसमें भारत की युवा खिलाड़ियों पर निगाह टिकी रहेगी।



दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग अब अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुकी हैं लेकिन डब्ल्यूपीएल में टीम का काफी दारोमदार इस अनुभवी बल्लेबाज पर टिका रहेगा। उन्होंने पिछले साल इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाए थे जबकि मुंबई की गेंदबाज हेली मैथ्यूज ने सर्वाधिक 16 विकेट लिए थे।

टूर्नामेंट में विदेशों की कई स्टार खिलाड़ी भाग लेगी जिनके बीच भारत की युवा खिलाड़ी अपनी चमक बिखरने की कोशिश करेंगी। पिछले साल भारतीय खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। जिन युवा भारतीय खिलाड़ियों पर निगाह टिकी रहेगी उनमें श्रेयंका पाटिल भी शामिल हैं जो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की तरफ से खेलेगी। पाटिल ने पिछले 10 महीनों में अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बीच उन्हें भारत की तरफ से टेस्ट और वनडे क्रिकेट में प्रदार्पण करने का मौका भी मिला।

#### टिटास साधु पर भी रहेंगी नजरें

**इसी** तरह की कहानी दिल्ली कैपिटल्स की टिटास साधु की है जिन्हें पिछली बार एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था लेकिन इस बार उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने एशियाई खेलों में भारत की तरफ से पदार्पण किया। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ चार ओवर में छह रन देकर तीन विकेट लिए जिससे भारत 117 रन के अपने स्कोर का बचाव करने में सफल रहा था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुंबई में खेले गए टी-20 मैच में साधु ने चार विकेट लेकर अपनी काबिलियत साबित की थी।

## राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में सुशील और सुरेश अव्वल

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

राज्य स्तरीय वेटरन बैडमिंटन प्रतियोगिता में हमीरपुर जिला के 40 प्लस युगल कैटेगरी में सुशील ठाकुर और सुरेश रानौत ने राज्य भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुशील ठाकुर और सुरेश रानौत ने कुल्लू के दीपक और प्रकाश को हराया।

45 प्लस युगल कैटेगरी में हमीरपुर के ही गौतम राणा और शिमला के ईश्वर कटारिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गौतम राणा और ईश्वर कटारिया की टीम ने मंडी के लोकेश कॉल और अतुल शर्मा को 2-1 से हराया। हमीरपुर की यह दोनों टीमें में 17 मार्च से होने वाली नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेंगी।



राज्य स्तरीय वेटरन बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने के बाद ट्रॉफी के साथ खिलाड़ी सामूहिक चित्र में।

### कबड्डी में हिमाचल की बेटियों ने जीता सोना

**शिमला।** खेलो इंडिया सेंटर राजपुरा के कोच संजीव ठाकुर ने बताया कि खेलो इंडिया में पूरे देश की आठ टीमों ने क्वालीफाई किया। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने पहली बार क्वालीफाई किया।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के कबड्डी वर्ग में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने स्वर्ण पदक जीता है। यूनिवर्सिटी की ओर से खेलने वाली सभी खिलाड़ी हिमाचल की थीं। सभी खिलाड़ी नालागढ़ के राजपुरा स्थित खेलो इंडिया सेंटर में प्रशिक्षण ले रही हैं। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने इस मुकाबले को 33-31 से जीता।

## अफगानिस्तान अंतिम टी-20 में तीन रन से जीता

**एजेंसी, दांबुला**

अफगानिस्तान ने तीसरे और अंतिम टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में श्रीलंका को तीन रन से हरा दिया लेकिन श्रीलंका ने तीन मैच की टी-20 सीरीज 2-1 से अपने नाम की। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 209 रन बनाए। श्रीलंका की टीम छह विकेट पर 206 रन ही बना सकी।

श्रीलंका को जीत के लिए अंतिम छह गेंद में 19 रन की दरकार थी और अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज वफादार मोमंड अंतिम ओवर में गेंदबाजी करने उतरे। कामिंडु मेंडिस ने मोमंड पर पहली और तीसरी गेंद पर दो चौके जड़ दिए। इस गेंदबाज की चौथी गेंद कमर से ऊपर की थी लेकिन लेग अंपायर ने इसे नहीं देखा जिस पर श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसारंगा ने अंपायर की आलोचना भी की। अब अंतिम दो गेंद में 10 रन की दरकार थी।

कामिंडु मेंडिस ने एक छक्का जड़ा लेकिन टीम तीन रन से पीछे रह गई। वह 65 रन बनाकर नाबाद रहे।



### जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन से मजदूर की मौत

**बनिहाल/जम्मू।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीयराज मार्ग पर हुए भूस्खलन में एक निर्माण कंपनी के मजदूर की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मजदूर की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी देशपॉल (31) के रूप में हुई है, जो सुबह करीब 8.30 बजे रामबन जिले में सेरी के पास अपने कंपनी मुख्यालय के बाहर भूस्खलन की चपेट में आ गया। उन्होंने बताया कि मृतक सुबह जलपान के लिए कंपनी के मेस की ओर जा रहा था तभी यह घटना हुई।

### गुलमर्ग में हिमस्खलन के चलते एक विदेशी की मौत, एक लापता

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में गुरुवार को हिमस्खलन की चपेट में आकर एक विदेशी की मौत हो गई जबकि एक अन्य लापता है। अधिकारियों ने बताया कि 'स्की' करने वाले पांच लोगों को बचाकर स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि विदेशी पर्यटक स्थानीय निवासियों के बिना स्की करने गए थे। सेना के जवान और जम्मू-कश्मीर प्रशासन का एक गश्ती दल खोज व बचाव अभियान में जुटा हुआ है।

### रूसी नागरिक पर नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न करने का मामला दर्ज

**पणजी।** उत्तरी गोवा जिले में एक रूसी नागरिक के खिलाफ एक हमवतन नाबालिग लड़की के कथित यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया। यह घटना चार-पांच फरवरी की दरमियानी रात को हुई। छह-वर्षीया पीड़िता माता-पिता के साथ गोवा में छुट्टियां बिता रही थी। यह घटना उस दौरान हुई जब नाबालिग बच्ची उत्तरी गोवा के अरम्बोल में आरोपी द्वारा आयोजित एक रात्रिकालीन अध्ययन शिविर में हिस्सा लेने गई थी।

### मथुरा : शाही ईदगाह मामले में आज फिर होगी सुनवाई

**इलाहाबाद।** उच्च न्यायालय मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने की मांग वाले वाद की पोषणीयता के संबंध में दायर याचिका पर अगली सुनवाई शुक्रवार को करेगा। इसमें दावा किया गया है कि शाही ईदगाह मस्जिद का निर्माण कटरा केशव देव मंदिर की 13.37 एकड़ भूमि पर किया गया है। बृहस्पतिवार को इस मामले में सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने सुनवाई शुक्रवार को भी जारी रखने का आदेश दिया।



### चुनाव धांधली : पाकिस्तान निर्वाचन आयोग की समिति ने जांच की पूरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग की एक उच्च स्तरीय समिति ने रावलपिंडी शहर में चुनावों में धांधली होने के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के आरोपों के संबंध में जांच पूरी कर ली है, जिसके बाद समिति आयोग को रिपोर्ट सौंपेगी। आयोग ने रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा ने आरोप लगाया था कि न्यायपालिका और आयोग की सहायता से, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के खिलाफ रावलपिंडी में व्यापक धांधली हुई। आरोपों की जांच के लिए गठित आयोग की जांच समिति ने तीन दिन की निर्धारित अवधि में अपना काम पूरा कर लिया है।

## संदेशखाली में एनसीएसटी की टीम ने सुनी महिलाओं की शिकायतें, 23 पत्र मिले

**एजेंसी, कोलकाता**

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की टीम ने गुरुवार सुबह उत्तर 24 परगना स्थित संदेशखाली में महिलाओं की शिकायतें सुनी। इस दौरान स्थानीय लोगों से जमीन पर जबरन कब्जा करने और उत्पीड़न की कुल 23 शिकायतें मिली हैं।

एनसीएसटी के कार्यकारी अध्यक्ष अनंत नायक ने बताया कि उन्हें एक नेता के खिलाफ शिकायत मिली है, जिसे राष्ट्रपति को सौंपी जाने वाली रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा। नायक ने कहा, ''संदेशखाली के निवासियों ने एक नेता का नाम लिया है। हम उसे अपनी रिपोर्ट में शामिल करेंगे। हमें अबतक 23 से अधिक शिकायतें मिली हैं। हम इसका जमीनी रिपोर्ट से मिलान करेंगे और उसके बाद राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंपेंगे।''

एनसीएसटी का यह दौरा राष्ट्रीय महिला आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्यों के दौरे के कुछ दिनों बाद हो रहा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने क्षेत्र में जारी हिंसा तथा मानवाधिकार उल्लंघन के संबंध में बुधवार को राज्य सरकार और पुलिस प्रमुख को नोटिस जारी किया था।



### पुलिस के सामने भीड़ ने फूंक दी शेख शाहजहां के भाई की संपत्ति

संदेशखाली में गुरुवार दोपहर फिर तनाव उत्पन्न हो गया, जब गुस्साए ग्रामीणों ने फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां के छोटे भाई शेख सिराजुद्दीन की संपत्ति को पुलिस की मौजूदगी में ही जला दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने संदेशखाली में एक स्थानीय खेल के मैदान पर भी कब्जा कर लिया, जिस पर फरार नेता शेख शाहजहां और उसके सहयोगियों ने जबरदस्ती कब्जा कर लिया था।

#### क्या है मामला

पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना जिले में स्थित बांग्लादेश की सीमा से सटे संदेशखाली क्षेत्र का नाम 5 जनवरी से पहले शायद ही किसी ने सुना होगा। अब संदेशखाली का नाम हर अखबार के पन्ने पर छाया हुआ है। आखिर संदेशखाली में क्या है विवाद, क्यों यहां के लोग ममता बनर्जी से हैं नाराज? बड़ी संख्या में संदेशखाली की महिलाएं पिछले कुछ दिनों से ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रही है। इस बीच प्रदर्शनकारी महिलाओं और पुलिस के बीच झड़प की खबर भी आई। महिलाओं का आरोप है कि ममता की पार्टी टीएमसी के नेता शेख शाहजहां ने उनका यौन उत्पीड़न किया और फिर जबरन जमीनों पर कब्जा कर लिया। महिलाओं ने पुलिस पर आरोपियों से सांठ-गांठ करने का आरोप भी लगाया है।

### पीएम मोदी 25 को करेंगे रायबरेली एम्स का लोकार्पण

**रायबरेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 फरवरी(रविवार) को रायबरेली एम्स का वीडियो कॉन्फ्रेंससिंग के माध्यम से लोकार्पण करेंगे। एम्स के विधिवत शुरू होने से रायबरेली और आसपास के जिलों के लिए यह स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। हालांकि 2018 से इसमें ओपीडी चालू है और रोज़ हजारों मरीजों को इलाज मिल रहा है।



### गृहमंत्री अमित शाह का बंगाल दौरा फिर रद्द

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बंगाल दौरा एक बार फिर रद्द हो गया है। शाह 28 फरवरी को राज्य का दौरा करने वाले थे। उन्हें 29 फरवरी को मायापुर में इस्कॉन मंदिर जाना था। भाजपा सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह फिलहाल पश्चिम बंगाल नहीं आ रहे हैं। इससे पहले शाह का जनवरी और फरवरी के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित बंगाल दौरा अंतिम क्षणों में रद्द कर दिया गया था।



## पाकिस्तान जाकर सिख लड़की ने इस्लाम अपनाकर प्रेमी के साथ किया निकाह

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान से भारत लौटी अंजू के प्यार का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि ऐसा ही एक और मामला सामने आ गया है। दरअसल कुछ महीने पहले भारत की अंजू फेसबुक वाले प्रेमी के प्यार में इस कदर दीवानी हुई कि पाकिस्तान के नसरुल्लाह से शादी रचा ली। वहीं एक और मामला सामने आया है जिसमें एक सिख लड़की ने पाकिस्तान के सियालकोट जाकर इस्लाम धर्म अपनाकर अपने प्रेमी के साथ निकाह कर लिया।



यह सिख लड़की जर्मनी की रहने वाली है, जिसका नाम जसप्रीत कौर है, जिसने अपने प्रेमी अली अरसलान के साथ निकाह कर धर्म परिवर्तन कर लिया जिसके बाद अब इसका नाम जैनब हो गया। जसप्रीत कौर लुधियाना की रहने वाली है।

दरअसल, शादी से पहले ही से पहले जसप्रीत कौर ने जामिया हनाफिया सियालकोट में इस्लाम अपना लिया था।

इसके पहले जसप्रीत 16 जनवरी को पाकिस्तान एक धार्मिक तीर्थयात्रा के लिए आई थीं। जसप्रीत कौर के पास भारतीय पासपोर्ट भी है। उन्हें 15 अप्रैल तक एकल प्रवेश वीजा दिया गया था। बताया गया कि अरसलान और जसप्रीत कौर विदेश में मिले थे। इसके बाद अरसलान ने जसप्रीत को पाकिस्तान आने का न्योता दिया था।

लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफरीज के अनुसार

## 2027 तक जापान-जर्मनी को पीछे छोड़ देगा भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



ब्रोकरेज कंपनी के अनुसार एक दशक पहले नौवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से, भारत अब 3.4 ट्रिलियन डॉलर की नाम मात्र जीडीपी के साथ 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। पीपीपी के आधार पर, जीडीपी पहले से ही 13.2 ट्रिलियन डॉलर से कहीं अधिक है। इससे यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है।

ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफरीज की रिपोर्ट के अनुसार भारत की जीडीपी अगले चार वर्षों में 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना है।

भारत 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। निवेश बैंकिंग कंपनी ने कहा कि भारत 2030 तक लगभग 10 ट्रिलियन डॉलर का बाजार बन जाएगा और बड़े वैश्विक निवेशकों के लिए देश को नजरअंदाज करना असंभव होगा।

### अगले पांच वर्षों में भारत की होगी ये स्थिति

अगले पांच वर्षों में भारत की न केवल 6 प्रतिशत की दर से वृद्धि होने का अनुमान है, बल्कि देश उस दुनिया में भी अग्रणी होगा जहां अधिकांश बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की विकास दर में गिरावट देखने की उम्मीद है। जेफरीज का मानना है कि भारतीय इक्विटी बाजार अगले पांच से सात वर्षों में 8 से 10 प्रतिशत डॉलर रिटर्न देना जारी रखेंगे।

### केंद्र सरकार चुनाव से पहले कांग्रेस को आर्थिक तौर पर पंगु बनाना चाहती : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार चुनाव से पहले पार्टी को आर्थिक तौर पर पंगु बनाना चाहती है। पार्टी का दावा है कि मोदी सरकार और आयकर अधिकारियों ने कांग्रेस के बैंक खातों से 65.8 करोड़ रुपए चोरी किए।

कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने पार्टी महासचिवों जयराम रमेश और केसी वेणुगोपाल के साथ आज पत्रकार वार्ता कर कई गंभीर आरोप लगाए। पूरे मामले की जानकारी देते हुए माकन ने कहा कि कांग्रेस को 2018-19 में 142.83 करोड़ रुपऐ का चंदा मिला था। इसमें से सिर्फ 14.49 लाख रुपए हमारे विधायकों और सांसदों की एक महीने की सैलरी से मिले थे। 14 लाख रुपए कैश में आने की वजह से हमारे ऊपर 210 करोड़ रुपए की पेनल्टी लगा दी गई।

हमें 31 दिसंबर तक अपने खातों की जानकारी आयकर विभाग को देनी थी। हमने 2 फरवरी 2019 को यह जानकारी दी। ऐसे में सारे पैसे पर यह पेनल्टी लगाई गई। ऐसा आज तक कभी नहीं हुआ। मामले में 5 साल बाद सरकार और आयकर विभाग जागा है और वे भी तब जब चुनाव सिर पर हैं। ये कहां का न्याय है? यह कांग्रेस पार्टी को आर्थिक रूप से तोड़ने की कोशिश है ताकि हमलोग चुनाव न लड़ पाएं। अगर हमारे खाते फ्रीज हो जाएंगे तो हम चुनाव कैसे लड़ेंगे, प्रचार कैसे करेंगे?

### हेमकुंड साहिब 25 मई को श्रद्धालुओं के लिए खुलेगा

गोपेश्वर : उत्तराखंड के हिमालय में स्थित सिख तीर्थस्थल हेमकुंड साहिब 25 मई को श्रद्धालुओं के लिए खुलेगा। श्री हेमकुंड साहिब प्रबंधन न्यास के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने बताया कि धाम के कपाट 25 मई को खुलेंगे और 10 अक्तूबर को बंद होंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से इसी के अनुसार अपनी योजना बनाने का अनुरोध किया।

व अदालत अधिशाषी दंडाधिकारी एवं नायब तहसीलदार, नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र.।

मिसल नं. 544/NT/2024
ता.दा. 08.02.2024
तारीख पेशी 21-03-2024

मुकदमा इन्द्राज मृत्यु
श्री चैन सिंह पुत्र बीरबल सिंह निवासी मस्सल, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा।
प्रार्थी पक्ष
बनाम
आम जनता

विषय :- प्रार्थना पत्र जेर धारा 13(3) मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के अंतर्गत प्रमाण पत्र लेने बारे प्रार्थना पत्र।

अखबारी इश्तेहार बनाम आम जनता

उपरोक्त मुकद्दमा बारे प्रार्थी ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र जेर धारा 13(3) मृत्यु पंजीकरण अधिनियम गुजारा है, जिसके अनुसार प्रार्थी का जन्म दिनांक 01-07-2006 को ग्राम पंचायत मस्सल में हुआ है, लेकिन अज्ञानतावश उसकी मृत्यु को ग्राम पंचायत मस्सल मे दर्ज नहीं करवा सके। प्रार्थी उक्त मृत्यु को ग्राम पंचायत मस्सल में दर्ज करवाना चाहता है।

अतः उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में यदि आम जनता या अन्य किसी को मृत्यु तिथि को ग्राम पंचायत मस्सल के रिकार्ड में दर्ज करवाने बारे कोई एतराज हो, तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 21-03-2024 को दोपहर बाद 2.00 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिति मे एकतरफ कार्यवाही अमल में लाई जाकर नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज समायत न होगा।

आज दिनांक 21-02-2024 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।

हस्ता./-
अधिशाषी दंडाधिकारी एवं नायब तहसीलदार
नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि.प्र.

व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एवं कार्यकारी दंडाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा।

मिसल नं. 932/तह./2024
ता.दा. 20.2.2024
ता. पेशी 22.3.2024

अनुमान मुकदमा
प्रार्थी श्री राजेश कुमार पुत्र खौदलु राम, निवासी गांव व डा. कवाड़ी, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि.प्र.।
प्रार्थी पक्ष
बनाम
आम जनता
प्रत्याक्षी पक्ष

विषय :- प्रार्थना पत्र जेर धारा 13(3) जन्म एवं मृत्यं पंजीकरण अधिनियम 1969 के अंतर्गत मृत्यु तिथि 04.09.2015 ग्राम पंचायत कवाड़ी के रिकार्ड में दर्ज करने बारे।

अखबारी इश्तेहार बनाम आम जनता

प्रार्थना पत्र प्रार्थी श्री राजेश कुमार पुत्र खौदलु राम, निवासी गांव व डा. कवाड़ी तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस अदालत में उपस्थित होकर आवेदन किया कि प्रार्थी की माता श्रीमति सत्या देवी की मृत्यु दिनांक 04.09.2015 को हुई है, परंतु सहवन गलती से ग्राम पंचायत कवाड़ी के रिकार्ड में दर्ज न करवा सके।

अतः ग्राम पंचायत कवाड़ी के रिकार्ड में दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः इस अदालती अखबारी इश्तेहार आम जनता को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को इस मृत्यु तिथि दिनांक 05.09.1965 को दर्ज करने बारे एतराज हो तो वह दिनांक 22.03.2024 को अदालत में समय 11.00 बजे स्वयं या वजरिया कौंसल उपस्थित होकर अपना उजर/एतराज प्रस्तुत कर सकता है। उपस्थित ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी और मृत्यु तिथि दर्ज करने बारे नियमानुसार आदेश पारित कर दिये जाएंगे।

आज दिनांक 22.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।

हस्ता./-
कार्यकारी अधि.
नगरोटा बगवां

व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एवं कार्यकारी दंडाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा।

मिसल नं. 933/तह./2024
ता.दा. 20.2.2024
ता. पेशी 22.3.2024

अनुमान मुकदमा
प्रार्थी श्री राजेश कुमार पुत्र खौदलु राम, निवासी गांव व डा. कवाड़ी, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि.प्र.।
प्रार्थी पक्ष
बनाम
आम जनता
प्रत्याक्षी पक्ष

विषय :- प्रार्थना पत्र जेर धारा 13(3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के अंतर्गत मृत्यु तिथि 15.11.1998

अखबारी इश्तेहार बनाम आम जनता

प्रार्थना पत्र प्रार्थी श्री राजेश कुमार पुत्र खौदलु राम, निवासी गांव व डा. कवाड़ी, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस अदालत में उपस्थित होकर आवेदन किया कि प्रार्थी की बुआ श्री मति मनशा की मृत्यु दिनांक 15.11.1998 को हुई है, परन्तु सहवन गलती से ग्राम पंचायत कवाड़ी के रिकार्ड में दर्ज न करवा सके। अतः ग्राम पंचायत कवाड़ी के रिकार्ड में दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः इस अदालती अखबारी इश्तेहार आम जनता को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को इस मृत्यु तिथि दिनांक 15.11.1998 को दर्ज करने बारे एतराज हो तो वह दिनांक 22.03.2024 को अदालत में समय 11.00 बजे स्वयं या वजरिया कौंसल उपस्थित होकर अपना उजर/एतराज प्रस्तुत कर सकता है। उपस्थित न आने की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी और मृत्यु तिथि दर्ज करने बारे नियमानुसार आदेश पारित कर दिये जाएगें।

आज दिनांक 22.2.2024 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।

हस्ता./-
कार्यकारी अधिकारी
नगरोटा बगवां

अंधेरे को अंधेरे से नहीं निकाला जा सकता। नफरत को नफरत से नहीं निकाला जा सकता, केवल प्यार ही इसे निकाल सकता है। –मार्टिन लुथर किंग जूनियर



# आवारा पशु अब जानलेवा हो रहे हैं

**कांगड़ा** जिले में आवारा पशुओं का आतंक इस कदर हो गया है कि अब वे लोगों की जान भी लेने लग पड़े हैं। पालमपुर उपमंडल के पंचरुखी में एक सांड ने एक बुजुर्ग महिला की जान ले ली। इस महीने जिले में आवारा पशु अब तक तीन लोगों की जान लील चुके हैं। पहले जवाली और फिर शाहपुर में आवारा पशुओं ने लोगों को मौत के घाट उतारा। जहां देखो, वहां आवारा पशु देखने को मिल जाते हैं। सड़कों पर झुंडों में घूमने या बैठने वाले आवारा जानवर ट्रैफिक में न केवल बाधा डालते हैं, बल्कि राहगीरों के लिए परेशानी का सबब भी बन जाते हैं। अब वे लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। इसके बावजूद आवारा पशु पूरी शान से रोड पर घूमते रहते हैं, लेकिन इन्हें काबू करने के लिए कोई इंतजाम नहीं किए जाते हैं।

आवारा पशुओं को पकड़ने और उन्हें रखने के लिए कुछ संस्थाएं आगे आती हैं, लेकिन जब तक प्रशासन का सहयोग नहीं मिलता, तब तक समस्या यूं ही बनी रहेगी। वैसे यह समस्या सिर्फ हिमाचल की ही नहीं है, बल्कि पूरे देश की है। आवारा पशुओं के बढ़ते हमलों के कारण हर रोज देश में औसतन तीन लोगों की मौत हो रही है। आवारा पशुओं के हमले को रोकने के लिए और इन हमलों से होने वाले जानमाल के नुकसान को कम करने के लिए केंद्र सरकार ने अपनी गाइडलाइंस में बदलाव किया है। केंद्र सरकार ने आवारा पशुओं और दूसरे जानवरों की अलग-अलग श्रेणी बनाकर उसके आधार पर गाइडलाइंस तय की है। केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से लावारिस पशुओं का वैक्सीनेशन करने को भी कहा है।

सरकार का कहना है कि अगर आवारा पशु बीमार हैं तो उनका सही ढंग से इलाज कराया जाए। उसके बाद इनका वैक्सीनेशन करवाई जाए, जिससे इन पशुओं से होने वाले संक्रमण इंसानों के बीच में न फैलें। केंद्र सरकार ने राज्यों को यह भी निर्देश दिया है कि राज्य सरकार ऐसे लोगों की पहचान करे, जो अपने पशुओं को किसी बीमारी हो जाने या उनके काम लायक न होने पर उन्हें बेसहारा छोड़ देते हैं। सरकार ने ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, साथ ही गाइडलाइन में ऐसा प्रावधान किया गया है जिससे शिकायत तंत्र और पशु हेल्पलाइन पोर्टल बनाया जाए। जांच में कोई आवारा पशु हो तो उसकी बीमारी को देखते हुए इलाज कराया जाए, अगर किसी पशु को संक्रामक बीमारी हो तो उसे अलग रखा जाए जिससे संक्रमण किसी दूसरे पशु या किसी इंसान में न फैले, साथ ही किसी ऐसे बीमारी या संक्रमण से ग्रसित पशु जिनका इलाज संभव न हो तो उन्हें शांतिपूर्ण ढंग से खत्म कर दिया जाए।

केंद्र सरकार की रिपोर्ट के अनुसार देश में करीब अढ़ाई करोड़ आवारा पशु हैं, इनमें आवारा गो-पशु और कुत्तों की संख्या भी शामिल है। सबसे ज्यादा आवारा पशु महाराष्ट्र में हैं। दूसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश है। इसके बाद छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, झारखंड, पंजाब और हरियाणा में भी अधिक संख्या में आवारा पशु हैं। केंद्र और राज्य सरकारों को चाहिए कि इस समस्या के हल के लिए कोई स्थायी योजना बनाई जाए।

# माता-पिता का संघर्ष, त्याग, समर्पण और बलिदान

'**माता-पिता**' ये दो शब्द देखने व पढ़ने को महज छोटे से लगते हैं, लेकिन इनके पीछे जो संघर्ष, त्याग, तप, समर्पण, मेहनत व बलिदान छिपा है, वह उससे कहीं अधिक बड़ा है। इस दुनिया में माता-पिता से बढ़कर और विशेष कुछ भी नहीं है। ईश्वर की बनाई सबसे नायाब रचनाओं में से एक माता-पिता हैं। उनका प्यार, उनका साथ और उनके दिए जीवन का कर्ज, कोई भी संतान नहीं उतार सकती और इसलिए शायद हर संतान अपने माता-पिता के प्रति दिल में असीम प्रेम संजोए रखता है। यह प्रेम ही है जो सुख-दुख में शब्दों में उतर कर कागज व स्याही से शब्दभाव का रूप ले ही लेता है, लेकिन मां-बाप के संघर्ष को लिखते-लिखते गला रुंध जाता है। कई बार मां-बाप के जीवन को शब्दों में बयां करते-करते कलम कागज पर आंसू टपक जाते हैं। कई बार जरा सोचो कितना त्यागपूर्ण और हृदय विशाल होता है मां-पिता की भूमिका निभाना। मां-बाप अपना पूरा जीवन अपने परिवार व अपने बच्चों को सफल, सकुशल जीवन देने के लिए अपना सब कुछ यानी तन-मन-धन व इनसे भी कहीं अधिक अपनी पूरी ताकत झोंक देते हैं।

मां-बाप स्वयं दो रोटी कम खाकर अपने बच्चों के लिए अच्छा भोजन उपलब्ध करवाते हैं। मां शब्द जितना साधारण व सहज प्रतीत होता है, वह उतना ही गहरा व भावों से परिपूर्ण होता है। एक पिता अपनी आधी उम्र एक स्थिर संतुलित रोजगार की तलाश में गुजार देता है, तब जाकर कहीं अगर सुरक्षित रोजगार प्राप्त होता है तो सुबह से शाम, धूप से बारिश, थकान से शिकन तक परिवार के लिए रोजी-रोटी के खातिर अपना सर्वस्व अर्पित कर देता है, जो कुछ बचता है वह परिवार-बच्चों के भविष्य की चिंता में जल जाता है। सच में कितना कठिन है एक मां और पिता होना। अपनी अनेक खुशियां, इच्छाएं, अभिलाषाएं, शोक मारने पड़ते हैं परिवार के लिए। एक पिता खुद फटी चप्पल व जूते पहनता है, ताकि उसके बच्चे अच्छे जूते पहन सकें। एक मां फटा दुपट्टा ओड लेती है, यह सोचकर कि बच्चों को अच्छे कपड़े पहनवा सके। एक मां सुबह से शाम बच्चों को सुलाकर हाथ-पैर एक कर समय निकालकर घर का काम कर लेती है ताकि कही बच्चे नींद से उठ न जाएं, सच में कितना मुश्किल है एक मां होना। एक पिता बाहर से घर आते वक्त न जाने किस रूप में कितनी खुशियां लेकर आता है अपने साथ हाथों में कि कुछ न कुछ उम्मीद में होंगे मेरे अपने घर वाले।
दिहाड़ी-मजदूरी, रोजगार न जाने कैसे पालता होगा एक बाप अपने बच्चों को कि बच्चे जल्द बड़े होंगे तो साथ खुशियां बांटेंगे, हंसेंगे-खेलेंगे परिवार में खुशहाली होगी।

मां-बाप न जाने कितने तप, संघर्ष व त्याग को अपनाकर सपने संजोते हैं, एक बेहतर कल के लिए। मगर वे तप, संघर्ष व त्याग जब सब कुछ ठीक होने लगता है तो पिता को जकड़ लेती है न जाने कई बीमारी जाल सी बनकर और मां को सताती है कई चिंताएं कहर बनकर। आधी उम्र कटी कड़े संघर्ष व मेहनत में भूखे-प्यासे बच्चों को बड़ा होते हुए देखकर कि अब सब ठीक होगा, लेकिन अब यह किसको पता था कि शेष आधी उम्र में तो बीमारी पीछा नहीं छोड़ेगी कहर बनकर। आज खूब मेहनत, ईमानदारी से कमाया कि कल परिवार की खुशहाली में जिएंगे जी भरकर, मगर अब तो



लेखक : ठाकुर दीक्षित धलारिया
गांव बल्याली, मंडी

दवाइयों के बिलों ने छीन लिया सुख, जो आंखों में संजोया था जीवनभर और फिर आधी उम्र के बाद शुरू होता है ऐसा जीवन, जिसकी किसी को भी उम्मीद नहीं थी। अचानक बीमारी का जाल कसने लगता है। शरीर को कभी कोई बीमारी तो कभी कोई बीमारी, एक मां आखिर ऐसे में संभाले किस-किस को, बच्चों को, परिवार को या पशुओं को। जिस जवानी में भूखे आधे पेट, रूखी-सूखी रोटी खाकर गुजारा किया था पिता ने, जब बच्चे बड़े हुए अच्छा खाने के दिन आए तो बीमारियों ने सबकुछ खाना छुड़वा दिया, अब खाया जाता है केवल परहेज का। क्या इस दिन के लिए की थी एक पिता ने मेहनत-मजदूरी कि खा न सके इच्छा की रोटी भी भरपेट पूरी।

कभी अस्पताल तो कभी टेस्टों के लिए चक्कर काटने में गुजर जाती है, कुछ उम्र तो ऐसी की फिर कब तबीयत अच्छी तो कब दुखारी। फिर पिता को बीमारी ठीक नहीं रहने देती, तो मां को परिवार की चिंता व सारी जिम्मेदारियां। फिर निरंतर चक्कर अस्पताल के लगते हैं। घर की सेल्फ, टेबल पर दवाइयों का कब्जा सा होने लगता है। घर में चारों तरफ दवाइयां ही दवाइयां दिखने लगती हैं, कोई देसी पुड़िया तो कई विभिन्न प्रकार की गोलियां। कभी ठीक तो कभी बीमार, कभी अस्पताल में तो कभी घर। कई सलाहें मिलती हैं। फिर हर मुंह से कि यहां जाओ वहां जाओ, यह करवाओ वह करवाओ। कई ग्रह नक्षत्र निकलते हैं, फिर भारी तो कहीं कटती दिखती है दशा, तो कहीं मन्नतें रही होती हैं अधूरी। फिर दवाइयों का काम न करना, एक संकट व डर, चिंता सताने लगती है क्योंकि उस पिता की तबीयत में अब निरंतर गिरावट आने लगती है। इस स्थिति में हर इलाज हकीम दवा-गोली लाइलाज सी हो जाती है और फिर दुर्भाग्यवश वह काला दिन आ ही जाता, जो उस पिता को परिवार से बहुत दूर ले जाता है। इस संसारिक यात्रा को पूरी करने वाला वह दिन बहुत हृदयविदारक होता है, उस परिवार के लिए जिन बच्चों ने अपने पिता को खोया होता है और एक मां ने अपने जीवनसाथी को यह दुखभरा दिन हिला देता है।

रुह से हर अपने को जिसने साथ में वक्त काटा होता है। कहा जाता है कि मृत्यु ही सबसे बड़ा सत्य है इस संसार में, लेकिन यूं अचानक चले जाना सहन योग्य नहीं होता किसी के लिए फिर दुख में सब सहम सा जाता है। परिवार सारा कोई रो लेता है तो कोई रो भी नहीं पाता गम में, इतना डूब जाता है कि कुछ कह भी नहीं पाता, सब सह जाता है अंदर ही अंदर भवसागर में। सच में कितना कठिन है एक मध्यम वर्गीय परिवार में एक मां और पिता होना।

माता-पिता एक नारियल की भांति होते हैं, भले ही कभी बाहर से कठोर होंगे, लेकिन अंदर से करुणा, ममता व प्रेम से भरे बिलकुल मुलायम। माता-पिता इस संसार रूपी जीवन में ईश्वर का ही एक रूप होते हैं, जो प्रत्येक विषम से विषम परिस्थिति में अपने परिवार के लिए सब कुछ करते हैं। माता-पिता से ज्यादा चाहने वाला इस संसार में कोई भी नहीं मिल पाता, लेकिन वे कहते हैं न 'यह संसार है'। यहां बातों से कहां कोई सीख पाता है, हर किसी को सीख के लिए एक हादसा जरूरी है। किसी चीज की अहमियत तभी पता चलती है, जब वह चीज हमारे पास उपलब्ध नहीं होती, उसी प्रकार माता-पिता की असल अहमियत को भी वहीं समझ पाते हैं, जिनके सिर से इनका हाथ उठ जाता है, समय से पहले ही।

माता-पिता इस वे शख्स होते हैं, जो एक कच्चे घड़े रूपी अबोध बालक को संस्कारित कर सामाजिक होने लायक बनाते हैं। नमन है ऐसे पवित्र माता-पिता को जिनकी संतान सदैव ऋणी रहती है क्योंकि इस मातृ-पितृ ऋण का कभी मूल्य नहीं चुकाया जा सकता। दुर्भाग्यवश आज का समाज व संतानें पथभ्रमित हो चुकी हैं। भारतीय समाज वेदों पुराणों से शिक्षा लेने वाला समाज रहा है, जहां वेदों में माता-पिता की तुलना ईश्वर से की गई है। वृद्धाश्रम न जाने कहां से खुल रहे हैं और जिन हाथों ने बचपन में झूलाघर में झुलाया होगा, आज जिनको सहारे की आवश्यकता है, उन कांपते हाथों से पकड़कर न जाने ऐसी कैसी संतानें जो अपने माता-पिता को इन वृद्धाश्रमों में छोड़ रहे हैं।

## नजरिया

# पाकिस्तान में उथल-पुथल, भारत रहे चौकस

**पाकिस्तान** में बीती आठ फरवरी को हुए आम चुनाव के बाद देश में जो एक राजनीतिक स्थिरता की उम्मीद थी, वह फिलहाल तो पूरी तरह खत्म हो गई हैं। पाकिस्तान, जिसकी नियति ही हो गई है हमेशा संकट में रहना, अब तो वह अराजकता की चपेट में है और भारी मुश्किल की स्थिति में दिखाई दे रहा है। हालांकि लंबी कवायद के बाद पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी ने देश में मिलकर सरकार बनाने का फैसला कर लिया है।

फिलहाल राजनीतिक विश्लेषकों, पत्रकारों और आमजन को कुछ समझ नहीं आ रहा कि देश किस दिशा में जा रहा है। हर कोई अनभिज्ञ सा ही दिख रहा है। चुनाव के नतीजों ने पाकिस्तानी सेना के मोटी तोंद वाले जनरलों को उनकी औकात दिखा दी है। उनके लाख चाहने के बावजूद नवाज शरीफ की मुस्लिम लीग को जनता ने बहुमत नहीं दिया। नवाज शरीफ लंदन से इसी उम्मीद में पाकिस्तान वापस आए थे कि उन्हें फिर से पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने का मौका मिल जाएगा। जाहिर है, पाकिस्तानी अवाम चुनाव नतीजों से हताश और अवाक है। चुनावों के नतीजों में कसकर धांधली हुई है। जनता को अब



लेखक : आरके सिन्हा
(वरिष्ठ संपादक, पूर्व सांसद)

देश में राजनीतिक स्थिरता की कोई उम्मीद भी नहीं है। अफसोस देखिए कि जिन्हें जनता ने नकारा, वे ही सरकार बनाने जा रहे हैं।

रावलपिंडी के चुनाव आयुक्त ने चुनावों में धांधली के गंभीर आरोप लगाए हैं। इसके बाद तो चुनाव की विश्वसनीयता पर और सवाल खड़े हो गए हैं। इमरान खान की पार्टी 'पीटीआई' नेशनल असेंबली में सबसे बड़ी पार्टी बनी। मतलब यह है कि जिस इमरान खान को एक के बाद एक गंभीर आरोपों के लिए दोषी मानकर जेल की सजा सुनाई जा रही है, लेकिन पाकिस्तान की जनता तो उसके साथ खड़ी है। यानी पाकिस्तान पर कई तरह के संकट मंडरा रहे हैं। चूंकि वह हमारा पड़ोसी हैं, इसलिए भारत को पूरी तरह से चौकस रहना होगा। अपने को तैयार रखना होगा ताकि धूर्त पाकिस्तान के किसी भी नापाक इरादे को विफल किया जा सके। पाकिस्तान के हुक्मरान अपने घरेलू मसलों से जनता का ध्यान हटाने के लिए भारत के खिलाफ कभी भी कोई कार्रवाई कर सकते हैं। यदि यह उनकी मजबूरी है तो यह भारत के लिए चुनौती है जिससे निपटने के लिए हमें सदैव तैयार रहना होगा।

## अंदाज-ए-बयां

### पल पल याद आती मां

*अपने जिगर के टोटे को, पल भर नहीं भूला सकती मां।
माता प्यारी ममता की मूर्त, दिल से ममता बरसाती मां।
मां का ध्यान सदा ही अपने बच्चे को समर्पित रहता है,
सूखे में बच्चे को सुला कर गीले में रात बिताती मां।
रोने पर दौड़ी चली आती आके अपने हिये लगाती है,
गोदी में लेकर प्यार लुटाती छाती से चिपक जाती मां।
जिद्द करता जब सोने की पर नींद नयनों में आती नहीं,
पीठ पर दे के थपकी प्यारी, अनथक लोरी सुनाती मां।
सभी बुरे अपराध छुपाती, हर बात सही समझाती है,
डांट डपट जब पिता देते, आंचल में अपने छुपाती मां।
लेकर गोदी में बच्चे को, छोड़ काम नित अभ्यास करे, पहली गुरु माता ही होती, पढ़ना लिखना सीखाती मां।
ठंडा मीठा माता का आंचल, मां की ममता निराली है,
जब तक सांसें हैं जीवन की, पल पल है याद आती मां।*



शिव सन्याल
जवाली (कांगड़ा)

# छात्रों को शिक्षा के साथ आध्यात्मिक और संस्कारों की भी आवश्यकता

**हमारे** जीवन में जितनी महत्वपूर्ण आवश्यकता शिक्षा की है, उससे भी ज्यादा कहीं न कहीं आज के बच्चों एवं युवाओं में आध्यात्मिक शिक्षा और संस्कारों की भी है। विभिन्न क्षेत्रों में देखने को भी मिलता है कि आज हम सभी के बच्चे, युवा बेहतर एवं उच्च शिक्षा तो प्राप्त कर रहे हैं, परंतु उन बच्चों और युवाओं में आध्यात्मिक ज्ञान और संस्कार मानों नाममात्र के देखने को मिलते हैं, जैसा कि पूर्व के दशकों के छात्रों में अपने से सभी बड़ों के प्रति बहुत ज्यादा आदर भाव और संस्कार देखने को मिलते थे तो वहीं छोटे के प्रति अथाह प्यार सानिध्य प्राप्त होता था, परंतु आज परिस्थितियां बिलकुल विपरीत हो चली हैं, तो वहीं अपने-अपने धर्मों एवं आध्यात्मिक आस्थाओं में भी पूर्व में छात्रों एवं युवा में बहुत ज्यादा लगाव एव श्रद्धा रहती थी।

आज हमें विभिन्न क्षेत्रों एवं प्रदेशों में अनेक ऐसे उदाहरण सुनने को मिलते हैं, जहां पर छात्रों एवं युवाओं द्वारा अपने ही शिक्षकों एवं अभिभावकों को नजरअंदाज एवं आदर भाव और संस्कारित होकर बर्ताव नहीं किया जाता है, यहां तक कि अजीबो गरीब घटनाएं बच्चों एवं युवाओं में देखने को मिलती हैं। बेशक हम आज आधुनिकता में प्रवेश कर चुके हैं, जहां पर आज के छात्रों में आध्यात्मिक एवं संस्कारों की शिक्षाएं शायद मायने नहीं रखती होंगी परंतु अगर समय रहते हम अपने बच्चों एवं युवाओं में इन शिक्षकों का निर्माण नहीं करते, तब तक शायद बच्चों एवं छात्रों की वे तमाम उच्च शिक्षा का होना भी अर्थहीन है। जिस आध्यात्मिक ज्ञान और संस्कारों के बिना हम अपने बच्चों एवं छात्रों में बेहतर इंसान की परिकल्पना करते हैं, आज इस गंभीर विषय पर चर्चा एवं जागरूकता लाना इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि आज के छात्रों एवं युवाओं में आध्यात्मिक ज्ञान और संस्कारों की बहुत कमी देखने को मिलती हैं, अगर समय रहते हम अपने बच्चों एवं युवाओं मे शुरुआती दौर में ही इन दोनों शिक्षाओं का निर्माण करने में सफल हो जाते हैं तो निसंदेह उन छात्रों एवं युवाओं में समाज को बहुत सी अपेक्षाएं भी रहती हैं।



हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

इन सभी के साथ-साथ आज युवाओं एवं छात्रों में नशे की बढ़ती समस्या ने देश एवं विश्व को विचलित कर दिया है। जिस नशे के कारण छात्रों एवं युवाओं में आध्यात्मिक ज्ञान और संस्कारों की बहुत कमी देखने को मिल रही है, जिसमें संभवत: अगर हम अपने बच्चों और युवाओं में आध्यात्मिक ज्ञान और संस्कारों की शिक्षाओ का निर्माण कर पाएं तो संभव है कि भविष्य में हमारे बच्चों एवं युवाओं में बेहतर व्यक्ति निर्माण भी हो पाएगा, जिसकी हर अभिभावक और समाज को आशा भी रहती हैं। इस प्रकार आज हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में भी बच्चों एवं युवाओं से आशा रहेगी कि वे अपने जीवन में आध्यात्मिक और संस्कारों को भी अपनाने का प्रयास करें ताकि भविष्य में बेहतर शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक और संस्कारों को भी अपनाने के प्रयास होते रहें।

# माटी की परंपरा को प्लास्टिक ने किया नष्ट

**हम** सबके जीवन में माटी का बड़ा महत्व है। चाहे हम भारत में हों या दुनिया के किसी भी देश में हों, बात जब माटी की होगी, तब भारत का ही नाम लेते हैं। अपनी माटी अपनी ही है। हमारे लोक जीवन में बार-बार माटी की बात होती है। कथित आधुनिक सोच ने मिट्टी को डस्ट और एलर्जी वाली वस्तु बताना काफी पहले शुरू किया। इससे माटी के प्रति हमारी अवधारणा भी बहुत हद तक प्रभावित हुई है।

पहले घर भी माटी के होते थे। आज भी गांवों में माटी के बहुत सारे घर हैं। यह और बात है कि आर्थिक-सामाजिक परिवर्तन के कारण अब पक्के घर अधिक दिखाई देते हैं। माटी के घरों की पुताई माटी से ही होती थी। नीचे माटी, ऊपर माटी, सब तरफ माटी ही प्रयोग होती रही है। घर में गृहस्थी के नाम पर सबसे अधिक माटी के बर्तन होते थे, जिन्हें हम गगरी, घड़ा, कलश, मटका, सुराही आदि नाम से जानते हैं। अब गांव और नगर दोनों में सुराही के पानी पर चर्चा होती है। अपने गांव में कुम्हार परिवार माटी के खिलौने, गगरी, कलश, सुराही, मटका, मटकी, दीया, दियाली के अलावा विभिन्न प्रकार माटी के उत्पादों को बनाते थे। अब परंपरा टूट गई। कुम्हार परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट है, जो कि उपेक्षा का शिकार हैं।

गांव में भी प्लास्टिक की टोंटी वाली बाल्टी पहुंच गई है, जिसे वाटर बैग कहते हैं। माटी के सोंधेपन से हम गांववासी सीधे जुड़े हैं। कोई एक गिलास सुराही, घड़े का पानी पिला दे तो लगता है कि हम अपना बचपन वाला पानी पी रहे हैं। जिन लोगों को माटी के कुएं, ईंट से बने कुओं का पानी पीने का सौभाग्य मिला, वही उसकी तासीर को आत्मसात कर सकते हैं । मांगलिक कार्यक्रमों विवाह, तिलकोत्सव, (फलदान) मुंडन, छेदन, उपनयन संस्कार में माटी के बर्तन ही प्रयुक्त प्रयोग होते थे। मांड़ौ (मंडप) के नीचे कलश माटी का ही जल भरकर रखा जाता है। रंग-बिरंगे अक्षत लगाए जाते हैं। उसकी सतरंगी छटा हम सबने देखी है।



अरुण कुमार दीक्षित
हिंदुस्थान समाचार

हमें याद है, अस्सी के दशक तक मांगलिक कार्यक्रम में रसगुल्ला, जलेबी, बर्फी और कुल्फी माटी की ही तश्तरियों में ही अतिथियों को परोसी जाती थीं। पानी पीने के लिए दिए जाने वाले पात्र को लोग हुंडा कहते हैं। लोकभाषा में इसे कुज्जा भी कहा जाता है। तब की स्थिति में उसे हम सब तालाब से आई माटी ही जानते थे। कुम्हार तालाब से माटी लाते, कूटते और पीसते। पानी डालकर चाक पर बर्तन बनाते। आवां में बर्तन पकाकर प्रयोग के लिए तैयार करते। यही बर्तन लोगों को प्रयोग के लिए देते थे। माटी के बर्तन प्रयोग के बाद फिर वापस माटी में मिल जाते। यह प्राकृतिक समन्वय था। इस पर मीटिंग और बैठकों के प्रस्ताव नहीं होते थे। हमारे कवि मनीषियों ने बताया है कि हमारा शरीर भी माटी है। कुछ भी कर लो, लगा लो और महका लो, चमेली से, जूही से, गुलाब से, पारिजात से, मगर माटी को माटी ही होना है। इसे कबीर दास ने कागद कहा। यह संसार कागद की पुड़िया बूंद परे घुलि जाना है। अब हम अति शहरी जीवन की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। कुम्हारों का भारी नुकसान हुआ है। उन्हें प्रजापति भी कहा जाता है। हो सकता है वे दक्ष प्रजापति के वंशज हों। माटी के बर्तनों का काम आदिकाल से करते हैं। पूरी दुनिया के वैज्ञानिक मृद्भांडों से सभ्यताओं और संस्कृतियों के निष्कर्ष निकालते हैं।

सिंधु घाटी और मोहनजोदड़ो में यही जांचा। राखीगढ़ी और धोलावीरा को जांचा। खुदाई से प्राप्त रथों को भी जांचा। मतलब साफ है, माटी हमारे आदि-अनादि के प्रमाण दे रही है, मगर आधुनिक वैज्ञानिकों ने प्लॉस्टिक की बोतल बनाई। पहले बड़ी और अब छोटी भी उपलब्ध है। एक बड़ा हिस्सा हमारे जीवन में प्लॉस्टिक का है। वह हमें प्रतिपल प्रभावित कर रही है। हम जिस पेन से लिख रहे हैं, इसका भी 98 प्रतिशत भाग प्लॉस्टिक का ही है। प्लॉस्टिक ने हमें माटी से दूर किया। परंपरा को प्लास्टिक ने नष्ट किया। कुम्हारों का व्यवसाय तहस-नहस किया। सामग्री रखने के लिए आधुनिक डिब्बे हैं। कुछ डिब्बे खुलने के और बंद होने की मशीनों से युक्त हैं। मगर माटी से तो पृथक ही किया प्लॉस्टिक ने। आज हमारे कुम्हार परिवार अपनी महान परंपरा से बाहर हैं। अन्य व्यवसाय करने के लिए विवश हैं। सरकारों ने मिट्टी के लिए कुछ कुम्हारों को भूमि का पट्टा भी दिया है, मगर कुम्हारों का मिट्टी के बर्तन बनाने से पलायन नहीं रोक पाए। इससे रासायनिक कचरे को बढ़ने का संबल मिला। हालात यह है कि रासायनिक कचरे नदियों और समुद्र के जल में घुल रहे हैं। जब तक हम प्लास्टिक प्रदूषण और स्टील के बर्तनों के प्रदूषण को शरीर में पहुंचाते रहेंगे, शरीर रुग्ण रहेंगे।

बीमारियां बढ़ती रहेंगी। लाखों रुपए इलाज पर खर्च होते रहेंगे। हालात यह है कि माटी का स्वास्थ्य खराब हो रहा है, जिस तरह से हमारे अंदर प्राण हैं, उसी तरह से धरती में प्राणवायु है। पृथ्वी में एक विशेष गंध है। उसे सगंधा कहा गया है। वह गंध अनेक जहरीले रसायनों से खराब हुई है। खेती करने की परंपरा को काफी पहले खाद से हटाकर वैज्ञानिकों ने किसानों को उर्वरकों की ओर ध्यान आकर्षित कराया था। फिर फसलों को कीट-पतंगों से बचाने के लिए रसायनों के छिड़काव के परामर्श आकाशवाणी और अन्य समाचार माध्यमों से प्रसारित किए गए। अब कृषि वैज्ञानिक ही कह रहे हैं कि रसायनों के प्रयोग से बचें। हम कह सकते हैं कि भारत की आदिकालीन कृषि परंपरा में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों की दखल कराकर क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचाया गया है। इसकी भरपाई हाल-फिलहाल होती नहीं दिख रही है। इसलिए आइए, हम सब अपनी मातृभूमि माटी की रक्षा और उसके स्व के लिए मिलकर काम करें। जिम्मेदारी हमारी-आपकी भी है। अपनी माटी के लिए एक कदम चलें।

# भावी समाज के लिए प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण आवश्यक

**हिमाचल** प्रदेश अपनी वन्य प्राकृतिक नैसर्गिक सुंदरता और विभिन्न वनस्पतियों के साथ संपूर्णता से लबालब भरा पूरा है। भारत के अन्य राज्यों की तुलना में यहां के प्राकृतिक जल स्रोत, झरने, जल कूपों के रूप में निरंतर प्रवाहमान हैं। इन जल स्रोतों के पानी की शुद्धता अनुकरणीय है। इस कारण यहां के वासियों के अच्छे स्वास्थ्य के साथ शुद्ध जल अपनी विशेष भूमिका निभाता है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, उत्तर पूर्वी राज्यों में असम जैसे राज्य का सामाजिक अध्ययन करें तो इन राज्यों के तराई क्षेत्रों, मधेशियों, बोडों, थारू जनजाति बहुल इलाकों में अधिकतर लोग भूमिगत जल स्रोतों से चपाकल के रूप में मात्र तीस फुट जमीन के नीचे से ही जल पीने के रूप इस्तेमाल करते हैं।

यह जल कम गहराई या अधिक गहराई से भी निकालने पर अति दूषण भरा होता है। इसमें आर्सेनिक अमल, आयरन की मात्रा अत्यधिक होती है। अगर रॉकेट फिल्टर से शुद्ध किया जाए तो पंद्रह दिनों में ही इनके फिल्टर जाम होकर पीले पड़ जाते हैं। इससे ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह जीवन के लिए कितना घातक है। इस कारण आबादी वाले बहुल जनसंख्या घनत्व वाले क्षेत्रों के लोगों में पेट संबंधित बीमारियां एग्जिमा, दाद, खुजली, दांतों का पीलापन, पेट का कैंसर, बालों का समय पूर्व सफेद व झड़ जाना इत्यादि प्रतिकूल प्रभाव इनके स्वास्थ्य के ऊपर पड़ते है। उम्र से पहले ही उम्रदराज दिखना, इस तरह के गंभीर प्रभाव सामने आते हैं।

आज हम देवभूमि के समाज के लोग इन सब कारणों व प्रभावों से अछूते हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में तो पानी के साथ-साथ वातावरणीय प्रदूषण उत्कर्ष पर है। गर्मियों के मौसम में यहां हाहाकार मच जाता है। पानी की एक लीटर की बोतल तीस रुपए में बिकती है और पांच रुपए का खुला पानी का गिलास। हवाई अड्डे में एक लीटर पानी की बोतल का मूल्य 150 रुपए प्रति लीटर वसूला जाता है।

यह महंगा छाना हुआ पानी भी प्राकृतिक पोषक तत्वों से युक्त नहीं होता। हम देवभूमि की प्राकृतिक धरोहर जिसे प्रकृति ने अपने आशीर्वाद से शुद्ध रूप से संजोया है, आज बर्बादी की तरफ धकेल रहे हैं। यहां असंख्य छोटे-बड़े जल स्रोत आज हिमाचल के सभी जिलों में अमूल्यहीन धारा के साथ निरंतर प्रवाहमान हैं। अगर ऊपर राज्यों के उदाहरणों को हम गौर से चिंतन मनन कर समझें तो समझ में आएगा कि हिमाचल की अपेक्षा कितनी भयावह स्थिति इन राज्यों में है। प्राकृतिक जल स्रोतों के मुख्य उद्गम स्थल पर ही बड़ी सी टंकी, बाबड़ियां बना कर, साफ सफाई रख निरंतर पंचायत के अधीन आने वाले हर गांव के जल स्रोतों को संरक्षित रखा जाए तो हम इसे अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए बेरोक हस्तांतरित कर सकेंगे, लेकिन इस पर आज के समय में कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है।

दार्शनिकों के अनुसार भविष्य का विश्व युद्ध पानी की किल्लत के लिए लड़ा जाएगा। महासागरीय पानी लवणीय व अत्यधिक खारा होता है। उसकी प्रकृति क्षारीय व पीने योग्य नहीं होती। दुनिया का एक तिहाई हिस्सा इन महासागरों द्वारा ढका जाता है, जबकि पूरी दुनिया के बदलते पर्यावरणीय परिवेश, ग्लोबल वार्मिंग के कारण आज महासागरों के जलस्तर में भी वृद्धि होकर वायुमंडल का तापमान आज चरम की ओर है, भविष्य के वातावरणीय खतरे को भांपते हुए आज हमें इन समस्याओं के ऊपर सजग व सचेत हिमाचल की दृष्टि से सोचने की अति आवश्यकता है।

देवभूमि के सभी प्राकृतिक रूप से बहने वाले पीने के जल स्रोतों का संरक्षण होना चाहिए व पानी के मूल्य को समझ कर उसे व्यर्थ बर्बाद, बिना अवरुद्ध किए, गंदगी, गाद, मिट्टी,बरसाती नाले के मिलन स्थल को हटाकर अच्छे से साफ-सफाई कर उन्हें संजोने की दरकार है, ताकि हम एक ओर भावी समाज की पानी की कमी को दूर कर उसके मूल्य व साथ ही साथ संरक्षण की अहमियत को जान सकें।



## ब्लॉगर

लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

## अपनी बात

**प्रदूषण** एक प्रकार का धीमा जहर है, जो हवा, पानी, धूल आदि के माध्यम से न केवल मनुष्य बल्कि जीव-जंतुओं, पशु-पक्षियों, पेड़-पौधों और वनस्पतियों को भी सड़ा-गलाकर नष्ट कर देता है। आज प्रदूषण के कारण ही प्राणियों का अस्तित्व खतरे में है। इसी कारण बहुत से प्राणी, जीव-जंतु, पशु-पक्षी, वन्य प्राणी विलुप्त हो गए हैं। वायु प्रदूषण से बचने के लिए एयर प्यूरीफायर का उपयोग करना एक बेहतर विकल्प है। अपने घर में एयर प्यूरीफायर का उपयोग करने से घर की हवा को शुद्ध करने और घर में वायु प्रदूषण को कम किया जा सकता है।2
प्रदूषण से बचने के लिए सबसे सेफ तरीका है, बाहर कम से कम निकलना। बाहर तभी निकलें, जब जरूरत हो। फालतू में बाहर घूमने से बचें। बच्चों को भी खेलने के लिए पार्क आदि में न भेजें, क्योंकि प्रदूषण की वजह से यह फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचा सकता है। ठोस कचरे से घरों को रोशन करना, खाद और सूरज से इंजन चलाना और फसलों की सुरक्षा के लिए बस रैपिड ट्रांजिट का उपयोग करना? हालांकि यह अपमानजनक लगता है, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए ये कुछ सरल लेकिन प्रभावी समाधान हैं, जो ग्लोबल वार्मिंग के लिए जिम्मेदार हैं, जो हम वर्तमान में अनुभव कर रहे हैं।

–मीनाक्षी शर्मा, नगरोटा बगवां

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आठ माह से पढ़ाई को मजबूर कूंर स्कूल के स्टूडेंट्स

## तीन कमरों में चल ही सात कक्षाएं, बरसात में क्षतिग्रस्त हुए भवन को कर दिया था अनसेफ घोषित

**बच्चों कर भविष्य अंधकार में, अभिभावक व अध्यापक चिंतित**

**ओपी शर्मा, भरमौर**

जुलाई 2023 में हुई भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हुए सीनियर सेकेंडरी स्कूल कूंर का भवन की मार यहां के स्कूली बच्चों पर भारी पड़ रही है। शिक्षा की बदहाली का नमूना सीनियर सेकेंडरी स्कूल कूंर में देखने को मिला है। यहां पर सात कक्षाओं के बच्चे पिछले 8 महीने से रेस्ट हाउस के मात्र तीन कमरों में पढ़ाई करने का मजबूर हैं। जब भी बारिश होती है तो बच्चों को न चाहते हुए भी छुट्टी कर घर भेजना पड़ता है। इस तरह बच्चों का भविष्य अंधकार में जा रहा है।

यहां पर स्कूल का अपना भवन सुरक्षित न होने के कारण कक्षाएं पीडब्लयूडी के रेस्ट हाउस में लगाई जा रही है। गौरतलब है जुलाई महीने में हुई भारी बारिश के कारण स्कूल के भवन में कई जगह दरारें आ गई थी और जगह-जगह खतरा पैदा हो गया था। लिहाजा स्कूल की बिल्डिग को आनन-फानन में अनसेफ घोषित कर दिया है, लेकिन पिछले करीब आठ महीनों से यहां पर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षाएं एक छोटे से रेस्ट हाउस के तीन कमरों में चलाई जा रही हैं। रैस्ट हाउस में कमरे कम होने के कारण बच्चों को यहां पर पढ़ाई करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तो वहीं अभी तक स्कूल भवन के लिए भूमि का फाइनल भी नहीं हुआ है। हालांकि, जानकारी के अनुसार इसी विश्राम भवन के साथ लगते भूमि को स्कूल के नए भवन के लिए स्कूल प्रशासन ने देखा है, जिसके लिए रैवेन्यू विभाग द्वारा कागजात तैयार किया जा रहे हैं। मगर हैरानी की बात यह है कि पिछले छह महीने बीत जाने के बाद भी यहां पर सात कक्षाओं के बच्चों को एक छोटे से रैस्ट हाउस के तीन कमरों में पढ़ाया जा रहा है जहां पर बच्चों के साथ-साथ अध्यापकों को भी पढ़ाने में बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल प्रशासन की मानें तो अभी तक स्कूल की नए भवन को बनने के लिए काफी समय लगेगा, लेकिन इन हालातों में अध्यापक बच्चों को कैसे पढ़ाएंगे और बच्चे इस तरह के माहौल में किस तरह से अच्छी शिक्षा ग्रहण करेंगे। यह अभिभावकों व अध्यापकों को चिंता सता रही है।

### क्या कहते हैं स्कूल के प्रधानाचार्य

**इस** विषय पर स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य हाकम चंद ने कहा है कि पिछले जुलाई में हुई भारी बारिश के कारण यहां के स्कूल का भवन क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके कारण इस भवन को अनसेफ घोषित कर दिया गया है। बच्चों को यहां साथ लगते पीडब्ल्यूडी के रेस्ट हाउस में पढ़ाया जा रहा है। इस बारे में प्रशासन व उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है। उन्होंने भी माना है कि यहां पर इस माहौल में बच्चों को पढ़ने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### नए भवन के लिए पैसा जल्द जमा किया जाएगा: डिप्टी डायरेक्टर

**इस** विषय पर डिप्टी डायरेक्टर शिक्षा विभाग प्यार सिंह चाडक ने कहा है की स्कूल के भवन को लेकर जिला प्रशासन को अवगत करवा दिया गया है और नए भवन की बिल्डिंग को बनाने के लिए भूमि का चयन भी कर लिया गया है, जिसके लिए रेवेन्यू विभाग द्वारा कागजात भी बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि इन हालातों में बच्चों को पढ़ाने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है लेकिन यहां कोई भी इतनी बड़ी बिल्डिंग नहीं है जहां पर किराए के भवन पर रखकर बच्चों को पढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा है कि जल्द ही नए भवन के लिए पैसा जमा किया जाएगा और उम्मीद करते हैं कि जल्द से जल्द स्कूल का नया भवन बन जाएगा।



सीनियर सेकेंडरी स्कूल कूंर का क्षतिग्रस्त भवन तथा रेस्ट हाउस के बाहर खुले में पढ़ाई करते बच्चे।

### कूंर पंचायात भवन में शिफ्ट की जाएं बच्चों की कक्षाएं: करतार ठाकुर

**कूंर** पंचायात के पूर्व उप प्रधान करतार ठाकुर ने बताया कि स्कूल भवन की हालत बहुत ही दयनीय है। आनन फानन में प्रशासन की ओर से इसे अनसेफ तो घोषित कर दिया गया है, लेकिन स्कूल भवन की व्यवस्था न करने के चलते बच्चों को पीडब्लयूडी के रैस्ट हाऊस में पढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रैस्ट के मात्र तीन कमरे होने के चलते सात कक्षाओं को यहां पढ़ा पाना अध्यापकों के लिए बहुत ही मुश्किल है। जब भी बारिश होती है तो बच्चों को न चाहते हुए भी छुट्टी कर घर भेजना पड़ता है। इस तरह बच्चों का भविष्य अंधकार में जा रहा है। शिक्षा विभाग को इस संबंध में कड़े कदम उठाने चाहिए और जल्द से जल्द स्कूल भवन की व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने मांग उठाई है कि जब तक स्कूल की नई बिल्डिंग नहीं बन जाती तब तक कूंर पंचायत भवन में बच्चों की कक्षाएं लगाई जाएं ताकि बच्चों को बारिश में परेशानी का सामना न करना पड़े और उनकी पढ़ाई भी प्रभावित न हो।

### जल्द बनाई जाए स्कूल की नई बिल्डिंग: कृपना शर्मा

**कूंर** पंचायत की प्रधान कलपना शर्मा ने कहा है कि स्कूल भवन के गिर जाने के बाद यहां पर पढ़ाई कर रहे बच्चों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा है कि एक छोटे से रेस्ट हाउस के तीन कमरों में बच्चों को पढ़ाया जा रहा है तो वहीं पर कार्यालय का काम भी किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द स्कूल की नई बिल्डिंग को बनाया जाए, ताकि बच्चों को वह अध्यापकों को पढ़ने व पढ़ने में किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।



कूंर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के कमरे में चल रही बच्चों की कक्षा।

## न्यूज ब्रीफ

### लूणापुल में शौचालय न होने पर यात्री परेशान

लूणा/भरमौर। लूणापुल में सर्वजनिक शौचालय न होने के कारण यहां पर हर रोज यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें भरमौर के लूणा पुल में हर रोज सैकड़ों यात्री एक जगह से दूसरी जगह आते-जाते हैं, लेकिन यहां पर सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण लोगों को शौचालय के लिए दर-दर भटकना पड़ता है और उन्हें मजबूरन खुले में शौच करने पर विवश होना पड़ रहा है। इस दौरान खासकर महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने यहां कई बार प्रशासन व सरकार से सार्वजनिक शौचालय खोलने की मांग की है लेकिन अभी तक यह मांग पूरी नहीं हो पाई है। स्थानीय निवासी पांजाराम, सनी कुमार, महंदो राम, पूर्ण चंद, इंद्रजीत, संजय कुमार, संजीव कुमार, माधो राम सहित दर्जन लोगों का कहना है कि यहां पर शौचालय न होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द यहां पर सार्वजनिक शौचालय खोला जाए, ताकि लोगों को खासकर महिलाओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। सूत्रों के मुताबिक सरकार के माध्यम से पंचायती राज विभाग को यहां पर शौचालय निर्माण के लिए एक लाख की धनराशि भी स्वीकृत हो गई है, लेकिन अभी तक शौचालय निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

### प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था को किया सम्मानित



संस्था के पदाधिकरियों को सम्मानित करते जिला आयुष अधिकारी डॉ. किरण।

**चंबा।** आयुष विभाग हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था को विभागीय कार्यक्रमों में वलेंटियर सहयोग करने पर विभाग द्वारा सम्मानित किया गया है, जिसके चलते वीरवार को आयुष विभाग चंबा के जिला आयुष अधिकारी डॉ. किरण शर्मा द्वारा संस्था संस्थापक दीपक भाटिया व उनकी टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। निदेशक आयुष विभाग की ओर आए संदेश को सांझा करते हुए जिला आयुष अधिकारी डॉ. किरण शर्मा ने बताया कि जिला चंबा की प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था द्वारा आयुष विभाग को जो सहयोग किया है वह अत्यंत प्रशंसनीय, सराहनीय व अतुलनीय है। उन्होंने इसके लिए संस्था का आभार जताया। इस मौके पर विभागीय स्टाफ सहित प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था की ओर से भुवनेश, हर्षित ठकुर, रवि, हिमांशु ठाकुर, सोनू खान ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### बेहतरीन बजट से बौखला गया है विपक्ष : मैहरा



**चंबा।** गत दिनों प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रस्तुत किए गए वार्षिक बजट की सराहना करते हुए हि.प्र. मत्स्य रिस्क फंड कमेटी के गैर सरकारी सदस्य जितेंद्र मैहरा ने इसको बेहतरीन बजट बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न करों से प्राप्त होने वाले धन न मिलने के बावजूद भी मुख्यमंत्री ने प्रदेश के संसाधनों के आधार पर ही आर्थिक प्रबंधन द्वारा एक बेहतरीन बजट प्रस्तुत किया है। इसमें हरित ऊर्जा विकास व पशुधन से प्राप्त दूध के समर्थन मूल्य में वृद्धि करके ग्रामीण आत्मनिर्भरता को बढावा देने का भी काम किया गया है। साथ कानून के प्रहरी पुलिस कर्मियों की डाइट मनी में बढौतरी के साथ-साथ युवाओं को स्टार्ट-अप व विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान किए जाने का भी ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि चम्बा के लोकप्रिय विधायक नीरज नैयर ने भी चंबा विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगों को बेहतरीन तरीके से विधानसभा सदन पटल पर प्रसतुत किया है। उन्होंने कहा कि बेहतरीन बजट से विपक्ष बौखला गया है बेवजह सुर्खियों मे बने रहने के लिए वर्तमान बजट को शून्य साबित करने में जुटा है, लेकिन की प्रदेश की जनता जानती है कि कांग्रेस ने सदा विकास की बात की है।

### पत्रकार कुलदीप की माता के निधन पर जताया शोक

**डलहौजी।** मणिमहेश डलहौजी हलचल के संपादक एवं दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार कुलदीप कुमार की पूजनीय माता छुनको देवी का अकस्मात निधन हो गया, जिसके तहत अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र परिवार सहित जिला चंबा व उपमंडल डलहौजी के समस्त पत्रकारों ने अपनी संवेदनाएं पीड़ित परिवार के प्रति व्यक्त की है। पत्रकार कुलदीप की माता करीब 70 वर्ष की आयु की थी। जिनकी वीरवार सुबह अचानक तबीयत में खराबी हो जाने पर उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया।

### स्वयं सहायता समूहों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**भरमौर।** अतिरिक्त उपायुक्त भरमौर नवीन तंवर की अध्यक्षता में जनजातीय मंत्रालय भारत सरकार व ट्राइफैड के माध्यम से प्राप्त धनराशि (मूल्य 21.85 लाख रुपए) के बेहतर कार्यान्वयन हेतु वन धन विकास योजना के तहत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त में सभी सदस्यों को वन धन विकास योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा।

उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों कि उक्त योजना के तहत सर्वेक्षण किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को प्रशिक्षण करवाया जाएगा तथा स्वंय सहायता समूह के उत्पादों की मूल्य वृद्धि में गुणवत्ता बढ़ाने, उत्पादों की ग्रेडिंग, पैकेजिंग इत्यादि के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने बैठक में कहा कि योजना के तहत स्वंय सहायता समूहों को उत्पादों गुणवत्ता बढ़ाने के लिए मशीनें ,उपकरण औजार आदि प्रदान किए जाएंगे।

इस अवसर पर एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा, वन मंडल अधिकारी नरेंद्र सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि करतार सिंह डोगरा व वर्चुअल माध्यम से क्षेत्रीय प्रबंधक ट्राईफैड चंडीगढ़ शांतनु सराहन सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### दीपक मिस्टर व कृतिका बनी मिस फ्रैशर



**चंबा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सरू चंबा में प्रशिक्षुओं द्वारा फ्रैशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यकारी प्रधानाचार्य नम्रता शर्मा की अध्यक्षता में हुई इस पार्टी में संस्थान में इस सत्र में प्रवेश पाने वाले सभी नए प्रशिक्षओं को टाइटल दिए गए। वहीं उन्होंने अपने दिए गए टाइटल के अनुसार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फ्रैशर पार्टी कार्यक्रम में डीएलएड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षु दीपक कुमार को मिस्टर फ्रैशर व कृतिका को मिस फ्रैशर चुना गया जबकि , मिस्टर डैशिंग राहुल कुमार को व पूजा ठाकुर को मिस चार्मिंग चुना गया। इस अवसर पर डाइट का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा।

### फसल विविधिकरण पर प्रशिक्षण आयोजित

**चंबा।** कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर द्वारा कृषि विभाग के कार्यालय हरदासपुरा में फसल विविधिकरण पर कृषि सामग्री विक्रेताओं तथा कृषि प्रसार अधिकारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस संदर्भ में कृष विभाग उपनिदेशक जिला चंबा डॉ. कुलदीप धीमान ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत सरकार के कृषि एवं किसान कृयाण मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित फसल विविधिकरण पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत दिनांक 22-23 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के वैज्ञानिकों द्वारा कृषि सामग्री विक्रेताओं तथा कृषि प्रसार अधिकारियों को फसल विबिधिकरण के संबंध में जागरूक किया जाएगा तथा फसल प्रबंधन से संबंधित जानकारी दी जाएगी। खेतों में उर्वरकता बनाए रखने के लिए क्या करें तथा विभिन्न फसलों में खरपतवार, हानिकारक कीट व फसल रोग प्रबधन के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विश्बविद्यालय से डॉ. सुरिन्द्र राणा, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. जी.डी शर्मा विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण देंगे। वहीं इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 23 कृषि सामग्री विक्रेताओं तथा कृषि प्रसार अधिकारी भाग ले रहे हैं।

# बिना परमिट रेहड़ी-फड़ी व्यवसायियों ने जिला मुख्यालय को बना डाला संकरा क्षेत्र

**आरके रांगड़ा, चंबा**

शहर परिसर में परमिट धारकों की आड़ में बिना परमिट व्यवसाय करने वाले कई व्यवसायियों ने मुख्यालय के कई क्षेत्रों को छोटे स्थल में परिवर्तित कर डाला है। शहर परिसर का बिगड़ते स्वरूप, स्थल व मार्गों को संकरीपन से संरक्षण दिलवाने के लिए हालांकि नगर परिषद चंबा द्वारा योजना तैयार की गई है, लेकिन नप परमिट व्यवसायों को निर्धारित स्थलों एवं दायरे में व्यवस्थित नहीं किया जा सका है, जिससे परमिट धारकों व बिन परमिट धारकों के कारण जहां नागरिकों के आवागमन में असुविधा हो रही है।

वहीं मुख्यालय के अग्निशमन केंद्र स्थल की बात करें तो यहां रेहड़ी-फड़ी मार्किट पूरा बाजार ही बन गया है, जिसमें आपातकालीन स्थिति में अग्निशमन वाहनों को निकालने तक में अक्सर विलंब हो जाता है, जिसे देखते हुए जिला प्रशासन चंबा को नप चंबा के इस कार्य में हस्ताक्षेप करना पड़ गया।

गौर हो कि शहर परिसर में रेहड़ी व फड़ी परिषद द्वारा चयनित स्थलों पर जारी परमिट धारकों को रोजगार संबंधी व्यवस्था की गई थी। वहीं गत करीब दस वर्ष से परमिट जारी करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मगर इसके बावजूद माह दर माह रेहड़ी-फड़ी धारकों की संख्या में इजाफा हो रहा है। महंगाई व बेरोजगारी के आलम में आज इतने लोग शहर व आसपास क्षेत्रों के शामिल हो चुके हैं, जिन्हें स्वरोजगार करने से रोक पाना नप के लिए भी जटिल कार्य बनता जा रहा है। इन सब बातों पर गहन मंथन कर जिला प्रशासन द्वारा शहर को रेहड़ी-फड़ी अतिक्रमण से मुक्त बनाने का निर्णय लिया है। जिसमें प्रशासनिक आदेशों के बाद नप ने इस दिशा में कवायद आरंभ करते हुए शहर परिसर में स्थित परमिट व बिना परमिट धारकों का विवरण एकत्रित करने की प्रक्रिया आरंभ की है।



मुख्य डाक कार्यालय मार्ग पर रेहड़ी धारक द्वारा किया गया कब्जा।



शहर परिसर में रेहड़ी-फड़ी का बढ़ता सम्राज्य बेहद चिंता का विषय है। डाक विभाग चंबा के बाहर व उनके वाहनों पर सम्मान बेचने पर नोटिस माध्यम जवाब-तलबी की है। इन सब बातों के मध्य नजर नप चंबा को इस क्षेत्र सहित शहर परिसर के अन्य क्षेत्रों में रेहड़ी-फड़ी के परमिट जांच करने सहित नियमों के हिसाब से उन्हें व्यवस्थित करने के जहां निर्देश दिए है।

-अरुण शर्मा, एसडीएम चंबा।

# नौजवान की निजी होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

पुलिस थाना डलहौजी के अंतर्गत बस अड्डा डलहौजी के साथ लगते एक निजी होटल में 22 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार मृतक प्रवीण कृमार पुत्र पृथ्वीराज निवासी गांव गुवाणी खज्जियार जिला चंबा बीते 18 महीना से इस होटल में कार्यरत था। रोजमर्रा की तरह प्रवीण मंगलवार की रात को अपने सारे काम निपटा कर अपने कमरे में सोने चला गया तथा जब बुधवार सुबह देर तक कमरे से बाहर नहीं आया तो होटल प्रबंधन ने प्रवीण के कमरे में जाकर देखा तो प्रवीण अचेत अवस्था में पड़ा था। होटल प्रबंधन ने तुरंत प्रवीण को गाड़ी में डालकर नागरिक अस्पताल डलहौजी पहुंचाया जहां डॉक्टर ने प्रवीण को मृत घोषित कर दिया। इस दौरान होटल प्रबंधन ने स्थानीय पुलिस को भी सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर तथा होटल पहुंचकर कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने मृतक प्रवीन के शव को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस ने इस संबंध में धारा 174 के तहत मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी जगबीर सिंह ने बताया कि मृतक परवीन के माता-पिता नहीं है। चाचा ही प्रवीण एवं उसकी छोटी बहन का पालन-पोषण कर रहे हैं। डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया है कि मृत युवक के परिजनों ने किसी तरह का कोई संदेह उत्पन्न नहीं किया है परंतु पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**पुलिस ने धारा 174 के तहत दर्ज किया मामला**

## चार घंटे बंद रहा भरमौर पठानकोट नेशनल हाई-वे

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर पठानकोट नेशनल हाई-वे एक बार फिर वीरवार को बागा के समीप एक ट्रक के बीच रास्ते में खराब हो जाने के कारण बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए करीब 4 घंटे बंद रहा, जिसके कारण यात्रियों को एक बार फिर से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि यहां से एक जगह से दूसरी जगह पर यात्री को पहुंचाने के लिए बसों की ट्रांसमिट करके पहुंचाया गया।

गौरतलब है पिछले कई दिनों से हो रही लगातार भारी बारिश व बर्फबारी के कारण रास्ते में जगह-जगह भूस्खलन होने से यह समस्या लगातार आ रही है, जिसके कारण यहां पर बड़ी गाड़ियों की आवाजाही बहुत ही कम हो गई है। वहीं पर परियोजनाओं में आने वाली बड़ी गाड़ियों को भी कुछ दिन के लिए रोक दिया गया है। वहीं दोपहर बाद भरमौर के लाहल में भी राष्ट्रीय उच्च मार्ग के बंद होने के कारण सभी प्रकार की वाहनों की आवाजाही 3 घंटे के लिए बंद रही। यहां विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद दोपहर बाद इस रास्ते को खोल दिया गया। बहरहाल मौसम के खराब होने के चलते बसें भी वीरवार को भरमौर तक भी नहीं पहुंच पाई। इसके चलते लोगों को बहुत परेशानी हुई। वहीं विभाग ने कहा है कि विभाग लगातार बंद मार्गो को खोलने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रहा है, लेकिन मंडल परमार में अभी भी करीब एक दर्जन सडके ऐसी हैं जो बर्फबारी के चलते बंद हैं।

**प्रदर्शन** सातवें दिन भी जारी रहा पार्षदों का दो घंटे का सांकेतिक धरना

# खफा पार्षदों की नगर परिषद को खारिज करने की मांग

**एमएम डैनियल, चंबा**

नगर परिषद चंबा कार्यालय के बाहर बैठे खफा पार्षदों को दो घंटे का सांकेतिक धरना सातवें दिन में जहां प्रवेश कर गया। वहीं परिषद हाउस की कार्यप्रणाली से नाराज चल रहे पार्षदों द्वारा दूसरे पक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए परिषद को ही खारिज करने मांग उठा डाला है।

धरने पर बैठे हरदासपुरा वार्ड पार्षद अंजू देवी, चौगान वार्ड पार्षद खालिद मिर्जा सुराड़ा वार्ड पार्षद उर्मिला जसरोटिया, सुल्तानपुर वार्ड पार्षद सीमा कुमारी, मनोनित पार्षद भावना गुलाटी व जीवन सलारिया ने संयुक्त बयान में कहा कि भाजपा विचारधारा की परिषद हाउस अपने पर लगे आरोपों से बचने के लिए निराधार बयान देने सहित विकास कार्यों के नाम पर सिर्फ स्ट्रीट लाइटों की सूचियों को जारी करवा सरकार, जिला प्रशासन व जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि नप अध्यक्ष की ओर जारी स्ट्रीट लाइट संख्या की सूची एकदम गलत है, जिसे उनके इशारे पर आनन-फानन में नप कर्मियों द्वारा तैयार कर जारी किया गया। उन्होंने कहा कि नप अध्यक्ष दिल्ली में बैठकर यह सब लीला रच रही है। उन्होंने कहा कि नप कर्मियों पर दवाब बनाकर मोबाइल माध्यम सूचियों को मंगवा कर गिने-चुने पेपरों या स्थानीय चैनल में वह इन बातों को प्रकाशित करवा रही है, जबकि सच्चाई का सामना करने में उनकी हिम्मत नहीं दिख रही है, जिसमें वह चंबा आकर जनरल हाऊस बैठक प्रशासनिक अधिकारियों सहित मीडिया की मौजूदी में करें, ताकि गत तीन वर्षों में उक्त वार्डों का लेखा-जोखा व उनके द्वारा रखे मुद्दों पर बात स्पष्ट होने सहित जनता के समक्ष भी सच सामने आ सकें। लेकिन इस बात की बजाय कांग्रेस विचारधारा पार्षदों पर कभी प्रसिद्धी हासिल करने तो कभी झूठे विकास कार्यों को गिनवा कर सस्ती राजनीति करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि हाउस के निर्णयों से खफा पार्षदों की अध्यक्ष या उपाध्यक्ष से कोई व्यक्तिगत लड़ाई नहीं है, बल्कि वार्डों के रुके विकास कार्यों सहित स्वीकृत विकास के टेंडर ऑनलाइन न होने सहित विकास कार्यों के आवंटन में भेदभाव होने की लड़ाई है। जिसमें यदि वह स्पष्ट है तो आमने-सामने की बातचीत क्यूं नहीं करते। जहां तक वह जांच की बात कह रहे है तो वह सरकार, जिला प्रशासन चंबा से मांग करते है कि मौजूदा नगर परिषद चंबा को खारिज कर इस दिशा में उचित जांच की जाएं। वहीं तक जब तक जांच पूर्ण नहीं हो जाती तब तक नप चंबा कार्य की व्यवस्था जिला प्रशासन चंबा के अधीन रहें। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी जिला चंबा महासचिव नरेश राणा, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष चंबा भूपेंद्र राजू, अमन आदि उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)



नगर परिषद चंबा के बाहर धरने पर बैठे हुए पार्षद नारेबाजी करते हुए।

### विकास कार्यों की सूची को लेकर हुई नोंक-झोंक

**वहीं** खफा पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल द्वारा नप चंबा कर्मियों से भी जारी विकास कार्यों की सूची को लेकर खूब नोंक-झोंक हुई। जिसमें पार्षदों द्वारा जारी सूची के तहत रिसीविंग प्रतिलिपि तक तलब करने सहित कर्मचारियों को जहां आगाह किया। वहीं इस दिशा में सरकार व जिला प्रशासन के ध्यानार्थ यह विषय लाने की चेतावनी जारी की।

# माउंटेन गोट एक्सपीडिशन सीजन-11 के प्रतिभागियों ने निहारी स्पीति की वादियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

माउंटेन गोट एक्सपीडिशन सीजन-11 तीन दिन तक घाटी में रही। इस दौरान करीब 200 के करीब पर्यटकों ने स्पीति के विभिन्न पर्यटक स्थलों का भ्रमण किया। ताबो, काजा, फलदर मैदान, रंगरिक, मुरंग, चिचिम ब्रिज, कीह, लांगचा आदि स्थलों से होती हुई एक्सपीडिशन गुजरी।

वीरवार को स्पीति से रामपुर के एक्सपीडिशन को एडीसी राहुल जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि माउंटेन गोट एक्सपीडिशन इस साल 80 से अधिक गाड़ियों के साथ स्पीति पहुंचा है। इस साल के बजट में काजा और चंद्रताल को टूरिज्म के हिसाब से और विकसित करने की योजना बनाई गई है।

**स्पीति के पर्यटन स्थलों को बढ़ावा भी मिलता है**

एडीसी राहुल जैन ने कहा कि स्पीति में एक साथ 200 से अधिक लोगों को ग्रुप आने से यहां के लोगों को रोजगार भी मिलता है। वहीं, स्पीति के पर्यटन स्थलों को बढ़ावा भी मिलता है।

माउंटेन गोट के संस्थापक सूरज ने बताया कि सीजन 11 बहुत ही बेहतरीन रहा है।

**स्पीति से रामपुर के एक्सपीडिशन को एडीसी राहुल जैन ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**






गाड़ियों के काफिले का दृश्य व माउंटेन गोट एक्सपीडिशन सीजन-11 को स्पीति से काजा से रामपुर की ओर रवाना करते हुए एडीसी काजा।

### प्रतिभागी ले रहे बर्फबारी का आनंद

**आयोजनकर्ताओं** ने बताया कि आमतौर पर ऐसी रैली मई-जून के महीने में आयोजित की जाती है लेकिन इस रैली का आयोजन फरवरी माह में किया जा गया है ताकि बर्फबारी का आनंद भी प्रतिभागी ले सकें। इसलिए प्रतिभागियों की सुरक्षा को ध्यान रखा गया और साथ ही अच्छी किट, पर्याप्त मात्रा में खाने का सामान साथ रखना है।

### 2015 में दो लोगों ने की थी शुरुआत

**माउंटेन** गोट एक्सपीडिशन की शुरुआत 2015 में सूरज तायल और शाश्वत गुप्ता की जोड़ी ने की थी। जहां सूरज ने ऑकलैंड यूनिवर्सिटी, न्यूजीलैंड से पर्यटन प्रबंधन में विशेषज्ञता हासिल की है। वहीं, शाश्वत ने कार्डिफ यूनिवर्सिटी, यूनाइटेड किंगडम से मार्केटिंग में मास्टर डिग्री हासिल की है। इस तरह की मोटर रैली का आयोजन किया जाता रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### अध्यापकों के पद शीघ्र भरे जाएं : सुरेंद्र



**कुल्लू।** बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि प्रदेश में प्राइमरी अध्यापकों से लेकर महाविद्यालयों के प्राध्यापकों के बड़ी संख्या में पद रिक्त चल रहे हैं। सरकार प्री-नर्सरी अध्यापक, गेस्ट टीचर व जेबीटी अध्यापकों की भर्ती को लेकर लगातार दबाव में है। वीरवार को विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने सदन में विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में प्राध्यापकों के रिक्त पदों पर सवाल रखा। सवाल के जवाब में बात सामने आई कि बंजार विधानसभा में कुल 464 स्वीकृत पदों में 109 पद खाली चल रहे हैं। विधायक शौरी ने सरकार से इन रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरने का आग्रह किया है।

### युवाओं की ऊर्जा सही मार्ग में लगाना जरूरी



**कुल्लू।** नेहरू युवा केंद्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के उप निदेशक डॉ. लाल सिंह ने कहा है कि राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों से युवाओं को जोड़ना प्राथमिकता रहेगी। डॉ. लाल सिंह ने जिला कुल्लू में नेहरू युवा केंद्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के उप निदेशक के रूप में पदभार संभाला। उन्होंने कहा कि एक बेहतर राष्ट्र के निर्माण के लिए युवाओं की ऊर्जा को सही मार्ग में लगाना जरूरी है।

### ई-केवाईसी के लिए लगेंगे जागरूकता शिविर

**कुल्लू।** तहसीलदार कुल्लू व कार्यकारी दंडाधिकारी तहसील व जिला कुल्लू ने कहा कि जिन्होंने अपनी ई-केवाईसी नहीं करवाई है वे दिन 29 फरवरी से पूर्व अपनी ई-केवाईसी करवाना सुनिश्चित करें। सुविधा के लिए 23 फरवरी को ग्राम पंचायत बाशिंग, बन्दरोल, रायसन, कटराई, लरांकेलो, नथान में। वहीं 26 फरवरी को बल्ह-1, बल्ह -2, भत्याणी, नेऊली, चतानी, ग्राहण, चोकीडोभी, सारी, माशना, डुखरीगाहर, बाराहर, बुआई, नालाहच, देवगढ, शिरढ़, नग्गर, रुमसू, सरसेई, सोयल, राउगी, गाहर, काईस, कराडसू, हुरंग में और 27 फरवरी खडिहार, भूमतीर, ब्राह्मन, शिलानाल पीज, बंदल, पुइद, तलोगी, चनसारी, सेउगी, डुधिलग, बस्तोरी, चोपड्सा, गाहर, फलान, मझाट, मानगढ़, जिंदौड, बनोगी ,सलिंग्चा, मंडलगढ़, दवाडा हलाण-एक, जाणा अरछन्डी, पिछलिहार तथा 28 फरवरी को शिविर लगाया जा रहा है।

### तिब्बतियन मूल के व्यक्ति का मिला शव

पतलीकूहल : तिब्बतियन मूल के व्यक्ति का शव बरामद हुआ है । जानकारी के अनुसार पतलीकूहल चौक में सड़क किनारे एक व्यक्ति गिरा हुआ था। पुलिस को सूचना मिलने पर जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतलीकूहल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने व्यक्ति को मृत घोषित किया। व्यक्ति की पहचान टशी पुत्र कोसंग निवासी तिब्बत उम्र 57 के रूप में हुई है। पुलिस ने आगे की कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया है।

### गुलबदन महंत बने ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष



**कुल्लू।** गुलबदन महंत को भाजपा कुल्लू मंडल ओबीसी मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेश कुमार सहित भाजपा मंडल के वरिष्ठ नेतृत्व से विचार कर कुल्लू मंडल अध्यक्ष गुलबदन महंत ने मंडल कार्यकारणी की भी घोषणा कर दी है। कुल्लू भाजपा मंडल ओ बी सी कार्यकारिणी में नीरत नैयर और भूषण महंत को महामंत्री, माया राम, रमेश कुमार महंत व कार्तिक महंत को उपाध्यक्ष, अनुज महंत, दिनेश महंत व कमल महंत को सचिव, चंद्रसेन को कोषाध्यक्ष, संजीव महंत को आईटी संयोजक सहित अयोध्या गीर, विजय नैयर, प्रेम दास, अनिल महंत, रविंद्र नैयर, राजेश कुमार महंत, गायत्री महंत, रमेश महंत, ईशांत, जीवन महंत सहित घनश्याम मंहत को कार्यकारिणी सदस्य बनाया है।

### कुल्लू व लाहौल-स्पीति में ठंडी हवाओं का दौर जारी

# लाहौल के जोबरंग में पहाड़ से भारी हिमस्खलन, कोई नुकसान नहीं

**कमलेश वर्मा, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल स्पीति व कुल्लू जिला में ठंडी हवाओं का दौर जारी है। दोनों जिलों में बर्फबारी और बारिश के कारण कई सड़कें बंद पड़ी हैं जबकि जन जीवन अस्त व्यस्त है। लाहौल घाटी में वीरवार सुबह करीब 9:00 बजे जोबरंग गांव के समीप पहाड़ से भारी हिमस्खलन हुआ ।

जोबरंग पंचायत के पूर्व प्रधान सोम देव योकी ने हिमस्खलन की आवाज सुनी। उन्होंने अपने घर की छत से गिरते हिमखंड और उससे उठे बवंडर को अपने मोबाइल कैमरे में कैद किया। हालांकि हिमस्खलन के कारण किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

उधर, उपायुक्त लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने घाटी के लोगों से अपील की है कि लोग अनावश्यक इधर-उधर न जाए। उन्होंने बताया कि लाहौल के पहाड़ों में भारी बर्फबारी हुई है। अब मौसम खुलते ही धूप खिलने से हिमस्खलन का खतरा बढ़ जाता है। (अनंत ज्ञान)



लाहौल घाटी के जोबरंग गांव में पहाड़ से नीचे की ओर होता हिमस्खलन।

### 17 फरवरी से बंद था मनाली-केलांग मार्ग

भारी हिमपात से मनाली-केलांग मार्ग 17 फरवरी से सभी वाहनों के लिए बन्द हो गया था। लगातार चार दिन हिमपात होने से अटल टनल के साउथ पोर्टल में तो साढ़े पांच फीट ऊंची बर्फ की दीवार खड़ी हो गई थी जबकि अन्य स्थानों में भी साढ़े तीन से चार फीट मोटी बर्फ की चादर बिछ गई थी। बीआरओ ने बर्फ के फाहों के बीच मंगलवार को सड़क बहाली शुरू कर दी थी। बीआरओ की योजक परियोजना को सोलंगनाला से धुंधी तक हिमस्खलन का भी सामना करना पड़ा। टीम ने हिम्मत से काम करते हुए सुबह 11 बजे सड़क बहाल कर दी और मनाली को अटल टनल के साउथ पोर्टल से जोड़ दिया। (अनंत ज्ञान)

### फोर बाय फोर वाहनों के लिए बहाल हुआ मनाली-केलांग मार्ग

मनाली केलांग मार्ग फोर बाय फोर वाहनों के लिए बहाल ही गया है। बीआरओ ने दिन-रात काम कर साढ़े पांच फीट ऊंची बर्फ को काटकर रास्ता बनाया। एक्सपीडिशन की 20 गाड़ियों सहित मनाली से केलंग के लिए तो दर्जन से अधिक वाहन रवाना हुए।



# दिनेश सेन बने प्रेस क्लब के ऑनरेरी लाइफ टाइम सदस्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू के प्रतिष्ठित नागरिक दिनेश सेन को प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू की ऑनरेरी लाइफ टाइम सदस्यता प्राप्त हुई है। प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू में इसकी विधिवत घोषणा हुई। प्रधान धनेश गौतम सहित उपस्थित सदस्यों ने कुल्लवी परंपरा के साथ सम्मानित किया। दिनेश सेन को प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू का आईकार्ड देकर सम्मानित किया गया। धनेश ने कहा कि प्रेस क्लब कुल्लू द्वारा ऑनरेरी लाइफ टाइम सदस्य बनाया जाता है।



ऑनरेरी लाइफ टाइम सदस्य दिनेश सेन के साथ क्लब के अन्य सदस्य।

# लाहौल पोटेटो सोसायटी के अध्यक्ष ने दिया पद से त्यागपत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



ऑप्रेटिव सोसायटी लाहौल पोटेटो सोसायटी के चेयरमैन सुदर्शन जस्पा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 में एलपीएस में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ उन्होंने न केवल सड़कों पर आंदोलन किया बल्कि कानूनी प्रक्रिया से भी लड़ाई लड़ी परिणाम स्वरूप तत्कालीन प्रबंधन समिति को सभा से बाहर का रास्ता दिखाया गया।

जस्पा ने बताया कि लाहुल स्पीति के विधायक उनके बोर्ड के सदस्यों को सरकार के पास पड़े 4.5 करोड़ रुपए दिलाने के एवज में उन्हें पद से हटाने की मांग पर अड़े हुए है, इसलिए अपने बोर्ड सदस्यों के आग्रह पर सभा के हित में अपना त्याग पत्र देने जा रहे है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि विधायक रवि ठाकुर अपने वायदे के मुताबिक तय समय सीमा में सभा को 4.5 करोड़ रुपए सरकार से दिला कर सभा को कर्ज मुक्त करते हुए सभा के होटल की नीलामी पर रोक लगाएंगे।

# अब यूनिवर्सल कार्टन में बिकेगा बागवानों का सेब : राजीव किमटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राजीव किमटा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में एक समान विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा पेश बजट दूरदर्शी, नवोन्मेषी एवं किसान हितैषी है। कांग्रेस सरकार ने जो बजट जारी किया है, वह जनता के हित में है तथा इसमें किसानों, बागबानों, युवाओं सहित बेसहारा पशुओं के लिए कई प्रावधान किए गए हैं।

विकट वित्तीय स्थितियों के बावजूद बजट में प्रत्येक वर्ग का ध्यान रखते हुए समाज में पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया है। बागवानी क्षेत्र में 12 करोड़ रुपए की लागत से एक उत्कृष्टता केंद्र थापित होने से यह बागवानी उत्पादों की गुणवत्ता, दक्षता, पर्यटन और विपणन से संबंधित बागवानों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के दृष्टिगत एक संसाधन केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

प्रदेश में जितने भी बेसहारा पशु सड़कों पर घूम रहे हैं उन्हें गोसदन पहुंचाया जाएगा। गोसदन में रखरखाव के लिए जो राशि सरकार के द्वारा दी जाती थी उसमें बढ़ोतरी की गई है। वहीं, उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में बागवानों के द्वारा जो यूनिवर्सल कार्टन की मांग रखी जा रही थी। उसे अब प्रदेश सरकार के द्वारा पूरा कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर जिले और हर वर्ग का एक समान विकास करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।




राजीव किमटा पत्रकारों को संबोधित करते हुए व साथ हैं अन्य पदाधिकारी।

### उझी घाटी के दुआड़ा व कटराईं में फागली आयोजित

# ऋषि जमलू दुआड़ा व कटराईं में भगवान विष्णु ने निभाई परंपराएं




ऋषि जमलू दुआड़ा व कटराईं में भगवान विष्णु फागली उत्सव में भाग लेते हुए।

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

ऋषि जमलू के प्रांगण में मनाया जाने वाला फागली उत्सव विधिवत संपन्न हुआ। मलाणा में जमलू ऋषि की फागली के एक दिन बाद ऊझी घाटी में फागली उत्सव दुआड़ा, कटराईं सहित अन्य देऊघरों में शुरू हुआ था। ऋषि जमलू छानी, कटराईं में बुधवार को दोपहर बाद आराध्य देव भगवान विष्णु व देवता वीरनाथ अपने हारियानों के साथ पहुंचे। भगवान विष्णु ने फागली से संबंधित सभी देव परम्पराओं का विधिवत निर्वहन किया। संपूर्ण देऊघर कुल्लवी वाद्ययंत्रों की देवधूनों की मधुर धुनों से गुंजायमान हो गया। (अनंत ज्ञान)

**तराशी दचाणी के आराध्य देव वीरनाथ हुए शामिल**

### श्रद्धालुओं ने लिया ऋषि जमलू का आशीर्वाद

दुआड़ा व कटराईं में हुए फागली उत्सव के दौरान घाटी के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने देवताओं को आशीर्वाद लिया। इस दौरान देउली कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं के लिए ब्रह्मभोज की व्यवस्था की गई थी। हालांकि इस दौरान बारिश ओर बर्फबारी का दौर रहा जारी ओर देऊली के समय मौसम रहा साफ रहा। प्रदेश सहित जिला कुल्लू शीतलहर की चपेट में है। मगर मंगलवार व बुधवार को फागली की परम्पराओं के निर्वहन के समय मौसम कुछ समय के लिए साफ हो गया।

### 12 देऊघरों में मनाई जाती है फागली

उझी घाटी के 12 देऊघरों में फागली उत्सव मनाया जाता है। ऋषि जमलू के घोड़ों की विधिपूर्वक पूजा की जाती है। दुआड़ा गांव के आराध्य देव भगवान विष्णु दुआड़ा व कटराईं में देव विधिनुसार फागली उत्सव में देव परंपराओं का निर्वहन करते हैं।

### नहीं होते हैं कोई जमीनी कार्य

ऋषि जमलू के मंढार से बाहर निकलने के साथ ही घाटी में जमीन पर की जाने वाली खुदाई सहित अन्य जमीनी कार्य रोक दिए जाते हैं। जब तक ऋषि जमलू मंढार से बाहर रहते हैं तब तक इन इलाकों में सभी जमीनी कार्यों पर पूर्णतः रोक रहती है।

# कलमछोड़ हड़ताल के तीसरे दिन भी मरीज हुए परेशान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला में चिकित्सकों की कलम छोड़ हड़ताल के तीसरे दिन भी चिकित्सकों के इंतजार में बैठे मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू सहित जिले के अन्य अस्पतालों में इलाज की उम्मीद में सुबह से आए मरीजों जैसे ही कलम छोड़ हड़ताल का पता चला तो सभी मरीजोंमें निराशा फैल गई। जनरल ओपीडी में संजीव शर्मा, मोहन लाल, मेडिसिन ओपीडी में आये वीर सिंह, ठाकुर दास, ऑर्थो ओपीडी में आए जीवन लाल, दूनी चंद, ईएनटी में आए प्रेम सिंह, आई ओपीडी में आए दिनेश लाल, सोहन लाल, गायनी ओपीडी में आई शान्ता सहित अन्य सभी ओपीडी के बाहर भी दर्जनों मरीज इंतजार करते नजर आए।



चिकित्सकों का इंतजार करते हुए मरीज।

### बुजुर्ग और बच्चे हुए ज्यादा परेशानी

बुजुर्ग सुबह से ही इलाज के लिए अस्पताल आए हुए हैं और जो अभिभावक नवजात शिशुओं ओर छोटे बच्चों के साथ अस्पताल आए हुए थे उन्हें भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ा है।

### बजट में हर वर्ग को दरकिनार किया : विधायक लोकेंद्र



**आनी।** आनी विस क्षेत्र के विधायक लोकेंद्र कुमार ने सदन में हर उस वर्ग, क्षेत्र की बात की जिसको इस बजट से निराशा हाथ लगी है। बजट में हर वर्ग को पूरी तरह से दरकिनार किया गया है। कृषि, बागवानी, सड़क, स्वास्थ्य, विश्वविद्यालय, धार्मिक स्थल और पुरातन मंदिर, प्रदेश के लाखों कर्मचारी, होमगार्ड, पीडब्लूडी और शिक्षा विभाग के मल्टीटास्क वर्कर से लेकर प्रत्येक क्षेत्र की खामियों को आज विधायक द्वारा सदन में उजागर किया गया।

# उपायुक्त ने एनएचएआई के अधिकारियों से की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने एनएचएआई के अधिकारियों से बैठक की। उन्होंने एनएचएआई से एनएच-03 के क्षतिग्रस्त स्थलों के बारे में जानकारी हासिल की तथा इन स्थलों को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

एनएचएआई के अधिकारियों ने कहा कि फोरलेन के निर्माण होने के इतनी अवधि के बाद अब कुछ लोग सड़क निर्माण वाली भूमि पर अपने स्वामित्व के दावे कर मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

उपायुक्त ने जिला राजस्व अधिकारी को दावों के संबंध में पड़ताल एवं पुनः निशानदेही करवाकर रिपोर्ट प्रतुत करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि कुल्लू से मनाली सड़क पर कुल 11 ऐसे स्थान चिन्हित किए गए है जहां पर बाढ़ से क्षति होने के उपरांत सड़क का महत्वपूर्ण हिस्सा बह गया है इन स्थानों को सुरक्षित करने के लिए ड्रेजिंग व आरसीसी की दीवार बनाकर पक्का करने का कार्य उच्च प्राथमिकता में रखा गया है। उपायुक्त ने से मनाली के मध्य आवश्यक स्थानों पर ड्रेन के निर्माण करने के भी निर्देश दिए। बैठक में एडीएम अश्विनी कुमार, एसडीएम मनाली रमन शर्मा, जिला राजस्व अधिकारी डा. गणेश, एनएचएआई के परियोजना अधिकारी वरुण चारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**प्रदर्शन** ‘शास्त्री पद का जो भक्षक, नहीं वो संस्कृत का रक्षक’ से गूंजा ढालपुर

# कुल्लू में नवीन शास्त्री भर्ती का विरोध, निकाली रोष रैली

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला संस्कृत परिषद कुल्लू तथा संस्कृत एवं संस्कृति संरक्षण मंच के संयुक्त तत्वावधान में नवीन शास्त्री भर्ती के विरोध में रोष रैली का आयोजन किया गया। वीरवार को जिला मुख्यालय में समस्त जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए शास्त्री विद्यार्थियों ने नवीन शास्त्री भर्ती के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 11 अक्तूबर 2023 के अधिसूचित नियमों को निरस्त करने पर एक रोष रैली का आयोजन कर अपना विरोध जताया।

रोष रैली के दौरान सभी शास्त्री विद्यार्थियों ने विभिन्न पोस्टरों और नारो के माध्यम से जम कर नई भर्ती का विरोध किया। इस दौरान वो ‘शिक्षा परिषद हाय हाय, जो शास्त्री पद खाय खाय’, ‘शास्त्री पद का जो भक्षक है, नही वो संस्कृत का रक्षक है’ जैसे नारों से समूचा ढालपुर गूंज उठा। रोष रैली को उपायुक्त कुल्लू के कार्यालय परिसर तक ले कर जाया जहां पर सभी विद्यार्थियों ने जम पर सरकार के विरुद्ध जम कर अपनी भड़ास निकाली। इस दौरान अध्यक्ष स्कारभारती, पूर्व भाषाधिकारी डॉ. सीताराम ठाकुर की अगुवाई में उपायुक्त कुल्लू के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन सौंप कर अपनी समस्याओं और आपत्तियों से अवगत कराया। पूर्व भाषाधिकारी डॉ सीताराम ठाकुर ने रोष रैली के बारे जानकारी देते हुए बताया की नए शास्त्री नियम समस्त शास्त्री विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले नवीन शास्त्री भर्ती नियमों को न केवल शास्त्रियों अपितु भारतीय संस्कृति की परम्परा के लिए भी घातक बताया।

**उपायुक्त कुल्लू के माध्यम से राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन**

इस घातक नवीन शास्त्री भर्ती नियमों ने सभी परम्परागत संस्कृत महाविद्यालयों के लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ भद्दा खिलवाड़ किया है। यह समस्त लाखों शास्त्री विद्यार्थियों की जीविका का ही प्रश्न नहीं है, बल्कि सनातन भारतीय वैदिक संस्कृति के ही विनाश का मार्ग खोलना है।

सुपरिंटेंडेंट वन विभाग सुनील शास्त्री ने कहा कि इससे भारत के भविष्य पर ही प्रश्न चिह्न लग जाएगा। परिषद के अध्यक्ष डॉ. पुरषोत्तम लाल ठाकुर ने कहा कि यह आन्दोलन अपने लक्ष्य पूरा होने तक जारी रहेगा तथा हम अपना अधिकार लेकर रहेंगे। (अनंत ज्ञान)




नवीन शास्त्री भर्ती के विरोध में रोष रैली करते हुए शास्त्री विद्यार्थी।

## न्यूज ब्रीफ

### दी करौर सहकारी सभा का अधिवेशन 25 को

**नादौन।** नादौन उपमंडल की दी करौर कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित का वार्षिक साधारण अधिवेशन 25 फरवरी को शिव मंदिर के प्रांगण में प्रति 11 बजे आयोजित किया जा रहा है, जिसकी अध्यक्षता सभा के प्रधान डॉक्टर मेहर चंद करेंगे। अधिवेशन में ऑडिट नोट वर्ष 2013 का अवशेष पत्र पढ़कर सुनाया जाएगा तथा आगामी वर्ष के कार्यों की रूपरेखा भी बनाई जाएगी। सभा के सचिव अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि सभा का वार्षिक अधिवेशन में उपस्थित होने के लिए सभी सदस्यों को आमंत्रित किया है।

### स्टूडेंट्स को नवाचार ढांचे बारे किया जागरूक

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के संस्थान इनोवेशन काउंसिल ने एमएसएमई बिजनेस इनक्यूबेटर और सीपीयू पायनियर इनक्यूबेटर और इनोवेशन क्लब के सहयोग से डिजाइन क्रिटिकल थिंकिंग एंड इनोवेशन डिजाइन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। डॉ. रितेश राणा एसोसिएट प्रो. हाइपर नादौन, डॉ. भावना भट्ट सहायक प्रो. एसजीआरआरयू देहरादून, डॉ. सुधाकर कौशिक सहायक प्रो. एसजीआरआरयू देहरादून, डॉ. करण ठाकुर सहायक प्रोफेसर सीपीयूएच मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने स्टूडेंट्स को नवाचार ढांचे और समाज और राष्ट्र में अद्वितीय विचारों की भूमिका के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ. अंजना, डॉ. शैलजा, डॉ. राहुल आदि उपस्थित रहे।

### डॉ. सुमित को हिमालयन श्री अवार्ड से नवाजा




**भोरंज।** भोरंज से संबंध रखने वाले होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. सुमित पुन्याल के नाम एक और उपाधि जुड़ गई है। हिमाचल के आशा किरण संस्थान ने उन्हें राज्य स्तरीय सम्मान हिमालयन श्री अवार्ड 2024 से नवाजा है। संस्थान ने यह सम्मान 21 फरवरी को घुमारवीं में एक होटल में बॉलीवुड और पंजाबी कलाकार अरविंद्र भट्टी के द्वारा दिया गया। डॉ. पुन्याल ने बताया यह सम्मान उन्हें होमियोपैथी में बेहतरीन कार्य करने के लिए दिया गया।

### ब्लॉक फार्मर की बैठक में किसानों ने रखी मांगें

**नादौन।** कृषि विभाग नादौन में आत्मा परियोजना द्वारा ब्लॉक फार्मर सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक एसएमएस एग्रीकल्चर कम बीटीटी कनवीनर नादौन अंकुश कुमार और ब्लॉक फार्मर सलाहकार समिति के चेयरमैन कैप्टन सुनील दत्त शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। किसानों ने बैठक में नादौन ब्लॉक में पशुपालन पॉलीक्लिनिक खोलने, नादौन ब्लॉक में उपमंडलीय भू-संरक्षण अधिकारी का कार्यालय खोलने, बाड़बंदी में अनुदान राशि को 70 प्रतिशत से बढ़ाकर 80 प्रतिशत करने की मांग रखी। इसके अलावा देसी गाय की खरीद पर अनुदान राशि को 25 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रुपए किया जाए। कृषि विभाग और पशु पालन विभाग में रिक्त पदों को भरा जाए। इस बैठक में रमेश चंद जरियाल, रमेश चंद पराशर, कंचन कुमारी बीडीसी, अंजू देवी आदि उपस्थित रहे।

### ठोस कचरा प्रबंधन पर स्टूडेंट्स को दिए टिप्स

**हमीरपुर।** राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर में हिमकोस्टे द्वारा प्रायोजित ठोस कचरा प्रबंधन पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रो. गंधर्व कुमार विषय विशेषज्ञ के रूप में अपने सहयोगी विजय कुमार के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने इस कार्यशाला में ठोस कचरा प्रबंधन, सूखे और गीले कचरे को अलग करना, वर्मी कंपोस्टिंग पर अपने विचार रखे। बच्चों ने इस अवसर पर पेंटिंग, स्लोगन, भाषण और कविताएं भी प्रस्तुत कीं। एसएमसी प्रधान अनु देवी और एसएमसी मेंबर बबीता, तृप्ता और बच्चों के अभिभावक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### 852 स्टूडेंट्स ने दी अंग्रेजी की परीक्षा

**हमीरपुर।** जिला भर के आठ परीक्षा केंद्रों में वीरवार को सीबीएसई 12वीं कक्षा की अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई, जिसमें जिलेभर के विभिन्न सीबीएसई संकाय स्कूलों के 853 में से 852 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी। यह परीक्षा सुबह 10.30 से शुरू होकर दोपहर 1.30 बजे समाप्त हुई। डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर के प्रधानाचार्य व परीक्षा के जिला समन्वयक विश्वास शर्मा ने बताया कि जिलेभर में सीबीएसई परीक्षाओं के लिए आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में हुई।

### संसदीय क्षेत्र से पांचवीं बार जीतेंगे अनुराग : बिरला

**हमीरपुर।** नमो हैट्रिक के साथ हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर अपनी लगातार 5वीं जीत दर्ज करने जा रहे हैं। यह बात जिला भाजपा की उपाध्यक्ष उषा बिरला ने जारी प्रेस बयान कही। उन्होंने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में समय-समय पर अपने खर्चे पर अंगूठी योजनाएं चलाकर अनुराग ने जनता को लाभ दिया है। इस कड़ी में उनकी वर्तमान पहल महिला पहाड़ी संगीत कार्यक्रम है, जिसके माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को अपना हुनर दिखाने का एक मंच मिला है, साथ ही हिमाचली गानों को भी तवज्जो मिली है।

### हमारी दुनिया, हमारा समृद्ध भविष्य : रांगड़ा

**टौणीदेवी।** हमारी दुनिया हमारा समृद्ध भविष्य है इसी थीम के मद्देनजर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (उत्कृष्ट) टौणी देवी के स्काउट गाइड्स ने स्काउटिंग के सिद्धांतों पर अमल करने और एक समृद्ध समाज निर्माण करने में अपना योगदान देने का प्रण लिया। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने बताया कि वर्तमान परिपेक्ष में स्काउटिंग की भूमिका अहम है जो दूसरों की सहायता एवं अन्य कुरीतियों जैसे नशा निवारण के लिए लोगों को जागरूक करने में हमेशा तत्पर रहते हैं। प्रतिभा की धनी आठवीं कक्षा की गाइड चेतना ने प्रधानाचार्य, सतीश एवं गाइड कप्तान कुसुम लता के चित्र अपने हाथ से बनाकर उन्हें भेंट कर सबका दिल जीत लिया।

### झुग्गी में रह रही लड़की ने फंदा लगाकर दी जान

**हमीरपुर।** शहर के वार्ड नंबर नौ हथली खड्ड के पास झुग्गी में रह रही 24 साल की लड़की ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने लड़की का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। यह लड़की आरएसडी कॉलेज मकोगेट गोलबाग फिरोजपुर की रहने वाली थी व इसके पिता का पहले ही देहांत हो चुका है। एसपी पदम सिंह चौहान ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### राजेश्वरी कॉलेज ने शांति निकेतन को चार विकेट से हराया

**हमीरपुर।** राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा के सौजन्य से आयोजित प्रदेश भर के बीएड कालेजों की राज्य स्तरीय विंडवाल क्रिकेट प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा की छात्रा खिलाड़ियों ने शांति निकेतन कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हमीरपुर को चार विकेट से हराया। एचपी कॉलेज ऑफ एजुकेशन टूटू, शिमला को हराकर आरसी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, धनोट, कांगड़ा ने जीत का सिलसिला बरकरार रखा, वहीं सिरमौर के दून कॉलेज ऑफ एजुकेशन का हराकर डीडीयू कालेज आफ एजुकेशन मैहरे विजेता बना। मिनर्वा कालेज आफ एजुकेशन इंदौरा को एमएलएसएम कॉलेज आफ एजुकेशन मंडी ने मात दी। वीरवार को शिवाली को मैन ऑफ दी मैच से नवाजा गया। इस अवसर पर दुनीचंद शर्मा मुख्यातिथि रहे।

---

**कोट गांव की वृद्धा की दास्तां**

# अटारी-मनाली टू-लेन से 88 वर्षीय कैलाशो देवी का उजड़ा आशियाना

## अब खोखे में ली शरण, तीन महीने से चार मरले आवंटित, भूमि का नहीं हो रहा इंतकाल

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव**

हमीरपुर जिला के टौणीदेवी से होकर निर्माणाधीन अटारी-मनाली नेशनल हाई-वे से 88 वर्षीय महिला का दो कमरों का आशियाना तो उजाड़ दिया गया, लेकिन अब उसे फिर से छत तैयार करने के लिए चार मरले भूमि के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। तीन महीनों से जमीन के इंतकाल की फाइल हमीरपुर के एसडीएम कार्यालय में पड़ी है। कोट पंचायत के प्रधान गुलशन कुमार से लेकर खुद महिला कई बार इस कार्यालय के चक्कर काट कर अब थक हार गए हैं। अब यह वृद्ध महिला कैलाशो देवी करे भी तो करें क्या?

जहां उसका छोटा-सा यह दो कमरों का मकान निर्माणाधीन हाई-वे की जद में आया। उसे मुआवजा भी दिया गया। लेकिन अनुसूचित जाति से ताल्लुक रखने वाली इस महिला पर अब मुसीबतों का पहाड़ इसलिए टूट पड़ा है, क्योंकि सर्दियों का मौसम खत्म होने वाला है और जिस टीन नुमा खोखे में इसने शरण ली है। वह धूप में तपने वाला है।

कब इसका मकान बनेगा, कब जमीन मिलेगी? जीवन के अंतिम पड़ाव पर यह महिला अपनी अधेड़ उम्र की बेटी के साथ रह रही है। बेहद गरीबी में इनका जीवन-यापन हो रहा है, लेकिन पंचायत इन्हें फिर से बसाने के लिए जद्दोजहद तो मुकम्मल कर रही, पर अफसरशाही कहीं न कहीं, जवाब देह साबित नहीं हो रही।

पंचायत प्रधान गुलशन कुमार का कहना है कि 1983 में यहां का बंदोबस्त हुआ, जिस भूमि पर यह गरीब परिवार काबिज था, उस भूमि को रिकॉर्ड में चढ़ाया जाना था, लेकिन उसे राजस्व विभाग ने चढ़ाया नहीं। चार मरले का इंतकाल हुआ ही नहीं। खैर बाद में तकनीकी कारणों को लेकर हुई इस 'चूक' के बाद भी इस महिला को मुआवजा विभाग ने दिलवा दिया। बीती 10 जनवरी तक इंतकाल करवा देने का भरोसा भी मिला था, लेकिन यह इंतकाल नहीं हो पाया। 6.30 लाख मुआवजे का खाते में पड़ा है। कुछ और पैसे भी लोगों ने इकट्ठे करके दिए हैं।

मगर जमीन ही राजस्व विभाग अलाट नहीं करेगा, तो फिर कमरों का निर्माण कैसे होगा? उन्होंने हमीरपुर के एसडीएम से अपील की है कि वे इस मामले को तत्काल हल करवाएं, ताकि वृद्ध महिला को न्याय मिल सके। (अनंत ज्ञान)





यहीं था नेशनल हाईवे पर वृद्ध महिला का ऊपर-नीचे दो कमरों का छोटा-सा मकान तथा (इनसेट) सड़क किनारे खोखानुमा कमरे में बैठी वृद्धा और उसकी बेटी।

**क्या कहते हैं एसडीएम**



**हमीरपुर** के एसडीएम मनीष सोनी का कहना है कि फाइल ओके नहीं हो पाई है, क्योंकि जहां पर महिला को जमीन अलाट होनी है, वहां गांववासियों ने सड़क बनाने को लेकर ऑब्जेक्शन दायर की थी। फाइल फिर से भेजी गई है, ताकि पंचायत उसमें इस ऑब्जेक्शन को दुरुस्त करके इस कार्यालय को लौटा दे। मामला हमारे ध्यान में ही है और बहुत जल्दी महिला को भूमि अलाट हो जाएगी।

---

### अनुराग ठाकुर आज से हमीरपुर दौरे पर



**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला के अध्यक्ष देशराज शर्मा ने बताया कि केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर 23 और 24 फरवरी को अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। अध्यक्ष ने कहा कि 23 फरवरी को 10.30 बजे एम्स बिलासपुर में पहुंचेंगे और वहां पर स्थानिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। शाम चार बजे बड़सर विधानसभा क्षेत्र के भोटा रेस्ट हाउस में जनता के साथ रू-ब-रू होंगे। शाम को सात बजे वह अपने गृह क्षेत्र समीरपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्होंने ने कहा कि 24 तारीख को हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के त्रिदेव सम्मेलन में सुबह 10 बजे वासी पैलेस में शामिल होंगे। दोपहर 12.30 बजे सांसद महिला पहाड़ी संगीत प्रतियोगिता मैहरे में शिरकत करेंगे। और दोपहर के बाद 3.30 बजे जिला ऊना के थाना कला में त्रिदेव सम्मेलन में शामिल होंगे।

---

### युवा पीढ़ी को जागरूक करना हमारा उद्देश्य : मनोज कुमार



शिविर में उपस्थित महिला मंडल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व महिलाएं।

**भरेड़ी।** जय बाबा कमलाहिया अराधना संस्था व सीएसआर सवेरा फाउंडेशन का उद्देश्य समुदाय को जागरूक व संरक्षण करना है, ताकि हमारा आने वाला भविष्य सुरक्षित रहे। यही नहीं हमारी युवा पीढ़ी सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन व जल संरक्षण के प्रति भी जागरूक रहे। यह बात संस्था के अध्यक्ष मनोज कुमार भारद्वाज ने जारी प्रेस बयान में कही। मनोज ने कहा कि संस्था पिछले 15 सालों से कार्य कर रही है, वह समुदाय के सहयोग के साथ समय-समय पर इस तरह का आयोजन करवाती रहती है। उन्होंने बताया कि डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से स्वास्थ्य एवं पोषण सहायता कार्यक्रम के खरवाड़ के रमेड़ा, जख्योल, धमरोला, लुहारवीं में स्वयं समूहों आदि को पौष्टिक आहार वितरित किए गए। जागरूकता कार्य के तहत पौष्टिक आहार, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण व आपदा प्रबंधन के विषय में जागरूक किया गया।

### राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के पेंशनरों ने मांगों को लेकर निकाली रैली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



डीसी ऑफिस के बाहर पेंशनर अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन करते हुए।

प्रदेश सरकार व निगम प्रबंधन के उदासीन रवैये को लेकर हिमाचल प्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम के पेंशनरों ने वीरवार को हमीरपुर में रैली निकालकर धरना-प्रदर्शन किया। निगम के पेंशनर लंबित मांगों को लेकर पिछले काफी लंबे समय से सरकार के समक्ष अपनी मांगें उठा रहे थे, लेकिन पेंशनरों को आश्वासन ही मिल रहे थे।

हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संगठन के पदाधिकारी व सदस्यों ने नरेंद्र चौहान की अध्यक्षता में यह प्रदर्शन किया। पेंशनरों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन भी डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा। संगठन के अध्यक्ष नरेंद्र चौहान ने बताया कि पेंशनरों के लंबित मुद्दे हैं, जिनमें से निगम पेंशन ट्रस्ट और फंड से पेंशन शुरू करे, निगम के पेंशन ट्रस्ट फंड में निगम अंशदान सुनिश्चित करवाना, निगम के पेंशनरों को मेडिकल बिल अदायगी की सुविधा बहाल करना आदि है।

उन्होंने बताया कि कल्याण संगठन ने हिमाचल सरकार तथा निगम प्रबंधन के इस उदासीन रवैये के विरुद्ध पूरे प्रदेश में संघर्ष शुरू करने का निर्णय लिया है, जिसमें सर्वप्रथम वीरवार को हमीरपुर में प्रदर्शन व रैली आयोजित कर डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर उक्त मुद्दों के तुरंत समाधान की मांग की गई तथा निर्णय लिया कि सरकार एवं निगम प्रबंधन के स्तर कोई सुनवाई न होने पर इस संघर्ष को और तेज करते हुए शिमला व अन्य जिला मुख्यालयों पर भी धरना-प्रदर्शन, रैलियों व भूख हड़ताल का आयोजन शुरू किया जाएगा।

### कोटला चिल्लियां का प्रधान दोबारा मतगणना में पास

**नादौन।** विकास खंड नादौन की ग्राम पंचायत कोटला चिल्लियां के प्रधान पद के मतों की मतगणना वीरवार को दोबारा की गई। इस मतगणना में वर्तमान प्रधान विजय शर्मा पास हो गए हैं, वह 54 मतों से जीते थे। दोबारा मतगणना में दो वोट कम यानी 52 मतों से विजयी घोषित किया गया। इस बारे में बीडीओ नादौन निशांत शर्मा ने बताया कि एसडीएम नादौन के निर्देशानुसार कोटला चिल्लियां पंचायत के प्रधान पद के मतों की पुनः मतगणना करवाई गई।

### युवक ने दोस्त पर लगाया गहने चोरी करने का आरोप

**नादौन।** नादौन क्षेत्र में चोरी की घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अभी भरमोटी पंचायत में दो घरों में हुई चोरी की घटनाओं का पुलिस को अभी सुराग नहीं मिल पाया है, वहीं तरेटी गांव में एक और चोरी का मामला सामने आया है। तरेटी गांव के अमित कुमार पुत्र हुकम सिंह ने अपने दोस्त अंकित शर्मा उर्फ मंगल निवासी कोटला चिल्लियां पर चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत की है कि उसका दोस्त अंकित शर्मा उसके घर एक रात के लिए ठहरा था। दूसरे दिन वह वापस चला गया और घर से एक सोने की नथ, चांदी की अंगूठी, ब्रेसलेट और झांझर चोरी करके ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### पंचायत सदस्य के दो पदों के लिए मतदान 25 फरवरी को

**हमीरपुर।** विकास खंड भोरंज की ग्राम पंचायत लुद्दर महादेव के वार्ड नंबर चार गांव भजलाह और ग्राम पंचायत मुंडखर के वार्ड नंबर पांच गांव मुंडखर गैंडा में पंचायत सदस्य के खाली पदों के लिए 25 फरवरी को मतदान होगा। इसके बाद मतगणना होगी और परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत अमरजीत सिंह ने बताया कि इन दोनों वार्डों में मतदान प्रक्रिया और मतगणना को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं।

### डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने बाड़ी फरनोहल में सुनी लोगों की समस्याएं

**हमीरपुर।** ग्राम पंचायत बाड़ी फरनोहल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने गांववासियों समस्याओं को सुना और उनका हल उन्होंने प्राथमिकता पर किया। इसके लिए ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह और डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने लोगों से आह्वान किया के 2024 का लोकसभा का चुनाव आ रहा है आपने केंद्र में बैठी भाजपा सरकार के सांसदों से सवाल पूछना है कि आप अपने 10 साल का रिपोर्ट कार्ड बताएं 10 साल में प्रतिवर्ष दो करोड़ के हिसाब से 20 करोड़ रोजगारों के बारे में श्वेत पत्र जारी करें। इस मौके पर उनके साथ ब्लॉक यूथ कांग्रेस अध्यक्ष अश्विनी कुमार, सोशल मीडिया को-ऑर्डिनेटर सुनील कौशल, ब्लॉक अध्यक्ष एक्स सर्विसमैन रणजीत सिंह व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी

### विकेश सिंह के निधन पर बार एसोसिएशन ने जताया शोक

**नादौन।** मझियार गांव के चौधरी चंदू लाल के पौत्र विकेश सिंह के सड़क हादसे में हुए निधन पर बार एसोसिएशन नादौन ने दो मिनट का मौन रखकर शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर कुमार, सचिव नीलम ठाकुर, वीरेंद्र शर्मा, राजेश सोनी आदि व शॉपिंग कांप्लेक्स नादौन के दुकानदारों ने भी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की।

### लोग बिना पंजीकरण किसी को भी न दें अपना मकान : आनंद वर्धन

**अनंत ज्ञान, गलोड़**

हिंदू जागरण मंच के प्रमुख आनंद वर्धन शर्मा ने हिमाचल प्रदेश के स्थानीय निवासियों से आह्वान किया है कि जितने भी कश्मीर व उत्तर प्रदेश से आने वाले प्रवासी व लकड़ी की कटाई करने वाले चरानी मजदूर आ रहे हैं, इनको अपने गांवों में न बसाएं। यदि साइड में अलग जगह पर ये लोग रह रहे हैं तो इनका पंजीकरण जरूर करवाएं और इन पर पैनी नजर रखें।

वर्धन ने मीडिया से बताया कि तीन दिन पहले गलोड़ क्षेत्र के एक गांव में एक मामला हिंदू जागरण मंच के ध्यान में आया है। एक कश्मीर का रहने वाला प्रवासी जो लकड़ी का काम करता था वह जिस गांव में रहता था वहां के एक गरीब परिवार की 12-13 वर्ष की बच्ची को बरगला रहा था। जैसे ही इस पता लगा तो उन्होंने उस प्रवासी पर नजर रखनी शुरू कर दी और उसे पकड़ लिया।

गलोड़ पुलिस चौकी प्रभारी विनय कुमार अत्री ने बताया कि इस तरह का कोइ भी मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है अगर आता है तो नियमानुसार कारवाई अमल में लाई जाएगी।

**एंकर शिवा खान सम्मानित**



हमीरपुर। सुजानपुर की युवा एंकर शिवा खान को सम्मानित करते अभिनेता गुलशन ग्रोवर, साथ हैं नाटी किंग कुलदीप शर्मा व अन्य।

### 25 करोड़ से बनेगा सधोड़ा पत्तन पुल

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

**पांच भूमि मालिकों ने दान की लगभग पांच कनाल भूमि**

उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के अंतिम छोर पर जिला हमीरपुर एवं कांगड़ा की परिसीमा पर बह रही व्यास नदी जो सधोड़ा पत्तन के नाम से जानी जाती है, उस पर बनने वाले पुल का निर्माण 25 करोड़ की अनुमानित बजट राशि से किया जाएगा। पंचायत बड़ा के दरियाल नामक स्थान पर बनने वाले इस पुल के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा किए गए सर्वे रिपोर्ट को भी अंतरिम रूप दे दिया गया है।

पुल के निर्माण स्थल तक सड़क के निर्माण के लिए दरियाल गांव के एक ही परिवार के पांच सदस्य सूरम सिंह राणा, देव राज, अमर सिंह, प्रेम चंद, राजेश कुमार ने अपनी मलकियती भूमि से लगभग पांच कनाल भूमि लोक निर्माण विभाग को दान की है। यही नहीं इसी परिवार के प्रेम चंद ने अपने पुस्तैनी मकान को भी जिसमें वे रहते थे सड़क निर्माण के लिए उसे भी दान कर दिया और अपने उस पुस्तैनी मकान का जो भाग सड़क के निर्माण के लिए सर्वे रिपोर्ट के बीच में आता था उसे गिराने का खर्चा भी स्वयं उठाया। (अनंत ज्ञान)



प्रेम चंद का पुस्तैनी मकान।

> **पुल** के अनुमानित बजट की रिपोर्ट विभाग के उच्चाधिकारियों को अप्रूवल के लिए भेज दी गई है। भूमि मालिकों ने भी अपनी भूमि विभाग के नाम कर दी है। बजट स्वीकृत होते ही अतिशीघ्र टेंडर अवार्ड करके पुल का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।
> -पंकज कौशल, एसडीओ लोक निर्माण विभाग नादौन

### सीएम के क्षेत्र में बढ़ रही चोरियों को लेकर एसपी से मिले नेशनल डेवेलपमेंट सोसायटी के अध्यक्ष

**हमीरपुर।** नेशनल डिवेलपमेंट सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. ओपी शर्मा वीरवार को एसपी पदम चंद चौहान से मिले व नादौन क्षेत्र में लगातार बढ़ती हुई चोरियों पर अपनी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पुलिस का ढुलमुल रवैया होने के कारण क्षेत्र में आजकल चारों के भी हौंसले बुलंद हो गए हैं। उन्होंने एसपी से आग्रह किया है कि क्षेत्र में बढ़ती हुई चोरियों को देखते हुए क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए। शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के विस क्षेत्र में ही इस तरह की घटनाएं हो रही हैं तो अन्य क्षेत्रों की क्या स्थिति होगी। ओपी शर्मा में इस संदर्भ में मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखकर आग्रह किया है कि वह पुलिस को कड़े दिशा-निर्देश दें ताकि क्षेत्र में जो दिन-प्रतिदिन चोरियां हो रही हैं उन पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच की जाए। उन्होंने कहा कि थाने से कु छ ही दूरी पर चोरी होना बड़ी हैरानी की बात है। बढ़ती हुई चोरियों के कारण क्षेत्र के लोग सहमे हुए हैं।

---

## कृषि विभाग ने 400 ट्रैक्टर मालिकों के खाते में डाले लगभग छह करोड़ रुपए

**एसके शर्मा, जाहू**

कृषि विभाग द्वारा किसानों को सब्सिडी पर बीज व अन्य उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश के लगभग 400 ट्रैक्टर मालिकों के खाते में सब्सिडी के रूप में कृषि विभाग ने लगभग छह करोड़ रुपए डाल दिए हैं। केंद्र व प्रदेश सरकार के द्वारा ट्रैक्टरों की खरीद पर किसानों को 50 प्रतिशत सब्सिडी देने के रूप में नौ करोड़ से अधिक बजट का प्रावधान रखा गया है।

अभी तक प्रदेश के किसानों ने छोटे व बड़े ट्रैक्टरों के लिए लगभग चार हजार से अधिक किसानों ने अनुदान के लिए आवेदन कर रखा है। कृषि विभाग को तीन करोड़ 61 लाख रुपए के किस्त भी सरकार द्वारा भेज दी गई है। लगभग 500 ट्रैक्टरों की अनुदान राशि डालने की प्रक्रिया जारी है। 150 ट्रैक्टरों की अनुदान राशि सभी जिलों के कृषि अधिकारियों के लिए फिजिकली वेरिफिकेशन के लिए भेजा जा गया है।

3500 ट्रैक्टर की आवेदन सब्सिडी फार्म में अभी तक 130 आवेदन फार्म में त्रुटियां होने के कारण रद्द किए जा चुके हैं। सूबे में अगस्त 2023 से छोटे ट्रैक्टर पावर ग्रिड और बड़े ट्रैक्टर की अनुदान राशि के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोला है और दो महीने के भीतर जिन किसानों ने ट्रैक्टर के अनुदान के लिए अप्लाई किया था उन्हें पांच करोड़ 65 लाख 70 हजार 933 रुपए का अनुदान तीन महीने के अंदर ट्रैक्टर मालिकों के खाते में सब्सिडी के रूप में डालकर मिसाल पेश कर दी है। (अनंत ज्ञान)

> **प्रदेश** में कृषि ट्रैक्टरों पर अनुदान के रूप में पांच करोड़ 24 लाख रुपए के बजट सब्सिडी के रूप में खर्च कर दिए है। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा तीन करोड़ 61 लाख रुपए की अगली किस्त और जारी कर दी है। उन्होंने सभी कृषि ट्रैक्टर मालिकों से आह्वान किया ऑनलाइन आवेदन करने से पहले कृषि कार्यालय में जाकर पूरी जानकारी लें।
> -पवन सैनी, अधिकारी कृषि निदेशालय

---

**असुविधा** मरीजों को पौड़ियों पर लाइन लगाकर करना पड़ता अपनी बारी का इंतजार

## मेडिकल कॉलेज में बना सैंपल कलेक्शन सेंटर उद्घाटन के इंतजार में

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

डॉ राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में मरीजों की सुविधाओं के लिए 11 लाख रुपए से बनाए गए ब्लड सैंपल कलेक्शन सेंटर का कार्य पूरा हो चुका है।

औपचारिकता पूरी करने के लिए इसका विधिवन उद्घाटन करना बाकी है उसके बाद ही मरीजों को पौढ़ियों पर खड़े होने से छुटकारा मिलेगा। हालांकि इस ब्लड सैंपल कलेक्शन सेंटर का लाभ मरीजों को कब मिलेगा इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। इस सैंपल कलेक्शन सेंटर में अब केवल कुर्सी टेबल लगाने बाकी रह गए हैं।

गौर रहे कि मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में सरकारी लैब धरातल मंजिल पर स्थापित की गई है, वहां पर रोजाना सैकड़ों मरीज अपने टेस्ट करवाने के लिए आते हैं। जहां पर लैब बनाई गई है वहां पर जगह की कमी के कारण मरीजों की भीड़ बढ़ जाने पर पौड़ियों पर खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी का सामना बुजुर्ग और विकलांग मरीजों को करना पड़ता है। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज में बढ़ रही भीड़ को राहत पहुंचाने के लिए ही इस सैंपल कलेक्शन सेंटर का निर्माण किया गया है। जिससे आसानी से सैंपल कलेक्ट कर उसके टेस्ट किए जा सकें। (अनंत ज्ञान)



मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में बनाया गया सैंपल कलेक्शन सेंटर।

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

**क्या कहते हैं स्वास्थ्य अधीक्षक**

**इस** बारे में मेडिकल कालेज हमीरपुर के स्वास्थ्य अधीक्षक अनिल वर्मा ने बताया कि सैंपल कलेक्शन सेंटर बनकर तैयार हो गया है। उन्होंने बताया कि मेडिकल कालेज के प्राचार्य से इसका उद्घाटन करवाया जाएगा।

# कमांड एंड कंट्रोल रूम से रहेगी चप्पे-चप्पे पर नजर

## पुलिस प्रशासन लगाएगा अतिरिक्त कैमरे, एसपी विवेक चहल ने बिलासपुर का दौरा कर बनाई प्लानिंग, कर्मचारियों को भी मिलेगी मदद

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर पुलिस प्रशासन जल्द ही जिला में एक बड़ा कमांड एंड कंट्रोल रूम बनाने जा रहा है, जिसके लिए जल्द ही पुलिस प्रशासन जिले के कई अन्य क्षेत्रों में अतिरिक्त कैमरे भी स्थापित करेगा।

इसके लिए पुलिस प्रशासन प्लान बना रहा है और फंडिंग के लिए जिला प्रशासन से आग्रह किया जाएगा। बिलासपुर एसपी विवेक चहल ने बताया कि वह अभी तक जिले के थानों और चौकियों का निरीक्षण कर चुके हैं। ऐसे में जिले के कुछ क्षेत्रों में कैमरे लगाने की जरूरत है, ताकि प्रत्येक गतिविधि पर पुलिस प्रशासन की नजर रहे।

**कार्यभार संभालने के बाद चौकी-थानों का भी एसपी ने किया विजिट**

एसपी का कहना है कि अभी तक जिले में 64 कैमरे लगे हुए हैं, जिनमें कंदरौर, कैंची मोड व बरमाणा में कैमरे बंद पड़े हैं, उनको भी शुरू करने के लिए आदेश जारी कर दिए गए हैं। साथ ही अतिरिक्त स्थानों में कैमरों को स्थापित करने के लिए जगह चिन्हित की जा रही है, जिसको जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा। एसपी विवेक चहल ने बताया कि बिलासपुर जिले के चौकी और थानों का भी विजिट किया गया है। जहां-जहां कुछ खामियां पाई गई हैं, उनको सही करने के भी मौके पर ही आदेश जारी कर दिए गए हैं। साथ ही पुलिस प्रशासन प्रत्येक गतिविधियों में नजर रखे हुए है।

**कुछ क्षेत्रों में है कैमरे लगाने की जरूरत, प्लान बनाकर प्रशासन को देंगे**

जिले में किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन दिन-रात कार्य कर रहा है। कैमरों की मदद से पुलिस प्रशासन को प्रत्येक मामलों में मदद रहती है साथ ही कमांड एंड कंट्रोल बनने से अधिकारियों और पुलिस कर्मचारियों को भी इसकी मदद मिलेगी। (अनंत ज्ञान)



### फोरलेन पर शुरू हो जाएंगे आईटीएमएस कैमरे

एसपी विवेक कुमार चहल ने बताया कि सोमवार तक फोरलेन पर आईटीएमएस के तीन कैमरे शुरू करने की तैयारी है। पुलिस प्रशासन नियमित रूप से फोरलेन एरिया में वाहनों की चैकिंग और वाहन चालकों पर पूरी नजर रखे हुए है। नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। कैमारों से अधिकारी एक स्थान पर बैठकर अपने किसी भी क्षेत्र की गतिविधियों पर नजर रख सकते हैं। पुलिस प्रशासन जिले का सबसे बड़ा यह कमांड एंड कंट्रोल रूम बनाने जा रहा है, जिसके लिए कुछ प्लानिंग भी पुलिस प्रशासन द्वारा कर ली गई है। बिलासपुर में इन दिनों चोरियों के मामले अधिक सामने आ रहे हैं, जिसमें पुलिस प्रशासन को चोरों तक पहुंचने के लिए कैमरों की अधिक मदद मिल रही है। ट्रैफिक व्यवस्थाओं पर भी नजर रखने के लिए यह कैमरे कारगार सिद्ध होंगे।

# अली खड्ड विवाद पर रणधीर कर रहे राजनीति : विजय

**घुमारवीं।** भाजपा विधायक रणधीर शर्मा अली खड्ड पानी विवाद मुद्दे पर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं, जबकि यह विवाद उनकी ही पूर्व में रही भाजपा सरकार के समय पर उत्पन्न हुआ है। इस पेयजल योजना को भाजपा ने ही वित्तीय मंजूरी भी दी और इसका टेंडर भी जारी किया। वहीं, अब प्रदेश में सरकार बदली तो रणधीर वोट बैंक के लिए अब इस योजना के विरोध में उतरे हैं। यह बात युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार ने कही। जब इस पेयजल योजना को पूर्व की भाजपा सरकार ने ही मंजूरी दी थी, तो फिर विधायक क्यों राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए स्थानीय जनता का इस्तेमाल कर रहे हैं। वह युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एवं स्थानीय निवासी होने के नाते राजनीतिक एवं सामाजिक तौर पर स्थानीय जनता के हक और हित की लड़ाई में चट्टान की तरह उनके साथ खड़े हैं।

# बिलासपुर में सैकड़ों छोटे बच्चे मम्प्स गलारोग की चपेट में

## वायरल फीवर होने की वजह से बच्चे को स्कूल न भेजें अभिभावक, तुरंत चिकित्सक की लें सलाह, स्कूलों में एडवाइजरी जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिले में इन दिनों छोटे बच्चों में मम्प्स यानी गलारोग बीमारी के अधिक लक्षण देखे जा रहे हैं। जिले के आंकड़ों की बात करें तो अभी तक सैकड़ों छोटे बच्चे इसकी चपेट में आ चुके हैं और इन बच्चों का इलाज भी किया जा रहा है।

दो साल से लेकर 10 साल तक की उम्र के बच्चे इसकी अधिक चपेट में आ रहे हैं। जिला अस्पताल बिलासपुर प्रशासन की ओर से जिलाभर के स्कूलों में एडवाइजरी भी जारी कर दी है और कहा गया है कि अगर किसी भी बच्चे को गले में दर्द और बुखार आता है, तो तुरंत चिकित्सक की सलाह लें। ऐसे में बिलासपुर अस्पताल में तैनात वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन उनकी ओपीडी में मम्प्स यानी गलारोग बीमारी से ग्रसित दर्जनों बच्चे आ रहे हैं। हालांकि अब स्थिति नियंत्रण में है, परंतु कुछ समय पहले की बात करें, तो सैकड़ों बच्चे इस बीमारी की चपेट में आ चुके थे। जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में वायरल फीवर के साथ ही अन्य बीमारियों से ग्रसित बच्चों को उपचार के लिए अभिभावक पहुंच रहे हैं। वायरल फीवर के अलावा बच्चों में पिछले करीब दो माह से मम्प्स गलारोग की बीमारी से ग्रसित पाए जा रहे हैं।



डॉक्टर बच्चे में मम्प्स यानी गलारोग बीमारी के अधिक लक्षण देखते हुए।

### वायरल फीवर बीमारी का कम हुआ प्रकोप

बताया जा रहा है कि क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में पिछले करीब दो माह से वायरल फीवर के साथ कनेडे की बीमारी से ग्रसित सैकड़ों बच्चे उपचार के लिए पहुंचे हैं, लेकिन अब इस बीमारी का प्रकोप कम हुआ है। अब वर्तमान में कुछ एक बच्चे ही इस बीमारी की चपेट में हैं। अब इस बीमारी का प्रकोप कम हुआ है। स्वास्थ्य शिशु रोग विशेषज्ञ की मानें तों इस बीमारी की चपेट में आने पर बच्चे को ज्यादा से ज्यादा आराम की आवश्यकता होती है। अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल न भेजें। यदि इस बीमारी की चपेट में बच्चा आता है, तो बच्चे को स्कूल न भेजें। बच्चों को अन्य बच्चों के संपर्क में न भेंजें।

### स्थिति नियंत्रण में

वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश शर्मा कहना है कि मम्प्स यानी गलारोग बीमारी से जिले में अधिक बच्चे इसकी चपेट में हैं। विभाग की ओर से स्कूलों में एडवाइजरी भी जारी कर दी गई है और इस बीमारी से ग्रसित बच्चों का इलाज भी किया जा रहा है। फिलहाल, स्थिति नियंत्रण में है।

# मतदान को प्रेरित करने के लिए शूट किया वीडियो सांग



वीडियो सांग शूट करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिले में आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिला वासियों को गीत के माध्यम से प्रेरित किया जाएगा, जिसके लिए वीरवार को गीत का वीडियो शूट शुरू किया गया।

बिलासपुर कॉलेज के खेल परिसर में शुरू हुए शूट का शुभारंभ जिला लोक संपर्क अधिकारी संजय सूद ने नारियल फोड़ कर विधिवत रूप से किया। इस वीडियो में लोगों को अधिक से अधिक वोट करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। खास बात यह है कि इस वीडियो सॉन्ग में बिलासपुर जिले के अधिक से अधिक आम लोगों को शामिल किया जा रहा है।

# नगर परिषद के भेजे गए अवैध नोटिस से दिलाई जाए निजात : प्रेम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला लघु उद्योग संघ की नव नियुक्त कार्यकारिणी ने वीरवार को उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक से मुलाकात की। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष प्रेम डोगरा व महासचिव तुषार डोगरा के नेतृत्व में उपायुक्त को एक ज्ञापन भी सौंपा गया, जिसमें मांग की गई कि औद्योगिक क्षेत्र बिलासपुर के उद्योगपतियों को म्यूनिसिपल कमेटी बिलासपुर द्वारा दिए जा रहे अवैध टैक्स नोटिस से निजात दिलाई जाए।

महासचिव तुषार डोगरा ने इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उपायुक्त को बताया कि बिलासपुर औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना वर्ष 1973-1974 में की गई है, जो कि भूमि खसरा नंबर 446/1 व खेवट नंबर 40/76 खैरिया में स्तित है, पिछले 50 वर्षों से औद्योगिक क्षेत्र में उधमी अपना निजी उद्योगों का कार्य जीवन निर्वहन के लिए कर रहे हैं, जिसमें प्लॉट्स की अलॉटमेंट को औद्योगिक क्षेत्र इंडस्ट्रियल डिपार्टमेंट की ओर से की जाती है तथा इंडस्ट्रियल डिपार्टमेंट के द्वारा ही प्लॉट्स आवंटित करते दौरान ही उसके रखरखाव जिसमें सीवरेज, सड़कें, बिजली, पानी व अन्य सुविधाएं उद्योग विभाग अपनी संपत्ति होने के कारण खुद विभाग की ओर से करवाया जाता है। इसके एवरेज में औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमी इंडस्ट्रियल डिपार्टमेंट को मेंटेनेंस शुल्क वार्षिक अदा करते हैं, लेकिन पिछले कुछ समय से म्यूनिसिपल कमेटी बिलासपुर की ओर से औद्योगिक क्षेत्र को उद्यमियों को लगातार नोटिस टैक्स जमा करने के लिए दिए जा रहे हैं, जो कि कानूनी तौर पर बिलकुल गलत व तर्कसंगत नहीं है।



जिला लघु उद्योग संघ का प्रतिनिधिमंडल डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए।

# बामटा की नेहा कुमारी बनी भारतीय सेना में मेजर

**बिलासपुर।** बिलासपुर शहर के साथ लगती ग्राम पंचायत बामटा की बेटी नेहा कुमारी भारतीय सेना में मेजर बनी है। अभी हाल ही में भारतीय सेना में नेहा कुमारी को लेफ्टिनेंट से मेजर पद पर पदोन्नति मिली है।



उनके परिवार में उनके पिता पुलिस विभाग में कार्यरत हैं और माता गृहिणी हैं। नेहा कुमारी ने अपने परिवार के साथ न केवल गौरव को बढ़ाया है, बल्कि पूरे जिले का भी नाम रोशन किया है। इस अवसर पर बिलासपुर की समस्त जनता ने उनको बधाई दी है।

## बजट किसी भी राज्य के विकास और लोगों के कल्याण का होता डॉक्यूमेंट

# सरकार ने बनाया मजाक : कटवाल

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि बजट किसी भी राज्य के विकास और लोगों के कल्याण का डॉक्यूमेंट होता है, लेकिन प्रदेश सरकार ने इसका मजाक बनाकर रख दिया है। सरकार ने पिछले बजट की कॉपी करके उसे घुमा-फिरा कर पेश किया है।

इसमें किसी रिटेल शॉप की तरह बातें की गई हैं। गारंटी क्या होती है, प्रदेश सरकार को यह बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीखनी चाहिए। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लोगों को वितरित किए गए मोदी के गारंटी कार्ड में उन सभी कार्यों की जानकारी दी गई है, जो सरकार ने धरातल पर किए हैं। प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने 14 माह में कुछ नहीं किया है। ऐसे में उससे ऐसे किसी कार्ड की उम्मीद भी कैसे रखी जा सकती है।



विधानसभा में बजट सत्र के दौरान चर्चा में भाग लेते हुए जीतराम कटवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हरित हिमाचल, स्वस्थ व शिक्षित हिमाचल, बिजली राज्य हिमाचल, पर्यटन राज्य हिमाचल, नशा मुक्त हिमाचल, अवैध खनन मुक्त हिमाचल और आत्मनिर्भर बनाने की बात कही है। ऐसे शब्द सुनने और पढ़ने में तो अच्छे लगते हैं, लेकिन इनका प्रयोग करने मात्र से बात नहीं बनती।

1500 मेगावाट क्षमता की भाखड़ा बांध परियोजना से देश के कई राज्य रोशन होने के साथ ही उनमें खुशहाली भी आई। आज भी भाखड़ा विस्थापित बहुल कई गांवों में बिजली की समस्या है। सड़कों-पुलों का अभाव है। झंडूता विधानसभा क्षेत्र की ऐसी कई पंचायतें आज भी पिछड़े क्षेत्र में आती हैं, जिनमें भाखड़ा विस्थापितों की संख्या काफी अधिक है। प्रदेश सरकार ने 500 मेगावाट सोलर पावर प्रोजेक्ट्स की बात कही थी, लेकिन 14 माह में इस पर कोई काम नहीं हुआ।

# 25 फरवरी को बिजली परिषद पेंशन की बैठक

**घुमारवीं।** प्रदेश राज्य विद्युत परिषद पेंशन के वेलफेयर संघ घुमारवीं की इकाई की बैठक 25 फरवरी को 11 बजे रेन बसेरा घुमारवीं में आयोजित की जाएगी। संघ के प्रधान रामलाल शर्मा ने बताया कि बैठक में 2016 के बाद संशोधित वर्तमान के बकाया एरिया के भुगतान, नेशनल-पे फिक्सेशन में अनावश्यक देरी, मेडिकल बिलों का समयानुसार भुगतान में देरी और नई कार्यकारिणी चुनाव के बारे मंत्रण पर चर्चा की जाएगी। संघ प्रधान इंजीनियर रामलाल शर्मा ने सभी पेंशनर्स से बैठक में भाग लेने का आग्रह किया है।

**पेंशनर्स से बैठक में भाग लेने का किया आग्रह**

# एनएसएस का उद्देश्य संपूर्ण मानवीय विकास : प्रो. रामकृष्ण



घुमारवीं कॉलेज में एनएसएस शिविर के आयोजन पर मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में वीरवार को सात दिवसीय एनएसएस शिविर और योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ प्राचार्य रामकृष्ण द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्य राम कृष्ण और वरिष्ठ आचार्य डॉ. सुरेश शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एनएसएस स्वयंसेवी धीरज और साक्षी ने एनएसएस के महत्व के बारे में बताया। प्रो. सुरेश शर्मा ने अपने संबोधन में बताया कि एनएसएस का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना होता है, जिसमें मानसिक, बौद्धिक, शारीरिक, नैतिक चारित्रिक, सामाजिक तथा संपूर्ण मानवीय विकास आवश्यक है। समाजसेवा करते श्रमदान करें तथा समय शर्म को दूर रखकर अपना कर्तव्य निभाए। प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण ने एनएसएस के इतिहास के बारे में चर्चा की और विद्यार्थियों को शिविर के लिए शुभकामनाएं दीं। योग प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत डॉ. रीता ने योग शिविर की रूपरेखा, समय, उद्देश्य के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# जरूरतमंद दिव्यांगों को व्हील चेयर्स की भेंट

## बिलासपुर के पंजगाईं में निशुल्क कैंसर जांच शिविर का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

चेतना संस्था के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में वीरवार को पंजगाईं में निशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया।

चेतना संस्था और ह्यूमैनिटी फर्स्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए लोगों की खूब भीड़ उमड़ी। चेतना संस्था के सचिव एवं युवा समाजसेवी हरीश नड्डा की देखरेख में आयोजित शिविर में सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल, वर्ल्ड कैंसर केयर चैरिटेबल सोसायटी के ब्रांड एंबसेडर धारीवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान, एसीसी बरमाणा के प्लांट हेड संजय वशिष्ठ तथा चेतना संस्था के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा समेत कई अन्य लोगों ने भी विशेष तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई। शिविर में स्वास्थ्य जांच के बाद डॉक्टरों के परामर्श के अनुसार मरीजों को निशुल्क दवाइयां और चश्मे भी वितरित किए गए। इसके अलावा जरूरतमंद दिव्यांगों को व्हील चेयर्स भी भेंट की गई।



बिलासपुर के पंजगाईं में निशुल्क कैंसर जांच शिविर में जरूरतमंद दिव्यांगों को व्हील चेयर्स भेंट करते हुए।

दिव्यांग बच्चों के उत्थान के साथ ही अपने सामाजिक दायित्व बखूबी निभा रही चेतना संस्था कैंसर जांच शिविर भी आयोजित कर रही है। इसकी शुरुआत घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र से की गई थी। इसी कड़ी में वीरवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के तहत पंजगाईं में शिविर का आयोजन किया गया। वर्ल्ड कैंसर केयर चैरिटेबल सोसायटी की अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित तीन बड़ी वॉल्वो बसों के साथ ही दो मोबाइल वैन के माध्यम से शिविर में पुरुषों में प्रोस्टेट कैंसर की जांच के लिए पीएसए परीक्षण, महिलाओं व पुरुषों के मुंह व ब्लड कैंसर की जांच, महिला स्तन कैंसर की जांच (मेमोग्राफी), शुगर, ब्लड प्रेशर व ईसीजी परीक्षण तथा नेत्र जांच जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई। इसके अलावा सुंदरनगर डेंटल कॉलेज से विशेषज्ञों की एक टीम ने लोगों के दांतों की जांच भी की।

# वन संरक्षण अधिनियम लंबित मामलों में आई गति : डीसी



डीसी वन संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत मामलों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

वन संरक्षण अधिनियम के तहत जिले के विभिन्न विभागों के अंतर्गत लंबित मामलों में गति आई है। उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने वीरवार को बचत भवन में वन संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत मामलों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह जानकारी दी।

लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, पुलिस, शिक्षा, युवा सेवा एवं खेल मामले विभाग, उद्योग विभाग, जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय सहित 62 मामलों पर बैठक के अंतर्गत समीक्षा की गई। समिति का कार्य मामलों की समीक्षा कर इसे पूर्ण करने के लिए गति प्रदान करना है। उन्होंने अधिकारियों से परस्पर सहयोग प्रदान कर सभी मामलों के निपटारण के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए। अधिकारी बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करें अन्यथा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में वन मंडल अधिकारी मुख्यालय अश्वनी शर्मा तथा संबद्ध विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**अवॉर्ड** नशा एक अपराध, इसे जड़ से खत्म करना जरूरी, घुमारवीं पहुंचे नाटी किंग ने बातचीत के दौरान कहा

# 24 साल से नशे को नहीं लगाया हाथ, आज परिणाम सामने



**नीरज शर्मा, बिलासपुर**

नशा एक अपराध है इसे जड़ से खत्म करना जरूरी है। इसीलिए हम यही चाहते हैं कि नशा मुक्त हिमाचल बने और नशा मुक्त भारत का निर्माण हो सके क्योंकि बात वही असर करती है जो कर्मों में होती है और मेरे कर्म ऐसे हैं कि मैंने पिछले 24 साल से किसी भी तरह के नशे को हाथ नहीं लगाया है। यह कहना है हिमाचल प्रदेश की शान और नाटी किंग के नाम से जाने वाले प्रसिद्ध लोक गायक कुलदीप शर्मा का। कुलदीप शर्मा घुमारवीं पहुंचे थे, जहां उन्हें हिमालय श्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

कुलदीप अपनी मां बेगी देवी शर्मा को अपना संगीत का गुरु मानकर आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं। 12 वर्ष की आयु में गायन की दुनिया में उतरने वाले कुलदीप शर्मा हिमाचल के सबसे लोकप्रिय लोक कलाकार हैं। कुलदीप शर्मा का मानना है कि आज प्रदेश तथा देश की जो सबसे बड़ी समस्या सिर्फ नशा है क्योंकि नशा एक अपराध नहीं, बल्कि अपराधों की जड़ है और इसे जड़ से ही खत्म किया जाना बहुत जरूरी है।

उन्होंने हमेशा अपने संगीत और गायन के जरिए युवाओं को यही संदेश दिया है कि नशे से दूर रहे क्योंकि नशा एक बार जीवन में लग जाए, तो यह अपने शरीर के साथ-साथ पूरे परिवार के विनाश का कारण बनता है। कुलदीप शर्मा का कहना है कि उन्होंने सब्जी के एक ठेले पर मात्र 10 रुपए की दिहाड़ी लगाकर अपने जीवन की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने एक पेंटर बनकर घरों में रंग की रंगाई का काम शुरू किया था। 1994 में उन्हें पहली बार ऑल इंडिया रेडियो पर तीन गीत गाने का मौका मिला, जिसके लिए उन्हें 500 रुपए मेहनतनामा मिला था। (अनंत ज्ञान)

### 26 विभूतियों को हिमालयन श्री अवॉर्ड से सम्मानित किया




**घुमारवीं।** आशा किरण संस्थान के तत्वावधान में हिमालयन श्री अवॉर्ड शो का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता गुलशन ग्रोवर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। उनके साथ पंजाबी फिल्मों के कलाकार भूपेंद्र भट्टी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर संस्थान के संचालक योगेंद्र मलिक द्वारा मुख्यातिथि को शॉल, टोपी तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में नाटी किंग कुलदीप शर्मा ने सिरमौर वालिये पर बेहतरीन प्रस्तुति देकर लोगों को नाचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 26 विभूतियों को हिमालयन श्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

# जेजवीं में स्टूडेंट्स को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए किया प्रेरित




राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जेजवीं में साइंस पखवाड़े पर प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के बाद मौजूद स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जेजवीं में 14 फरवरी से 28 फरवरी तक साइंस पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

साइंस-डे के अंतर्गत विद्यालय में विभिन्न प्रकार के कंप्टीशन करवाए गए, जिसमें पोस्टर मेकिंग कंपटीशन, मॉडल कंपटीशन और क्विज कंपटीशन करवाया गया। विद्यार्थियों ने इस कंपटीशन में बढ़-चढ़कर भाग लिया और विद्यालय में इन सब की प्रदर्शनी भी लगाई। पाठशाला की प्रधानाचार्य रेखा शर्मा ने विद्यार्थियों की प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों को आगे भी इस तरह की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में टीजीटी साइंस जोगेश्वर सिंह और सभी अध्यापकों का संपूर्ण सहयोग रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### 14 टोल बैरियर के लिए 28.20 करोड़ आबंटित

**ऊना।** राज्य कर व आबकारी विभाग द्वारा जिला ऊना के सभी 14 टोल बैरियरों (नाकों) का वर्ष 2024-25 के लिए आबंटन बोली तथा निविदा प्रक्रिया द्वारा किया गया। उप आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी विनोद सिंह डोगरा ने बताया कि टोल बैरियरों को एक ही युनिट में क्लब किया गया था जिसका आरक्षित मूल्य 27 करोड़ 50 लाख रुपए रखा गया था। उन्होंने बताया कि उपरोक्त यूनिट के लिए वर्ष 2024-25 के लिए दो आवेदन प्राप्त हुए थे। बोली के दौरान अधिकतम बोली 28 करोड़ 20 लाख रुपए प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि उपरोक्त यूनिट से वर्ष 2023-24 के लिए 25 करोड़ की आय प्राप्त हुई थी, जिसके मुकाबले में 3 करोड़ 20 लाख रूपये यानि 12.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### 25 को मनाई जाएगी गुरु रविदास महाराज की जयंती

**दौलतपुर चौक।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र के तहत चलेट गांव में हर साल की तरह इस साल भी 25 फरवरी को गुरु रविदास महाराज की 647वीं जयंती मनाई जाएगी। गुरु रविदास सभा चलेट के प्रधान राजेश कुमार ने बताया कि 19 फरवरी को प्रभात फेरी तथा 24 फरवरी को सहज पाठ श्री गुरु ग्रन्थ साहिब शुरू किया जाएगा। 25 फरवरी को पूजा-अर्चना के साथ निशान साहिब चढ़ाने की रस्म अदा की जाएगी। कीर्तन दरबार में गुरु रविदास की महिमा का गुणगान किया जाएगा। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने लोगो से इस धार्मिक समारोह में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने का आग्रह किया ।

### बिजली बिल का भुगतान समय पर करने की अपील

**हरोली।** विद्युत उपमंडल हरोली के तहत आते सभी उपभोक्ताओं से निर्धारित समय पर बिजली बिल का भुगतान करने की अपील की है। अपील में कहा गया है कि सभी बिजली उपभोक्ता अपना फरवरी महीने का बिजली बिल 28 फरवरी तक हर हालत में ऑन लाइन या विद्युत कार्यालय हरोली में जमा करवा दें। 28 फरवरी तक बिजली बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली मीटर बिना किसी पूर्व सूचना के विभागीय कार्रवाई करते हुए काट दिए जाएंगे। यह जानकारी विद्युत उपमंडल हरोली के एसडीओ सुरेश कुमार ने दी। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### डीएवी स्कूल में विदाई पार्टी का आयोजन



**ऊना।** स्थानीय डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को बाहरवी कक्षा के विधार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें रंगा-रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छात्र छात्राओं के बीच फन गेम्स करवाई गई। जिनमें म्यूजिकल चेयर, पेपर डांस, और टाइटलस दिए गए। जिसमें +2 कॉमर्स से मिस्टर कॉमर्स आर्यन, मिस कॉमर्स ईशा, मिस्टर फेयरवेल अंशुल व मिस फेयरवेल ऐश्वर्य को चुना। +2 आटर्स मिस्टर फेयरवेल परमिंदर, मिस फेयरवेल वांशिका, मिस्टर आर्टस वंश पूरी, मिस आटर्स अर्शिता, मिस्टर साईंस अनमोल अश्रोत्रा, मिस साइंस हरमन कौर, मिस्टर फेयरवेल शुभम सुर्याल, मिस फेयरवेल एकता को चुना गया। प्रधानाचार्य पुष्पेंद्र सिंह ने वच्चों को ज़विष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर स्कूल स्टॉफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### थ्रोबॉल प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

**बंगाणा।** सीनियर थ्रोबॉल खंड स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ बंगाणा के बोट गांव में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन समाजसेविका सीमा शर्मा ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन एवं खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। थ्रो बाल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष इन्दु बाला ने बताया कि खंड स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित बच्चों को जिला, राज्य और 47वीं सीनियर नेशनल प्रतियोगिता जोकि गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन गगन महल धमालगुंडा हिमायत नगर हैदराबाद तेलंगाना में 27से 29 अप्रैल को आयोजित होगी, में जाने का मौका मिलेगा।

### अपर कोटला कलां में आग से जलकर युवक की मौत

**ऊना।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती गांव अपर कोटला कलां में वीरवार शाम को एक युवक ने खुद को आग के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि इस मानसिक तौर पर विक्षिप्त युवक ने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। जब पड़ोसियों ने देखा तो उसके चिल्लाने की आवाज के साथ धुएं और आग की लपटें निकल रही थीं। यह युवक घटना के समय घर पर अकेला था। बताया जा रहा है कि मृतक 35 वर्षीय संजीव कुमार के पिता का देहांत पहले ही हो चुका है। उसका एक भाई सैलून चलाता है, जबकि माता किसी उद्योग में काम करती है। जैसे ही इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई दमकल कर्मियों ने पहुंचकर आग पर काबू करने का प्रयास किया लेकिन युवक की तब तक मौत हो चुकी थी। सदर पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई कर रही थी।

### युवक से 2.54 ग्राम चिट्टा बरामद

**गगरेट।** गगरेट पुलिस ने होशियारपुर रोड के बाबा इच्छाधारी मंदिर के समीप नाकाबंदी के दौरान एक युवक से चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने बाइक सवार 24 वर्षीय जसविंदर सिंह पुत्र स्व अजीत सिंह निवासी गांव झलेड़ा, डाकघर रैंसरी, सामने हिल व्यू कॉलोनी ऊना से 2.54 ग्राम चिट्टा बरामद करके आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

### युवाओं को बेहतर आपदा प्रबंधन के दिए टिप्स

**बंगाणा।** बेहतर आपदा प्रबंधन और प्रतिक्रिया के लिए युवा स्वयंसेवकों की टास्क फोर्स का निर्माण योजना के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन खंड विकास भवन बंगाणा में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 22 से 26 फरवरी तक चलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी सुभाष सिंह अत्री की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने लोगों को ज्यादा से ज्यादा आपदा प्रबंधन के प्रशिक्षण शिविरों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस प्रशिक्षण शिविर में ग्राम पंचायतों से आए 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया। शिविर के प्रथम दिन में प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण समन्वयक सुमन चाहल जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना द्वारा प्रतिभागियों को आपदा एवं आपदा प्रबंधन के मूल विषयों की जानकारी दी।

# चाकू से हमला करने वाले आरोपी के पुलिस को मिले अहम सुराग

## महिला के साथ पांच साल पहले हुई थी मुलाकत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

जिला मुख्यालय के समीप बसंत विहार कॉलोनी में सोमवार रात को दो लोगों पर कातिलाना हमला करने वाले आरोपी की महिला के साथ पांच साल पहले मुलाकात हुई थी। पुलिस ने आरोपी को लेकर कई अहम सुराग जुटा लिए हैं। पुलिस के हाथ आरोपी का मोबाइल भी लगा है। मोबाइल की सहायता से भी पुलिस उसके बारे में कई जानकारियां जुटा रही है। घटना के दिन भी वह व्यक्ति महिला के घर था और किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया था।

सूत्रों से जानकारी मिली है कि बसंत विहार कॉलोनी में खूनी वारदात को अंजाम देने वाले व्यक्ति की महिला के साथ वर्ष 2018-19 में जान पहचान हुई थी और उसका महिला के घर आना-जाना शुरू हो गया। वह मूल रूप से पंजाब के पठानकोट से संबंधित है। महिला को भी इस व्यक्ति के घर और परिवार के बारे में अधिक जानकारी नहीं है।

यह भी बताया जा रहा है कि आरोपी बेरोजगार है, जिसका कोई स्थायी ठिकाना भी नहीं है। जब उसने वारदात को अंजाम दिया तो भीड़ जमा होते देख फरार हो गया था जो अपना मोबाइल भी वहीं छोड़ गया था। इस मामले की जांच में लगी टीम ने उसके बारे में कई जानकारी जुटा ली हैं। इसमें यह भी पता चला है कि वह इस मामले में अग्रिम जमानत याचिका दायर करने का भी प्रयास कर रहा है। पुलिस द्वारा उसकी तलाश के लिए सभी जगह कड़ी नजर रखी हुई है। उसके मोबाइल की डिटेल को भी जांचा जा रहा है। पुलिस उसको काबू करने के लिए कई जगह दबिश दे रही है और लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।

**क्या है मामला**

**एक** व्यक्ति द्वारा रक्कड़ के समीप बसंत विहार कॉलोनी में दो लोगों पर चाकू से कातिलाना हमला किया था। हमलावर घटना को अंजाम देकर फरार हो गया है जिसकी तलाश के लिए पुलिस टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। अभी तक वह पुलिस के हाथ नहीं चढ़ पाया है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**साइबर क्राइम और ऑनलाइन फ्रॉड का नेटवर्क फैला**

# उच्च शिक्षित वर्ग भी हो रहा ठगी का शिकार

राजेश शर्मा, ऊना

क्रिप्टो करेंसी के नाम पर धोखाधड़ी के शिकार हुए हजारों लोगों के बाद साइबर क्राइम और ऑनलाइन फ्रॉड के बढ़ते मामलों ने हर वर्ग की चिंता को बढ़ा दिया है।

पढ़े लिखे लोग भी शातिर ठगों का शिकार हो रहे हैं। पिछले तीन सालों में हुए मामलों को देखें तो करीब आधा दर्जन सरकारी या प्राइवेट नौकरी कर रहे पढ़े लिखे लोगों को साइबर ठगी का शिकार होना पड़ा है। अधिकांश परिवारों में लगभग सभी सदस्य मोबाइल या कंप्यूटर का इस्तेमाल करते हैं। इस सप्ताह ही दो जेबीटी अध्यापिकाएं ऑन लाइन फ्रॉड का शिकार हुई हैं।



### ऑनलाइन गेम के नाम पर ठगी

इन दिनों मोबाइल के सोशल मीडिया साइट्स पर धड़ल्ले से कुछ पैसा कमाने वाली गेम से ठगी करने वालों की भरमार है। ठगी करने वाले कई ऑन लाइन ऐप का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### क्या कहते हैं अधिकारी

एसपी ऊना आरके सिंह ने इस बारे कहा कि ऑनलाइन पैसा कमाने का लालच देकर ठगी करने वालों का नेटवर्क फैल रहा है। किसी भी वित्तीय लेन देन के लिए आरबीआई की गाइडलाइंस को देखना चाहिए।

### कैसे बनाते हैं शिकार

आपको किसी अनजान नंबर से फोन आता है। वह व्यक्ति सबसे पहले आपके परिवार या किसी रिश्तेदार का परिचित होने का दावा करता है। आपके किसी अपने का नाम पता बताकर विश्वास बनाता है। आप सोच रहे होंगे कि शातिर ठग इतनी जानकारी कहां से जुटाते हैं इसमें हैरानी की कोई बात नहीं है। ऑनलाइन किसी भी मंच में वे बारीकी से आपकी मित्रता सूची और फ्रेंड लिस्ट का अध्ययन करते हैं। इसके साथ ही प्रोफाइल से डाटा लेकर जानकारी हासिल करके संबंधित व्यक्ति को अपने चंगुल में फांसते हैं। आपके खाते में विदेश से पैसा भेजने की रसीद जो फर्जी होती है उसका स्क्रीन शॉट शेयर करते हैं। इन ठगों का लंबा तंत्र होता है और कुछ मिनटों में ही ऐसी घटना को अंजाम दे डालते हैं।

### क्रिप्टो करंसी के नाम पर हो चुकी है ठगी

हिमाचल में क्रिप्टो करंसी के नाम पर 2,500 करोड रुपए का फ्रॉड हजारों लोगों के साथ हो चुका है। अधिकांश ऐसे लोग ठगी का शिकार हुए थे, जिनको वित्तीय प्रबंधन और वित्तीय व्यवस्था के बारे में कोई विशेष जानकारी ही नहीं थी। महज कुछ जालसाजों की बातों के चंगुल में फंसे लोग अपनी जिंदगी भर की कमाई लुटा चुके हैं। पुलिस ने जालसाजों से करोड़ों की संपत्ति भी जब्त की थी, लेकिन वह पर्याप्त नहीं थी।

# मजहब और भेदभाव से ऊपर उठकर युवा सेवा क्लब कर रहा सामाजिक कार्य

**स्वयंसेवी संस्था ने कराई निर्धन परिवार की शादी**

अनंत ज्ञान, ऊना

जिले में सैंकड़ों निर्धन परिवारों के लिए ऊना का युवा सेवा क्लब किसी फरिश्ते से कम नहीं है। निर्धन परिवारों के सहयोग और उत्थान के लिए इस क्लब ने कई तरह के प्रकल्प शुरू कर रखे हैं। ऐसे ही निर्धन परिवार की बेटी कन्यादान प्रकल्प में बुधवार को भी एक शादी कराई गई।

खास बात ये है कि कोई हिंदू है तो उसकी शादी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार अगर कोई सिख है तो उसकी शादी सिख रीति रिवाज के अनुसार करवाई जाती है। क्लब के प्रधान मोहनलाल मोहनी ने बताया कि लड़की वाले ऊना से हैं और लड़के वाले भी जिले के हीरा गांव से संबंधित हैं। इस शादी में एक्सियन रामपाल गुप्ता जो पटियाला से हैं विशेष तौर पर वर और वधू को आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित रहे। उन्होंने इस शादी का पूरा खर्चा उठाया। रामपाल ने दूल्हा दुल्हन को सुखमय जिंदगी व्यतीत करने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने बताया कि इस क्लब द्वारा लगभग 2000 से ऊपर शादियां करवाना एक बहुत बड़ा सराहनीय कार्य है जोकि आज के समय में किसी के लिए संभव बात नहीं है। रामपाल ने सभी क्लब मेंबर्स को भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी वे क्लब के लिए आवश्यक मदद करेंगे। वहीं दूसरी ओर नगर परिषद बसदेहड़ा पंचायत की चेयरपर्सन अंजू बाला ने अपने संबोधन में कहा कि वह कई वर्षों से इस क्लब के साथ जुड़ी है और यह क्लब लोक हित में बहुत भलाई का काम करता है। कोरोना काल में भी इन्होंने गरीबों की बहुत मदद की है। क्लब द्वारा शादी तो करवाई जाती हैं, लेकिन निर्धन परिवारों को राशन वितरण करवाना मेडिकल कैंप लगवाना, गरीब कन्याओं के लिए सिलाई मशीन में उपलब्ध करवाना, गांव में सिलाई सेंटर खोलना, बच्चों की पढ़ाई के लिए खर्च उठाना और भी कई ऐसे नेक कार्य हैं जिसमें यह क्लब बढ़ चढ़कर भाग लेता है। उन्होंने क्लब के प्रधान मोहनलाल मोहनी की जमकर सराहना की।



शादी के अवसर पर दूल्हा-दुल्हन के साथ मौजूद गणमान्य।

मोहनलाल मोहनी ने बताया कि किसी से भी कोई डोनेशन मांगकर नहीं ली जाती है। क्लब और इसके साथ जुड़े अनेकों मेंबर्स खुद ही यह सब खर्च उठाते हैं। मोहनी ने बताया लोक हित में कार्य करना यह हमारे बुजुर्गों से सीख मिली है। जिसका पालन हम आज तक करते आए हैं और सारी जिंदगी करते रहेंगे। उन्होंने बताया कि इंसान करने वाला कुछ नहीं होता करने वाला तो वह भगवान है जो इंसान में ऐसा जज्बा पैदा करता है कि वह लोकहित में कार्य करने के लिए विवश हो जाता है।

उन्होंने बताया कि हम अगर किसी गरीब कन्या की शादी करवाते हैं तो अच्छे होटल में धूमधाम से शादी का खर्च उठाया जाता है जिसमें बारातियों के लिए चाय नाश्ता का पूरा इंतजाम खाने में लगभग 8 से 10 सब्जियां चावल, पूरी, चपाती, मटर पनीर, शाही पनीर, मलाई कोफ्ता, मिक्स वेज, दही भल्ले, दाल मखनी, चीज चिल्ली, मंचूरियन, नूडल्स विभिन्न तरह के पकोड़े कई प्रकार की पकवान और पेय पदार्थ, आइस क्रीम समेत सभी इंतजाम किए जाते हैं। कोई हिंदू है तो उसकी शादी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार अगर कोई सिख है तो उसकी शादी सिख रीति रिवाज के अनुसार धूमधाम से कराई जाती है।

### निरंतर चलते रहेंगे क्लब के कार्य

क्लब के प्रधान मोहनलाल मोहनी ने बताया कि जब तक क्लब अस्तित्व में रहेगा तब तक यह कार्य निरंतर ऐसे ही चलता रहेगा। उन्होंने बताया की शादी में आए अतिथियों से कोई शगुन भी नहीं लिया जाता हालांकि ऊना के अंदर बहुत संस्थाएं हैं, लेकिन अपने अपने क्षेत्र में बेहतर काम कर रही हैं। बुधवार को हुई इस शादी के अवसर पर डॉ. सुरेश कुमार , राजेश सैनी, सुरजीत सिंह ठेकेदार, प्रदीप कुमार, बंटी, रजिंद्र सैनी, अरुण शर्मा, ज्ञान सिंह, जगदीश्वर कंवर, अश्विनी जैतक, अविनाश कपिला, डॉक्टर सुभाष, जगदीश राम माधव , शशि, निशा कुमारी, सुनीता, बिंद्रा कुमारी, सुरेखा, डॉ. कमल किशोर समेत कई मेंबर्स उपस्थित रहे।

# लोक निर्माण विभाग के मल्टी टास्क वर्कर्स हुए पाई-पाई को मोहताज

अनंत ज्ञान, गगरेट

लोक निर्माण विभाग के मल्टी टास्क वर्कर्स चार माह से मानदेय भुगतान का इंतजार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट में पूरी तरह से नजरअंदाज किए गए वर्कर्स इन दिनों पाई-पाई को मोहताज होकर रह गए हैं।

करीब 4500 रुपए प्रति माह में गुजर-बसर कर रहे पीडब्ल्यूडी के मल्टी टास्क वर्कर्स ड्यूटी पर पहुंचने के लिए बस किराया देने को भी मोहताज हैं। बेशक बजट में जल शक्ति विभाग के मल्टी टास्क वर्कर्स व पैरा-फिटर व अन्य वर्ग के मानदेय में पांच सौ रुपए की वृद्धि का मुख्यमंत्री द्वारा ऐलान किया गया है, लेकिन लोक निर्माण विभाग के एक वर्ग का कहीं जिक्र तक नहीं, उल्टा उन्हें समय पर तय मानदेय से भी वंचित रखा जा रहा है। इसे लेकर लोक निर्माण विभाग के मल्टी टास्क वर्कर्स में रोष पनप रहा है। जाहिर है कि रोजगार की तलाश व्यक्ति इसलिए ही करता है ताकि इससे होने वाली कमाई से वह अपनी जरूरतें पूरी कर सके। पहले ही प्रदेश सरकार मल्टी टास्क वर्कर्स को प्रदेश सरकार द्वारा तय की गई न्यूनतम दिहाड़ी से भी वंचित रख महज 4500 रुपए प्रति माह दे रही है। ऊपर से यह भी समय पर नहीं मिल रहे हैं। ऐसी स्थिति में मल्टी टास्क वर्कर्स कैसे गुजारा करते होंगे, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल काम नहीं है।

मुख्यमंत्री ने जल शक्ति विभाग में कार्यरत मल्टी टास्क वर्कर्स व अन्य वर्गों के मानदेय में पांच सौ रुपए प्रति माह बढ़ाने का ऐलान किया। हालात यहां तक बदतर हैं कि लोक निर्माण विभाग में कार्यरत मल्टी टास्क वर्कर्स को नवंबर माह से मानदेय तक नहीं मिला है। लोक निर्माण विभाग के दौलतपुर चौक मंडल के मल्टी टास्क वर्कर्स यूनियन के उपप्रधान गुरभजन सिंह ने प्रदेश सरकार से मल्टी टास्क वर्कर्स की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उनका रुका हुआ मानदेय जारी करने की मांग की है।

# चुनावों को लेकर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



**ऊना।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत जिला मुख्यालय ऊना में चुनावों से संबंधित जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर, एसैंबली स्तरीय मास्टर ट्रेनर, सेक्टर मजिस्ट्रेट, मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट टीम व व्यय निगरानी टीमों के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया, जिसका शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला प्रशासन ऊना द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनावी प्रक्रिया से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है अतिरिक्त उपायुक्त ने प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे इस महत्वपूर्ण कार्यशाला को गंभीरता से लें तथा इस दौरान अपनी सभी शंकाओं को स्पष्ट कर लें। उन्होंने कहा कि चुनावी ड्यूटी को संपूर्ण निष्ठा व ईमानदारी के साथ करे। इस अवसर पर विभिन्न उपमंडलों के सहायक निर्वाचन अधिकारी (एसडीएम), नोडल अधिकारी, सहायक व्यय पर्यवेक्षक, फ्लाइंग सर्विलांस टीम, स्टेटिक सर्विलांस टीम के अलावा कई अन्यअधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# छेत्रां पंचायत के गांव बीदरवाल में खोली जाएगी उचित मूल्य की दुकान

## इच्छुक 17 मार्च तक करें ऑनलाइन आवेदन

अनंत ज्ञान, ऊना

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा जिला के हरोली विकास खंड की ग्राम पंचायत छेत्रां के गांव बीदरवाल में उचित मूल्य की दुकान खोली जाएगी।

जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता ऊना राजीव शर्मा ने बताया कि उचित मूल्य की दुकानों के लिए सार्वजनिक संस्थान या सार्वजनिक निकाय जैसे ग्राम पंचायत, स्वयं सहायता समूह, सहकारी सभाएं, महिला मंडल व महिला संस्थाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त महिला एवं बाल विकास विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा परिभाषित एकल नारी, विधवा नारी जिसके बच्चे उस पर आश्रित हों, शारीरिक रुप से विकलांग व्यक्ति जोकि विकलांगता अधिनियम 1955 में परिभाषित किया गया है तथा उचिल मूल्य की दुकान को कुशलतापूर्वक संभालने में सक्षम हो, भूतपूर्वक सैनिक, शिक्षित बेरोजगार जिनके परिवार से कोई स्थाई नौकरी में कार्यरत न हो, ऐसे व्यक्तियों को द्वितीय प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा तृतीय प्राथमिकता हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक व्यक्ति उचिल मूल्य की दुकान के लिए 26 फरवरी से 17 मार्च तक ऑनलाइन emerginghimachal.hp.gov.in सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टमद्ध आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक पास होना अनिवार्य है तथा आयु सीमा 18-45 वर्ष होनी चाहिए।

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 01975-226016 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# रविदास के उपदेश समाज के कलयाण के लिए महत्वपूर्ण

अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक



श्री गुरु रविदास भारत के महान संतों में से एक हैं, जिन्होंने अपना जीवन समाज सुधार कार्य के लिए समर्पित कर दिया। श्री गुरु रविदास महाराज जी को बचपन से ही भक्तिभाव काफी पसंद था, बचपन से ही भगवान पूजा में उन्हें काफी रुचि थी, परंपराओं के अनुसार गुरु रविदास पर संत-कवि रामानंद का बहुत प्रभाव पड़ा। उनकी भक्ति से प्रेरित होकर वहा के राजा भी उनके अनुयायी बन चुके थे। आज भी सन्त रविदास के उपदेश समाज के कल्याण तथा उत्थान के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने अपने आचरण तथा व्यवहार से यह प्रमाणित कर दिया है कि मनुष्य अपने जन्म तथा व्यवसाय के आधार पर महान नहीं होता बल्कि विचारों की श्रेष्ठता, समाज के हित की भावना से प्रेरित कार्य तथा सद्व्यवहार जैसे गुण ही मनुष्य को महान बनाते हैं। रविदास जी का जन्म 15वीं सताब्दी के एक दलित परिवार में वाराणसी, उत्तर प्रदेश में हुआ था। उनकी माता का नाम माता कलसा देवी और उनके पिता का नाम संतोख दास जी था।

रविदास जी बचपन से ही भगवान के प्रति भक्ति उनके हृदय में थी। उन्होंने अनेक कष्ट सहकर भी मानव मात्र को सत्य, पवित्र, सुचारू और प्रगतिशील जीवन जीने की उत्तम सेंध थी। श्री गुरु रविदास जी अपनी सारी कमाई संगत और लंगर की सेवा में लगा देते थे। इसलिए उनके पिता जी ने गुरु रविदास जी को पारिवारिक जिम्मेदारियों का एहसास करवाने के लिए उनकी शादी करके उन्हें घर के पिछवाड़े में छोटी सी कुटिया बना दी, जो बाद में प्रसिद्ध और बड़ा आश्रम बन गया। उनकी यह स्पष्ट धारणा थी कि परमात्मा किसी जाति धर्म कौम की निजी सम्पति नहीं, ईश्वर का द्वार प्रत्येक मनुष्य के लिए खुला है।

**खेल** उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं संपन्न, विजेता खिलाड़ियों को मुख्यातिथि डॉ. सतीश ने किया पुरुस्कृत

# पुरुष में मोहित व महिला खिलाड़ी में रवीना सर्वश्रेष्ठ घोषित




विजेताओं को पुरस्कृत करने के पश्चात मुख्यातिथि और प्राचार्य सामूहिक चित्र में।

अनंत ज्ञान, ऊना

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना में 53वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी मोहित कुमार (बीए द्वितीय) तथा सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी रवीना कुमारी (बीए प्रथम) को घोषित किया गया। प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ियों को मुख्यातिथि महाविद्यालय के निवर्तमान प्राचार्य डॉ. सतीश कुमार बंसल ने पुरुस्कार वितरित किए।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीता शर्मा ने कहा कि छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिता में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। कॉलेज के मीडिया समन्वयक डॉ. के. के. पाण्डेय ने बताया कि इस वार्षिक खेल प्रतियोगिता की शुरुआत विभिन्न विभागों के छात्रों, एनसीसी कैडेट्स, रोवर्स रेंजर्स तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने मार्च पास्ट कर मुख्यातिथि को सलामी दी। महाविद्यालय केन्द्रीय छात्र परिषद की अध्यक्षा नेहा शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को शपथ दिलवाई। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी ऊना डॉ. उत्तम डौड सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### ये रहे खेलों के परिणाम

**लंबी कूद** (पुरुष वर्ग) में मनप्रीत (बीए प्रथम) प्रथम, जबकि रजत (बीए प्रथम) दूसरे स्थान पर और साहिल खान तीसरे स्थान पर रहे।

**डिस्कस थ्रो** (पुरुष वर्ग) में शिव शर्मा (बीए प्रथम) प्रथम, जबकि मयंक धानटा (बीए प्रथम) दूसरे तथा अनिल (बीए द्वितीय) तीसरे स्थान पर रहे।

**100 मीटर रेस** (पुरुष वर्ग) साहिल खान (एमबीए) प्रथम स्थान, कार्तिक (बीएससी द्वितीय) दूसरे स्थान तथा हर्ष (बीए प्रथम) तीसरे स्थान पर रहे।

**200 मीटर रेस** (पुरुष वर्ग) शिव शर्मा (बीए प्रथम) प्रथम स्थान, मनप्रीत (बीए प्रथम) दूसरे स्थान तथा कृति लाल (बीए प्रथम) तीसरे स्थान पर रहे।

**400 मीटर रेस** (पुरुष वर्ग) प्रथम, दूसरे स्थान तथा तीसरे स्थान पर रहे।

**800 मीटर रेस** (पुरुष वर्ग) में मोहित (बीए द्वितीय) प्रथम स्थान, अमन (बीए प्रथम) दूसरे तथा कार्तिक ठाकुर (बीए प्रथम) तीसरे स्थान पर रहे।

**1500 मीटर रेस** (पुरुष वर्ग) मोहित (बीए द्वितीय) प्रथम स्थान, पंकज (बी.काम प्रथम) दूसरे व कृति (बीए प्रथम) तीसरे स्थान पर रहें।

**शाटपुट** (पुरुष वर्ग) मयंक धानटा प्रथम, आशीष द्वितीय तथा रजत तीसरे स्थान पर रहे।

**जेवलिन थ्रो** (पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता में शिव शर्मा (बीए प्रथम) प्रथम, कृति लाल (बीए प्रथम) दूसरे तथा दिशांत (बीए तृतीय) तीसरे स्थान पर रहे।

**ऊंची कूद** (पुरुष वर्ग) में कार्तिक (बीएससी तृतीय) ने प्रथम, साहिल (एमबीए द्वितीय) द्वितीय तथा तीसरे स्थान पर मयंक (बीए तृतीय) रहे।

**डिस्कस थ्रो** (महिला वर्ग) विशाली (बीए प्रथम)प्रथम, रितु (बीए प्रथम) दूसरे स्थान तथा सुहानी (बीए प्रथम) तीसरे स्थान पर रही।

**लंबी कूद** (महिला वर्ग) काजल (बीए द्वितीय) प्रथम, निधि (बीए प्रथम) दूसरे स्थान पर और भावना (बीए प्रथम) तीसरे स्थान पर रही।

**जेवलिन थ्रो** (महिला वर्ग) कल्पना (बीए द्वितीय) प्रथम, प्रियंका (बीए प्रथम) दूसरे व विशाली (बीए प्रथम) तीसरे स्थान पर रही।

**शाटपुट** (महिला वर्ग) में कल्पना प्रथम, दूसरे स्थान पर सुश्री हिना व बेबी कुमारी तीसरे स्थान पर रही।

**100 मीटर रेस** (महिला वर्ग) गुरप्रीत कौर (बीए प्रथम) प्रथम, सीमा (बीए द्वितीय) दूसरे स्थान तथा बेबी कुमारी (बीए तृतीय) तीसरे स्थान पर रहीं।

**200 मीटर रेस** (महिला वर्ग) रविना (बीए प्रथम) प्रथम, काजल (बीए द्वितीय) दूसरे तथा निधि (बीए प्रथम) तीसरे स्थान पर रही।

**400 मीटर रेस** (महिला वर्ग) रविना (बीए प्रथम) प्रथम, निधि (बीए प्रथम) दूसरे तथा काजल (बीए द्वितीय) तीसरे स्थान पर रही।

**800 मीटर रेस** (महिला वर्ग) में रविना (बीए प्रथम) प्रथम, काजल (बीए द्वितीय) दूसरे तथा निधि (बीए प्रथम) तीसरे स्थान पर रही।

**1500 मीटर रेस** (महिला वर्ग) में रवीना (बीए प्रथम) प्रथम, काजल (बीए द्वितीय) दूसरे व निधि (बीए प्रथम) तीसरे स्थान पर रही।

**ऊंची कूद** (महिला वर्ग) में काजल (बीए द्वितीय) प्रथम, निधि (बीए प्रथम) दूसरे व सुहानी (बीए प्रथम) तीसरे स्थान पर रही।



# विधानसभा बजट सत्र 2024-25



विधानसभा बजट सत्र के दौरान विधायकों के साथ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू।

# हाथों में तख्तियां लेकर भाजपा ने लगाए कांग्रेस हटाओ-उद्योग बचाओ के नारे

## विधानसभा में बजट चर्चा पर मुख्यमंत्री के जवाब से पहले सदन के बाहर विपक्ष का हंगामा

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

बजट सत्र के आठवें दिन विपक्ष का सरकार पर हमला जारी रहा। गुरवार को नेता प्रतिपक्ष और विपक्ष के विधायकों ने उद्योगों के पलायन को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। इस दौरान विपक्ष के विधायक हाथों में तख्तियां लेकर विधानसभा पहुंचे और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

विपक्ष के विधायकों ने सदन के बाहर सरकार की नीतियों के चलते प्रदेश से उद्योगों के पलायन का आरोप लगाया। इस दौरान विपक्ष ने कांग्रेस हटाओ-उद्योग बचाओ का नारा दिया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि आज प्रदेश से उद्योग पलायन कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के चलते उद्योग हिमाचल प्रदेश से जा रहा है। मुख्यमंत्री को इस मामले में तुरंत संज्ञान देना चाहिए। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दुबई दौरे को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और उद्योग मंत्री इन्वेस्टर मीट के लिए दुबई गए, लेकिन इसका कोई ब्यौरा सरकार ने नहीं दिया। (अनंत ज्ञान)





विधानसभा बजट सत्र के दौरान परिसर में उद्योग बचाओ मुद्दे को लेकर प्रदर्शन और नारेबाजी करते भाजपा विधायक।

## दो लाख 42 हजार महिलाओं को इसी महीने से प्रतिमाह मिलेंगे 1500 रुपए: डॉ. शांडिल



**प्रदेश** में 2.42 लाख महिलाओं को इसी महीने से प्रतिमाह 1500-1500 रुपए मिलना शुरू हो जाएंगे। कांग्रेस विधायक चैतन्य शर्मा के सवाल का जवाब देते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने यह जानकारी दी। प्रतिमाह 1000 और 1150 रुपए की सामाजिक सुरक्षा पेंशन लेने वाली महिलाएं भी योजना में शामिल कर दी गई हैं। इस माह से इन्हें भी 1500 रुपए मिलेंगे। गुरुवार को कांग्रेस विधायक चैतन्य शर्मा के सवाल का जवाब देते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने यह जानकारी दी। विधायक सुधीर शर्मा के सवाल का लिखित जवाब देते हुए शांडिल ने बताया कि प्रदेश में सुख आश्रय योजना के तहत 15 जनवरी, 2024 तक विभिन्न मदों के तहत कुल 3926 बच्चे लाभान्वित हुए हैं। योजना के तहत 7,53,54,062 रुपए की धनराशि व्यय हुई है। विधायक जनकराज के सवाल का जवाब देते हुए शांडिल ने बताया कि 2011 की जनगणना के अनुसार प्रदेश में दिव्यांगों की संख्या 1,55,316 है। जिन दिव्यांगजनों ने प्रदेश सामाजिक सुरक्षा नियम 2010 के तहत दिव्यांग राहत भत्ता प्राप्त करने के लिए आवेदन किया है, उन सभी पात्र दिव्यांगजनों को चरणबद्ध तरीके से सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान की जा रही है। जनवरी 2024 तक 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले 74,551 व्यक्तियों को दिव्यांग राहत भत्ता प्रदान किया जा रहा है। वहीं, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने बताया कि गत वर्ष में सरकार ने प्रदेश में कोई भी नए मदरसों को खोलने की स्वीकृति प्रदान नहीं की है। भाजपा विधायक जनक राज के सवाल का लिखित जवाब देते हुए मंत्री ने बताया कि प्रदेश में पंजीकृत मदरसों की कुल संख्या दस है। पंजीकृत गिरिजाघरों की संख्या शून्य है।

## जेबीटी के 4109 पद रिक्त, बैचवाइज 1161 पद भरने की प्रक्रिया पूरी: रोहित ठाकुर



**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में जेबीटी के 4109 पद रिक्त हैं। विभाग द्वारा गत वर्ष से 15 जनवरी 2024 तक 367 जेबीटी के पद भरे गए हैं। विधायक इंद्र सिंह गांधी के सवाल का लिखित जवाब देते हुए जेबीटी के 1161 पदों को बैचवाइज आधार पर भरने के लिए प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। उच्च न्यायालय ने 20 नवंबर 2023 को निर्देश दिए हैं कि काउंसलिंग प्रक्रिया को जारी रखा जाए, लेकिन कोर्ट की अनुमति के बिना नियुक्ति प्रदान न की जाए। शिक्षा मंत्री ने बताया कि काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद राज्य स्तरीय मेरिट सूची तैयार की जा रही है।

## श्री नयना देवी जी रोपवे का टेकऑफ हिमाचल में ही बनेगा: राजेश धर्माणी



**आवास,** नगर एवं ग्राम योजना मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी के लिए प्रस्तावित रोपवे का टेक ऑफ प्वाइंट हिमाचल में बनेगा। धर्माणी ने वीरवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि इस रोप वे के निर्माण को लेकर पंजाब के साथ आ रही समस्याओं को देखते हुए मौजूदा सरकार नए सिरे से कंसलटेंट से रिपोर्ट तैयार करवा रही है और इस रिपोर्ट के आते ही परियोजना पर आगे का कार्य शुरू किया जाएगा। धर्माणी ने कहा कि पहले की रिपोर्ट के अनुसार इस रोपवे का टेक ऑफ प्वाइंट पंजाब के आनंदपुर साहिब में था। पच्छाद की विधायक रीना कश्यप द्वारा मूल प्रश्न के उत्तर में राजेश धर्माणी ने कहा कि हाब्बन से चूड़धार के लिए रोप वे प्रस्तावित है। इस परियोजना को केंद्र सरकार की पर्वतमाला परियोजना के तहत मंजूरी के लिए केंद्र को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से कुल 21 रोपवे परियोजनाएं पर्वतमाला योजना के तहत केंद्र को मंजूरी के लिए भेजी गई हैं।

## हिमकेयर योजना के मुद्दे पर तपा सदन

**शिमला।** हिमाचल में हिमकेयर योजनाओं की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, जिसके चलते मरीजों को उपचार नहीं मिल पा रहा है। कारण यह है कि हिमकेयर योजना के तहत देनदारियां 254.4 करोड़ रुपए हैं। यह प्रश्न सदन में भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज ने उठाया। विपक्ष ने इस दौरान इस मुदद्े पर सरकार घेरा। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी हिमकेयर को लेकर सवाल उठाए। वहीं, इस पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि हिमकेयर योजना के तहत देनदारियां 254.4 करोड़ रुपए तक पहुंच गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार योजना के महत्व को देखते हुए इन देनदारियों को अगले एक से दो माह में चुकता करने का प्रयास करेगी। वे विधानसभा में विधायक डॉ. जनक राज, रणधीर शर्मा, दीप राज, आशीष शर्मा और राकेश जम्वाल के संयुक्त सवाल का जवाब दे रहे थे। उधर, कांग्रेस सदस्य नंद लाल के सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि रामपुर विधानसभा हलके के खनेरी अस्पताल में विभिन्न श्रेणियों के 241 पद पद स्वीकृत हैं। इनमें से 83 पद खाली पड़े हैं। उन्होंने कहा कि सभी खाली पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है और खनेरी अस्पताल में दो माह में 80 फीसदी स्टाफ भर दिया जाएगा।

## जयराम के वार पर विक्रमादित्य ने किया पलटवार





**जयराम** ठाकुर ने कहा कि यह कहना गलत है कि मंडी के भूतनाथ पुल को वर्तमान सरकार ने ठीक किया है। उन्होंने कहा कि सुंदर सिंह ठाकुर को इस पुल को लेकर सोच-समझकर बात करनी चाहिए। भूतनाथ पुल डबल लेन है। इसे ठीक करने की बात कर रहे हैं, लेकिन यह बैठ गया है। इस पर बड़ी गाड़ियां नहीं जा रही हैं। सुंदर सिंह रोजाना पुल पर खड़े हो जाते हैं। इससे पूर्व बजट पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए सुंदर सिंह ने कहा कि भूतनाथ पुल को वर्तमान सरकार ने ठीक किया है। पहले इसकी दशा ठीक नहीं थी। मुख्य संसदीय सचिव की बात पर जयराम के आक्रमक होने के बाद विक्रमादित्य सिंह ने हस्तक्षेप कर कहा कि उनके विभाग से संबंधित पुल के बारे में जिक्र आया है। आपदा के समय सभी पुलों का सेफ्टी ऑडिट हुआ है और गाड़ियां चलने की अनुमति दी गई है। भूतनाथ पुल का एक हिस्सा धंस रहा था। बंगलूरू से एक एजेंसी से इसका सिक्योरिटी ऑडिट करवाया गया है, जब तक ऑडिट में स्पष्ट नहीं होता है, तब तक किसी के जीवन को खतरे में नहीं डाला जाएगा।

## विक्रमादित्य लग रहे संघ के स्वयंसेवक: रणधीर

**भाजपा** विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बीते दिन भगवान श्रीराम के बारे में बहुत अच्छी बातें कहीं। सुनने वालों को लग रहा था कि संघ के स्वयंसेवक और विश्व हिंदू परिषद के स्वयंसेवक हैं। अगर चाहते हैं कि राम राज्य चाहिए तो द्वार खुले हैं। आइए आपका स्वागत है।

## जगत सिंह नेगी की टिप्पणी पर सदन में हंगामा

**राजस्व** मंत्री जगत सिंह नेगी की टिप्पणी पर विधानसभा में सता पक्ष विपक्ष में हंगामा हुआ, जिस पर विपक्षी भाजपा ने नाराजगी जताई। यह हंगामा उस समय हुआ जब जगत सिंह नेगी बजट पर चर्चा के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से हिमाचल प्रदेश के प्रति उदासीन रवैया अपनाए जाने का आरोप लगाया। इस दौरान विपक्ष की तरफ से विपिन सिंह परमार, रणधीर शर्मा एवं डॉ. हंसराज सहित कई विधायक अपनी सीट से उठकर टिप्पणी करते देखे गए। इसके चलते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को बीच में हस्तक्षेप करना पड़ा, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

## क्रिप्टो करंसी के नाम पर ठगी: होशियार सिंह



**निर्दलीय** विधायक होशियार सिंह ने कहा कि क्रिप्टो करंसी के नाम पर हिमाचल के लोगों को ठगा गया है। उन्होंने कहा कि 2,500 करोड़ रुपए के इस घोटाले में सैकड़ों लोगों के साथ धोखा हुआ है। हिमाचल सरकार ने आरोपियों को पकडने के लिए एसआईटी बनाई है। ऐसे में आरोपियों को बक्शा नहीं जाना चाहिए तथा इसके लिए कानून बनाया जाना चाहिए।

## सत्ती ने कांग्रेस की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल



**भाजपा** विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट में कर्मचारियों को वित्तीय लाभ चरणबद्ध तरीके से दिए जाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि यह चरणबद्ध तरीका और व्यवस्था परिवर्तन उन्हें लोकसभा चुनाव में ले डूबेगा, जब नेताओं को बूथ तक से लीड नहीं मिलेगी। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के कामकाज सराहना की। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह छह बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे और दो बार हाइकमान की परवाह किए बिना मुख्यमंत्री बने थे। उन्होंने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के अयोध्या जाने पर खुशी जताई। उन्होंने प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थानों की बिगड़ी हालत पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कोरोना के समय में केंद्र ने एक हजार वेंटिलेटर हिमाचल को दिए। आज वह धूंल फांक रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस की डाइट मनी में पांच गुना बढ़ोतरी पर सीएम को कहा थैंक्स

**शिमला।** पुलिस विभाग के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की और डाइट मनी में पांच गुना बढ़ोतरी के लिए उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने इस बार के बजट में पुलिस कर्मियों की डाइट मनी को बढ़ाकर एक हजार रुपए करने की घोषणा की है। प्रतिनिधिमडल ने इसे ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि पूर्व में किसी भी सरकार द्वारा इस तरह का प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। इस अवसर पर विधायक संजय रत्न भी उपस्थित रहे।

### सीएम के आश्वासन पर आरकेएस कर्मचारी संघ ने वापस ली स्ट्राइक

**शिमला।** आईजीएमसी आरकेएस कर्मचारी संघ के प्रधान अरविंद पाल सरकार के मीडिया सलाहकार नरेश चैहान के साथ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से विधानसभा में मिले। इस मुलाकात में आरकेएस कर्मचारी संघ व सरकार के बीच मांगों को लेकर समझौता हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आश्वासन पर आरकेएस कर्मचारी संघ ने अपनी पेन डाउन स्ट्राइक वापस ले ली है। अब आईजीएमसी में सभी कार्य पूर्वावृत तरीके से प्रारंभ हो जाएंगे। अब आईजीएमसी में सभी व्यवस्था सुचारू रूप से शुरू हो जाएगी, जिससे मरीजों को अब कोई परेशानी नहीं होगी। आईजीएमसी व दंत महाविद्यालय कर्मचारी संघ के प्रधान हरिंद्र सिंह मैहता व महामंत्री हनिश ठाकुर व उनकी समस्त कार्यकारिणी ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया है।

### डॉक्टर्स ने सरकार को सामूहिक अवकाश की दी चेतावनी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश चिकित्सा अधिकारी संघ की बैठक संघ के अध्यक्ष डॉक्टर राजेश राणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी समिति के सदस्य, सभी जिला के पदाधिकारी, सभी स्वास्थ्य खंडों के पदाधिकारी मौजूद रहे। संघ ने ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ गवर्नमेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन का अपनी मांगों को लेकर समर्थन पत्र प्रदान करने के लिए हार्दिक धन्यवाद किया। ऑल इंडिया फेडरेशन का गवर्नमेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने हिमाचल के चिकित्सकों की मांगों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री एवं स्वास्थ्य सचिव को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने हिमाचल के चिकित्सकों को भी केंद्र सरकार के तर्ज पर डायनेमिक एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन स्कीम लागू करने के लिए अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि संघ को पांच मार्च तक वार्ता के लिए नहीं बुलाया जाता है या मांगों को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए जाते हैं, तो समस्त सदस्य सामूहिक अवकाश पर रहेंगे और संघ की बैठक में हिस्सा लेंगे।

### प्राइवेट वन डिपो से लाखों की अवैध खैर की लकड़ी बरामद

**पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब वन मंडल के तहत राजपुरा पंचायत के अंतर्गत प्राइवेट वन डिपो से अवैध तौर पर इकट्ठा की गई खैर की लकड़ी बरामद की गई है। आरोप है कि डिपो से मिली लकड़ी रिजर्व फॉरेस्ट से काटी गई है। इस कारण वन विभाग की कार्यशैली भी शक के दायरे में आ गई है। डिपो में तकरीबन दो पिकअप यानी लाखों रुपए से भी ज्यादा की खैर की लकड़ी बरामद की गई है। वहीं, अधिकारियों की मानें तो अभी तक इस लकड़ी के कागज आरोपी पेश नहीं कर पाया है। भाजपा नेता के डिपो से मिली लकड़ी रिजर्व फॉरेस्ट से काटी गई है। बता दें कि रिजर्व फॉरेस्ट में अवैध कटान की लगातार सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं। इस बारे में पांवटा साहिब के डीएफओ ऐश्वर्या राज ने बताया कि राजपुर क्षेत्र में खैर की लकड़ी बरामद की गई है, अभी तक वह कागज प्रस्तुत नहीं कर पाए हैं।

# राजनीति में पार्टी सर्वोपरिः सीएम सुक्खू

## बोले- हर्ष महाजन सोचते होंगे कि कांग्रेस पार्टी में उनके दोस्त

**अरविंद शर्मा, शिमला**



विधानसभा में गुरुवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने की। इस दौरान विधायकों के साथ राज्यसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई।

विधायक दल की बैठक में विधायक राजेंद्र राणा उपस्थित नहीं रहे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में एक सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा ने हर्ष महाजन को राज्यसभा का प्रत्याशी बनाया है, जिनका स्वागत है। सीएम ने कहा कि हमें पता है कि हर्ष महाजन अब भाजपा में चले गए हैं, वह सोचते होंगे कि कांग्रेस में उनके दोस्त हैं, तो दोस्त सभी जगह होते हैं, मगर राजनीति में पार्टी सर्वोपरि है। राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग को लेकर पूछे सवाल पर सीएम ने कहा कि यह भाजपा व हर्ष महाजन को भी पता होना चाहिए कि अब चुनाव का पैट्रन बदल चुका है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार अब वोट करने से पहले दिखाना पड़ता है। अब क्रॉस वोटिंग नहीं हो सकती, जो विधायक वोट नहीं दिखाएगा उसे पार्टी का एजेंट इनवेलिड करार कर देगा, ऐसे में विधायक दल की बैठक में विधायकों के साथ पूरी प्रक्रिया पर चर्चा की गई है। इस बैठक में तीन निर्दलीय होशियार सिंह, आशीष शर्मा और केएल ठाकुर शामिल थे, जिनका मुख्यमंत्री ने आभार जताया। (अनंत ज्ञान)

# चंडीगढ़ मेयर चुनाव के दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई हो: शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि छोटे से चंडीगढ़ के एक छोटे से चुनाव के कारण पूरे भारत में भाजपा का सिर नीचे हो रहा है। चंडीगढ़ मेयर चुनाव के दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई होनी चाहिए।

शांता कुमार ने गुरुवार को एक बयान जारी कर कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में जिन्होंने भी यह सब किया है, वे भाजपा के नहीं हो सकते। उनके विरुद्ध अतिशीघ्र कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। वह भाजपा के मित्र नहीं शत्रु हैं। शांता कुमार ने कहा कि आज भाजपा के प्रयास से पूरा भारत राममय हो रहा है। राम की अयोध्या पूरे विश्व का महातीर्थ बन गई है। भारत विकास की ऊंचाइयों को छू रहा है। इस प्रकार के वातावरण में चंडीगढ़ की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा को अतिशीघ्र दोषियों के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई करनी चाहिए कि भविष्य में कहीं पर कोई ऐसा साहस न करे।

## हैप्पी बर्थडे



चंबा के पूर्वांश को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



घुमारवीं के ललित चौहान व शांता को शादी की 22वीं सालगिरह पर बधाई।

## जेओएआईटी के अभ्यर्थियों को मिला माकपा का समर्थन

**शिमला।** माकपा का एक प्रतिनिधिमंडल राकेश सिंघा की अध्यक्षता में जेओएआईटी आंदोलनकारियों से चौड़ा मैदान शिमला में मिला व उन्हें पार्टी की ओर से पूर्ण समर्थन देने का एलान किया। प्रतिनिधिमंडल में राज्य सचिव डॉ. ओंकार शाद, किसान सभा अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह तंवर, सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, ऑल इंडिया ऑडिट एंड एम्प्लॉइज पेंशनर्स एसोसिएशन राष्ट्रीय महासचिव जगमोहन ठाकुर, पार्टी नेता डॉ. राजेंद्र चौहान, मेडिकल पेंशनर्स एसोसिएशन नेता महेश वर्मा व पार्टी कार्यालय सचिव राम सिंह शामिल रहे।

# भाजपा पंचायतीराज प्रकोष्ठ ने घोषित की प्रदेश की टीम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा पंचायतीराज प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अमर ठाकुर ने संसदीय क्षेत्र, जिला संयोजक, जिला सह संयोजक और कार्यसमिति सदस्य की घोषणा की। उन्होंने बताया की संसदीय क्षेत्र संयोजक शिमला अजय, हमीरपुर सोम दत्त, मंडी हेतराम और कांगड़ा पवन होंगे। कार्यसमिति सदय विवेक, राजेंद्र, पुष्प राज कात्यायन, संतोष, सरोज, सुभाष शर्मा, दलीप सिंह सिंगटा, ओंकार नाथ, विक्रम ठाकुर और वीरेंद्र होंगे।

जिला संयोजक और सह-संयोजक मंडी वेद प्रकाश, देवेंद्र, भेद राम ठाकुर, सुंदरनगर नील कमल, चेतन शर्मा, जीवानंद, कुल्लू ओम प्रकाश, हुकम चंद, चेतराम, किन्नौर शांता कुमार नेगी, गंगा राम नेगी, अजय नेगी, लाहौल-स्पीति राजेंद्र झेंग, चेतन दोरजे, संजीव कुमार, चंबा सोभिया राम धवन, बोध राज, सूरज शर्मा, नूरपुर सिकंदर राणा, करतार पठानिया, देवराज, कांगड़ा प्रदीप चैधरी, गुलशन कुमार, अजय आनंद, पालमपुर सामवेद, मिलाप चंद, रामधन, सोलन रमेश ठाकुर, भूप सिंह पंवर, संजीव ठाकुर, सोलन विजेश गुप्ता, रजनीश चैहान, राजन सिंह, ऊना विनय शर्मा, हरगुलशन राम चैधरी, अमरैल सिंह, शिमला जीत सिंह कंवर, ओम प्रकाश ठाकुर, प्रेम प्रकाश शर्मा, देहरा राजीव कुमार, राकेश गुलेरिया, मीनाक्षी शर्मा महासू शेर सिंह खुंद, कृष्ण चंद, बंटी चौहान, हमीरपुर अनिल परमार, प्रकाश चंद, गुरदीप सिंह, बिलासपुर अमर सिंह ठाकुर, अभिषेक चंदेल और तारा चंद होंगे।

# जेपी नड्डा सहित केंद्र के तीन मंत्री आज बिलासपुर में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

केंद्र से तीन मंत्री सहित भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शुक्रवार को बिलासपुर एम्स में पहुंच रहे हैं। एम्स में कैंसर रोगियों को उन्नत रेडियोथैरेपी उपचार प्रदान करने के उद्देश्य से एम्स में रेडिएशन ऑन्कोलॉली सेवाएं शुरू होने जा रही है।

इस सुविधा के साथ ही कई अन्य सुविधाओं का भी शुभारंभ केंद्रीय मंत्रियों द्वारा किया जाएगा। इसके लिए एम्स प्रशासन ने अपनी पूरी तैयारियां कर ली हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरण ऊर्जा मंत्री राज कुमार सिंह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया व केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर एक साथ बिलासपुर एम्स में पहुंच रहे हैं। एम्स में रेडियोथैरेपी विभाग अब लगभग 30 करोड़ रुपए की लागत वाली अत्याधुनिक मशीनरी से लैस होगा।

**शैक्षणिक भ्रमण**

## मुख्यमंत्री ने अध्यापकों के अंतरराष्ट्रीय भ्रमण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

# प्रदेश भर से 102 अध्यापक जाएंगे सिंगापुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अध्यापकों के अंतरराष्ट्रीय भ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रथम बैच में प्रदेश भर से चयनित 102 अध्यापकों को पांच दिवसीय भ्रमण पर भेजा जा रहा है, जो 24 फरवरी को सिंगापुर के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री ने चयनित अध्यापकों को विदेश भ्रमण की किट्स भी प्रदान कीं। उन्होंने कहा कि 15 मार्च को 98 अध्यापकों का दूसरा बैच अंतरराष्ट्रीय भ्रमण पर भेजा जाएगा। सभी चयनित अध्यापकों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विदेश में प्रशिक्षण के दौरान उन्हें शिक्षा क्षेत्र की नई तकनीकों से अवगत होने का अवसर प्राप्त होगा।

शिक्षा के नए तौर-तरीकों को जानकर अध्यापक और छात्रों के बीच बेहतर समन्वय होने से छात्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के मामले में 18वें स्थान पर खिसक गया है। वर्तमान राज्य सरकार शिक्षा में सुधार लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, ताकि विद्यार्थी भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप सक्षम बन सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खोले जा रहे राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल शिक्षा में गुणात्मक सुधार की दिशा में एक अनूठी पहल है और आने वाले दस वर्षों में ये स्कूल सबसे बेहतर शैक्षणिक केंद्र बनकर उभरेंगे, जहां शिक्षा के साथ-साथ खेलों के लिए भी पर्याप्त सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र से सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी मीडियम में पढ़ाई होगी। स्कूलों को स्मार्ट यूनिफॉर्म चुनने का अधिकार दिया गया है तथा क्लस्टर बनाकर संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के दूसरे बजट में आत्मनिर्भर हिमाचल की सोच प्रस्तुत की गई है, जिसके सकारात्मक परिणाम आगामी वर्षों में दृष्टिगोचर होंगे। नई नीतियों व कड़े फैसलों से हिमाचल प्रगति पथ पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि नाजुक आर्थिक स्थिति के बावजूद प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास जारी हैं, ताकि कर्ज पर निर्भरता को कम से कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों को चार प्रतिशत महंगाई भत्ते की घोषणा की है। पुरानी पेंशन को भी बहाल किया गया है, जिससे लाखों सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिला है। यही नहीं, राज्य सरकार ने अगले वित्त वर्ष से प्रदेश के कर्मचारियों को अपने सेवाकाल में कम से कम दो बार एलटीसी सुविधा प्रदान करने की घोषणा की है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है जब शिक्षकों का पहला बैच अंतरराष्ट्रीय भ्रमण पर रवाना होने जा रहा है। इससे अध्यापकों को शिक्षा की नई पद्धतियां जानने का अवसर मिलेगा।

## रोहित ठाकुर बोले- आज का दिन ऐतिहासिक

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है, जब शिक्षकों का पहला बैच अंतरराष्ट्रीय भ्रमण पर रवाना होने जा रहा है। इससे अध्यापकों को शिक्षा की नई पद्धतियां जानने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा गठन के बाद से ही शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (आईटी एवं नवाचार) गोकुल बुटेल, शिक्षा सचिव राकेश कंवर, उपायुक्त अनुपम कश्यप, राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा राजेश शर्मा, निदेशक उच्चतर शिक्षा अमरजीत शर्मा तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## छेड़छाड़ के दो दोषियों को तीन साल की सजा

**हमीरपुर।** जिला सत्र न्यायालय हमीरपुर में न्यायिक मजिस्ट्रेट शविक घई प्रथम श्रेणी कोर्ट नं. तीन में आरोपी ओम प्रकाश पिंकडा पुत्र परमानंद चैकस निवासी डोहग और ओम प्रकाश पुत्र धनी राम निवासी हौड़ तहसील भोरंज को दोषी ठहराया है। इन दोनों आरोपियों को दोषी पाए जाने पर सजा सुनाई गई है। सहायक लोक न्यायवादी रितिका तेजटा ने बताया कि 29.07.2015 को लगभग तीन बजे दो लोगों ने पीड़िता के घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ की। दोषियों को आईपीसी की धारा 451 के तहत दो वर्ष का साधारण कारावास 1000 रुपए जुर्माना, आईपीसी की धारा 323 के तहत एक वर्ष का साधारण कारावास एवं 1000 रुपए का जुर्माना, आईपीसी की धारा 354 के तहत तीन वर्ष का साधारण कारावास एवं 3000 रुपए का जुर्माना। आईपीसी की धारा 354 ए के तहत एक वर्ष का साधारण कारावास एवं 1000 रुपए का जुर्माना, आईपीसी की धारा 504 के तहत दो वर्ष का साधारण कारावास एवं 1000 रुपए का जुर्माना, आईपीसी की धारा 506 के तहत दो वर्ष का साधारण कारावास एवं 1000 रुपए का जुर्माना व आईपीसी 509 के तहत तीन वर्ष का साधारण कारावास एवं 1000 रुपए का जुर्माने की सजा सुनाई है।